हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 23.10.2023 वर्ष 10, अंक 290
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सूचना**

प्रभात मंत्र के सभी पाठकों, शुभचिंतकों, हॉकरो व विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर प्रभात मंत्र कार्यालय में दिनांक 23 व 24 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 26 अक्टूबर को प्रकाशित किया जायेगा।

व्यवस्थापक

**नवमी सिद्धिदात्री**



दुर्गा माता का यह नवां रूप है। इनका पूजन करने सभी प्रकार की सिद्धियों की प्राप्ति होती है, इसलिए ही इनका सिद्धिदात्री देवी पड़ा है। नवरात्रि के अंतिम दिन सिद्धिदात्री देवी का पूजन कर भक्त सभी प्रकार के सुख, सौभाग्य की प्राप्ति करते हैं।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

# हर ओर माता रानी की गूंज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गांव से लेकर शहर और राजधानी तक यानी हर ओर माता रानी की गूंज सुनाई दे रही है। हर कोई मां की भक्ति में लीन हैं। हर घर और पूजा पंडालों में भक्त अपनी मन्नते मांग रहे हैं। शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन रविवार को मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं भक्त अलग-अलग पूजा पंडाल में दुर्गा मां की प्रतिमा की पूजा भी कर रहे हैं. शाम को ही संधि पूजा हुई. माता के जयकारे से शहर का कोना-कोना गूंज रहा है। चारों ओर भक्ति की बयार बह रही है। हर कोई भक्त देवी की भक्ति में मगन हैं। घर-घर देवी की उपासना के अलावा मंदिरों में भी जमकर भक्तिरस बरस रहा है। सुबह से ही भक्तों की भीड़ शहर के देवी मंदिरों में लग रही है। रांची के सभी पूजा-पंडालों के पट खुल गए हैं। मां के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर में चारों तरफ आरती और घंटी की ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना रही है। आम तौर पर पूजा-पंडालों में भक्तों की भीड़ सप्तमी से होती है लेकिन इस साल षष्ठी से ही मंदिरों और पंडालों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु देर रात तक एक पंडाल से दूसरे पंडाल जाकर माता का दर्शन कर रहे हैं। इसके बाद लोग मेला का भी जमकर लुत्फ उठा रहे हैं।

**रांची के इन पूजा पंडालों में उमड़ रही भीड़ :** रांची के सबसे ज्यादा भीड़ बकरी बाजार, राजस्थान मित्र मंडल, रातू रोड आरआर स्पोर्टिंग क्लब, सत्य अमर लोक, हरमू पंच मंदिर, बांधगाड़ी,गीतांजलि क्लब मोरहाबादी, त्रिकोण हवन कुंड सुभाष चौक, सत्य अमरलोक हरमू रोड, हर्षनाथ शाहदेव दुर्गा पूजा कटहल मोड़, मां भवानी युवा क्लब पिस्का मोड़ श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, सेक्टर 3 धुर्वा, विशाल क्लब मल्लाह टोली मेन रोड,मां भवानी क्लब लटमा, सिंह मोड़ हटिया, वृंदावन कॉलोनी चिरौंदी, ज्योति संगम दुर्गा पूजा मारवाड़ी स्कूल, हिंदपीढ़ी पूजा कमेटी, श्री श्री देवी मंडप दुर्गा पूजा समिति रातू, नामकुम नवयुवक संघ, हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा, श्री श्री नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति नीचे बाजार, गुदरी, युवा विकास दुर्गा पूजा राजभवन, सनातन नवयुवक संघ, हिनू, यंग मोनार्क दुर्गा पूजा, बरियातू, शिवालय दुर्गा पूजा समिति, हेहल इटकी रोड, श्री श्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा दीपाटोली, एचबी रोड, नवयुवक संघ दुर्गा पूजा लोअर चुटिया, जगन्नाथ नगर दुर्गा पूजा सेक्टर 2 राजेंद्र भवन, धुर्वा, कला संगम ढिबरी बाजार, देवी मंडप दुर्गा पूजा एदलहातु, मोरहाबादी में देखी जा रही है।दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल के साथ आसपास की सड़कों की भी सजावट की गई है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाये गए हैं, जिस पर इलेक्ट्रिक लाइट की कलाकृति की गई है।

## अष्टमी पर पूजा पंडाल में उमड़ी भक्तों की भीड़

दुर्गा पूजा अष्टमी के दिन पलामू के लोग मां दुर्गा की भक्ति में लीन रहे। हर तरफ मां के जयकारे गूंज रहा हैं। नवरात्र के पावन दिनों में हर कोई मां को प्रसन्न कर खुशहाली की दुआ मांग रहा है। रविवार को महाअष्टमी पर दुर्गा पूजा पंडालों में अपराह्न 5:25 बजे संधि पूजा की गई। मां दुर्गा को 108 सरसों के तेल के दीप केले के पत्ते पर रखकर चढ़ाए गए।नवरात्रि की महा अष्टमी तिथि रविवार को मां दुर्गा के महागौरी रूप की पूजा की गई।रविवार की शाम 5:25 बजते ही श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। सभी पूजा पंडालों में संधि पूजा को आने वाली महिला श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना को ले उचित व्यवस्था की गई थी।महाअष्टमी पर मां दुर्गा की आठवीं रूप महागौरी देवी की पूजा अर्चना भक्तों ने श्रद्धाभाव से की. मां के चरणों में भक्तों ने माथा टेक आशीर्वाद लिया. इस दौरान भक्तों ने विधिवत पूजा अर्चना कर पुष्पांजलि अर्पित कर मन्नतें भी मांगी। जिले के विभिन्न पूजा पंडालों और मंदिरों में रविवार की सुबह से ही महाष्टमी की पूजा शुरु हुई जिसको लेकर भक्तों की भारी भीड़ रहा।महाष्टमी की पूजा दिनभर चली. संध्या पर संधि बलि दी गई, जिसके बाद महानवमी पूजा आरंभ हुआ।वही शहर के बंगाली एसोसिएशन दुर्गा बाड़ी और ग्रामीण इलाको में दुर्गा मंदिर सहित सभी पूजा पंडालों में भी भारी भीड़ रही. सुबह से ही नए परिधान में सजी महिलाएं और बच्चों का पंडालों में पहुंचना शुरू हो गया था। ढाक, ढोल, शंख ध्वनि के बीच मां की आराधना पूरे शहर में भक्तिमय हो उठा।

### भक्तिमय हुआ लातेहार, पूजा पंडालों में उमड़े श्रद्धालु

जिला मुख्यालय लातेहार मे विभिन्न पूजा पंडालों का पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल गए है।रविवार को नवरात के अष्टमी तिथि को सभी पूजा पंडालों मे पूजा अर्चना की गई। सभी पूजा पंडालों के मुख्य यजमान की उपस्थिति में विभिन्न पुरोहित द्वारा पूजा अर्चना कराई गई।अष्टमी की पूजा दिन भर देखी गई। जहां महिलाएं द्वारा नियम पूर्वक पूजा अर्चना कर समर्थ अनुसार दान दक्षिणा की गई।इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता से सुख समृद्धि की कामना की। यहां बताते चलें की मुख्यालय में विभिन्न पूजा पंडालों में पूजा समिति द्वारा आकर्षक पंडाल बनाए गए है। जिसमें काली मंदिर पुराना बस स्टैंड,ब्लॉक कॉलोनी,राजा दुर्गा बाड़ी अंबा कोठी,वैष्णव दुर्गा मंदिर थाना चौक,सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति करकट, सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति होटवाग,नवयुवक संघ नवरंग चौक, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नीचे मोड़ रेलवे स्टेशन,सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति रेलवे क्रॉसिंग समेत अन्य पूजा पंडाल शामिल है। जहां प्रतिमा स्थापित की गई।



### बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने दबाव से तूफान की आशंका

**भुवनेश्वर.** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना दबाव 24 अक्टूबर तक कम तीव्रता वाले चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है. यह जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को दी.आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि यह दबाव ओडिशा के पारादीप से लगभग 610 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है. इसमें कहा गया है, इसके अगले 24 घंटे में गहरे दबाव में तब्दील होने की संभावना है. यह उसके अगले 12 घंटे में उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और फिर अगले तीन दिनों में बांग्लादेश-पश्चिम बंगाल तटों की ओर बढ़ेगा.क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने बताया कि एक चक्रवाती तूफान बनने की आशंका है, लेकिन इसके बहुत कमजोर रहने की संभावना है. इसका ओडिशा पर मामूली प्रभाव पड़ेगा, जिससे हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होगी.समुद्र में यह राज्य के तट से लगभग 200 किलोमीटर दूर होगा.पश्चिम मध्य और इससे सटे पूर्व मध्य और दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में 50-60 किमी प्रति घंटे से लेकर 70 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवा चलने की संभावना है. आईएमडी के मुताबिक दक्षिणपूर्व और उसके करीब की मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र कोमोरिन इलाके के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मजबूत हो गया है. इसके असर से तमिलनाडु और केरल में पूर्वोत्तर मॉनसून की बारिश शुरू हो गई है.

## क्विक न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट ने नवजात की हत्या की दोषी महिला को किया बरी, कहा- अपराध का कोई ठोस सबूत नहीं

**नई दिल्ली :** सर्वोच्च न्यायालय ने नवजात बच्चे की हत्या के मामले में निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराई गई एक महिला को यह कहते हुए बरी कर दिया कि उसका अपराध साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी को उम्रकैद की सजा सुनाने के लिए निर्णायक सबूत की आवश्यकता होती है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा, एक महिला पर बिना किसी उचित सबूत के बच्चे की हत्या करने का दोष मढ़ना सांस्कृतिक रूढ़ियों और लैंगिक पहचान को मजबूत करता है।

### पीएम मोदी समेत बीजेपी के अन्य नेताओं ने गृह मंत्री अमित शाह को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को अपना 59वां जन्मदिन मनाया. इस मौके पर उन्होंने हर ओर से बधाइयां मिली. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं. पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट लिखते हुए कि अमित शाह जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं. वह भारत की प्रगति और गरीबों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर उत्साहित हैं.

### सियाचिन में देश के पहले अग्निवीर की शहादत, सेना ने अक्षय के बलिदान को किया सलाम

**नई दिल्ली :** सियाचिन में ड्यूटी के दौरान एक अग्निवीर की मौत हो गई. सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने रविवार को यह जानकारी दी. सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और बल के सभी रैंक के कर्मियों ने महाराष्ट्र के अग्निवीर गवते अक्षय लक्ष्मण की मौत पर शोक व्यक्त किया है.काराकोरम पर्वतीय श्रृंखला में लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन हिमनद को दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है जहां सैनिकों को अत्यधिक ठंड और तेज हवाओं से जूझना पड़ता है. अभी यह पता नहीं चल पाया है कि लक्ष्मण की मौत का कारण क्या है.

### मणिपुर में हथियार, गोला-बारूद व विस्फोटकों के साथ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने इम्फाल-पश्चिम जिले में छापा मारकर तमाम हथियार,गोला-बारूद, विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस ने यहां से एक उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस ने रविवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल-पश्चिम, काकचिंग, थौबल और चुराचांदपुर जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस ने इम्फाल-पश्चिम जिले से एक भूमिगत समूह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकी पहचान को गुप्त रखा है।

## फिलिस्तीन के आम लोगों की मदद के लिए आगे आया भारत

* हवाई मार्ग से भेजी दवाएं और राहत सामग्री



एजेंसी

**नई दिल्ली :** इजरायल और हमास के बीच युद्ध पिछले कई दिनों से युद्ध जारी है। इस युद्ध की वजह से तमाम आम लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। हजारों लोगों का घर उजाड़ गया है। खाने के लिए खाना नहीं है और प्यास बुझाने के लिए साफ पानी की भारी किल्लत है। लोग खुली सड़कों पर सोने को मजबूर हैं। इसी बीच फिलिस्तीन के आम नागरिकों की मदद के लिए भरत आगे आया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने रविवार को कहा कि भारत ने फिलिस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजी है, जिसमें चिकित्सा सहायता और आपदा राहत सामग्री शामिल है। अरिंदम बागची ने बताया कि चिकित्सा आपूर्ति में आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं और आपातकालीन चिकित्सा स्थितियों से निपटने के उद्देश्य से सुरक्षात्मक और सर्जिकल वस्तुएं शामिल हैं। इसके साथ ही तत्काल राहत के लिए मानवीय सहायता में तरल पदार्थ और दर्द निवारक दवाओं को शामिल किया गया है। लगभग 32 टन वजनी आपदा राहत सामग्री में टेंट, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, जल शोधन गोलियां आदि शामिल है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि भारत राहत सामग्री लेकर भारतीय वायुसेना का सी 17 विमान सुबह 8 बजे हिंडन एयरबेस से रवाना हुआ। यह दोपहर में मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे पर उतरा। यहां से ट्रकों की मदद से आगे राहत सामग्री पहुंचाई जाएगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अरिंदम बागची ने कहा,भारत फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेज रहा है। फिलिस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री लेकर।आईएएफ का विमान सी-17 मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गया है।


## रांची पहुंची जापान की महिला हॉकी टीम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक रांची में झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 आयोजन हो रहा है. रांची के मोरहाबादी स्थित हॉकी मैदान में मैच खेले जाएंगे. चैंपियनशिप में भाग लेने टीमों का आगमन शुरू हो गया है. रविवार को जापान की टीम रांची पहुंची. रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जापान टीम का जोरदार स्वागत किया गया. जिसे देखकर जापानी खिलाड़ी भी काफी रोमांचित हुए. पारंपरिक नृत्य, ढोल-नगाड़े के साथ खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया. झारखंडी गीतों पर जापानी खिलाड़ी भी खूब नाचे.बता दें कि पहली बार रांची में इंटरनेशनल स्तर की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है. 27 से 5 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीम हिस्सा ले रही है. ये टीम हैं कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान,चीन और भारत.



**संक्षिप्त खबरें**

## श्रीमद्भागवत साप्ताहिक कथा का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के पिपरा गांव में पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार की रात समापन हो गया। अंतिम दिन कथावाचक आचार्य ईश्वरी दयाल जी महाराज ने कथा का सारांश कर जीवन को जीने की कला समझाई। उन्होंने बताया कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है। उन्होंने मार्मिक एवं भावपूर्ण ढंग से कृष्ण और सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के श्रीकृष्ण ने गरीब सुदामा का उद्धार किया । इस दौरान काफी संख्या में भक्तजनों ने पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। वहीं रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में गांव सहित घाघरा, पिपरा, विशुनपुर, कोसडीहरा, खाप कटैया समेत कई गांव के श्रद्धालु भक्तगण शामिल हुए। और प्रसाद ग्रहण किया।

# धूमधाम से मनाया गया दुर्गा पूजा का अष्टमी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र सहित सड़मा, मसीहानी, मदनपुर, बैरियाडीह, रामगढ़ आदि गांव में दुर्गा पूजा का भक्तिमय से रंगा हुआ है जिसमें विभिन्न आकृति के खूबसूरत पंडाल बनाया गया है छतरपुर ठाकुरबारी मंदिर में केदारनाथ मंदिर का आकृति, बाजार परिसर में अयोध्या राम मंदिर, रामगढ़ में इसरो चंद्रयान, ख़ाटिन में राष्ट्रपति भवन आकृति का पंडाल बनाया गया है महाष्टमी के मौके पर ठाकुरबाड़ी में शस्त्र पूजा का आयोजन हुआ दुर्गावाहिनी की बहनों के नेतृत्व में पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी, अरविन्द गुप्ता चुनमून, थाने के एसआई प्रियरंजन कुमार, अजित कुमार, विजय कुमार, जय कुमार गुप्ता, मनोज जायसवाल शामिल हुए। सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से पूजा मनाने की अपील की। महिला थाना प्रभारी ने शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी से शांतिपूर्ण पूजा मनाने की अपील की। वहीं अरविन्द गुप्ता ने संचालन करते हुए पूजा के अवसर पर इलकके के विकास का संकल्प लेने का आह्वान किया। सभी शस्त्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और रक्षा सूत्र बांध कर पुरोहित पंकज मिश्रा द्वारा उनका पूजन कराया गया। वहीं बजरंग दल के सोनू सिंह, ऋषभ कुमार गुप्ता, टोन चंद्रा, अंकित कुमार, नंदन गुप्ता, युवा जन जागृति मंडल के रौशन कुमार, अभिषेक, मृणाल, प्रितम, आकाश चंद्रा रॉकी, डब्लू चंद्रा, आयुष सहित सैकड़ो धर्म प्रेमी मौजूद थे। इस मौके पर माता के जयकार से पूरा इलाका गुंजायमान रहा।

## पर्यावरणविद कौशल को किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के शिवाय ब्लू होटल में आयोजित डांडिया नाईट का उद्घाटन निगम के प्रथम मेयर अरुणा शंकर, छतरपुर के डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 57 वर्षों से देश विदेश के कई राज्यों में उल्लेखनीय कार्य के लिए कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि नगर निगम के प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सह बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव व छतरपुर ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डांडिया सम्मेलन में पर्यावरणविद ने कहा कि आज समाज के अधिकांश लोग प्रदूषण की चपेट में हैं और अपने दैनिक कार्यों के निष्पादन में काफी परेशान व तनाव में है। वैसी स्थिति में कला संस्कृति सम्मेलन तनावों व तन और मन का प्रदूषण को दूर करने में कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर के कई हस्तियों को भी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## महानिशा पूजा में जुटे श्रद्धालु



**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांकी प्रखंड के श्री राम जानकी मंदिर में अष्टमी तिथि पर शनिवार की रात महानिशा पूजा की गई। पूजा में शामिल होने के लिए माताओं एवं बहनों सहित श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लोग अपने घरों से 108 दीपक लेकर महानिशा पूजा दीप यज्ञ में शामिल होकर मां के समक्ष अपना दीप प्रज्वलित कर सुखमय जीवन की कामना किए। पूजा से पूर्व बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा गंगा आरती के तर्ज पर मां अंबे की भव्य आरती का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोग घंटों मंत्र मुग्ध होकर मां अंबे का जयकारा लगाते नजर आए इस। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु भाग लिए।

## कार दुर्घटना में मृत व घायल के परिजनों से मिले विधायक, की मदद



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटना में मृत व घायलों के परिजनों से उनके गांव पहुंच कर रविवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह मिले। उन्होंने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया व परिजनों से इस दुःख की घड़ी में धैर्य से काम लेने की सलाह दी। उन्होंने पीड़ित परिवार को घटना स्थल से शव को गांव लाने में आर्थिक सहायता भी की। उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाया व घायल बच्चों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। उन्होंने कहा कि वह यूपी सरकार से मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा व घायलों का समुचित उपचार कराने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में यूपी व झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। मालूम हो कि दिल्ली से अपने बहनोई के श्राद्ध कर्म में आने के दौरान हुसैनाबाद के कचरा गांव निवासी बैठा परिवार के पांच लोगों की मौत कार दुर्घटना में यमुना एक्सप्रेसवे पर हो गई है।

## जिला पार्षद ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड के सरजा में स्वतंत्रता सेनानी स्व भागीरथी सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय थे लेकिन कुछ कारण के वजह से नहीं आ सके उनके अनुपस्थित में मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला परिषद छोटन सिंह खरवार, विशिष्ट अतिथि विश्वास सिंह, समाजसेवी - उपेंद्र सिंह खरवार, विनोद सिंह, रामगढ़ प्रमुख प्रेमनी देवी, पूर्व मुखिया महेन्द्र सोनी, उल्डांडा पंचायत मुखिया राजकुमारी देवी, लीलावती देवी एवं सभी अतिथि एक साथ मिलकर फीता काटक मैच का शुभारंभ किये। छोटन सिंह ने खिलाड़ी को शिक्षा के साथ खेल का भी प्रशंसा किये। विशिष्ट अतिथि विश्वास सिंह ने कहा स्व0 भागीरथी सिंह के विचारों को सम्मान करते हुए समिति को धन्यवाद दिये। समिति अध्यक्ष पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष दीनानाथ सिंह, सचिव विशाल कुमार भुईहर, उपाध्यक्ष श्रवण बड़ा, उपकोषाध्यक्ष अशोक भुईहर, उपसचिव प्रदीप सिंह, मंत्री श्यामबिहारी सिंह, महामंत्री फागु सिंह खरवार, सेरका के गौवा दिलचंद सिंह जयराम सिंह, अभिषेक गुप्ता, दसरथ सिंह एवं सैकड़ो लोगों उपस्थित हुए।

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बड़े वाहनों के लिए किया गया मार्ग परिवर्तित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय के ग्राम पाल्हे-जतपुरा में होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ट्रैफिक रूट में कई बदलाव किए गए हैं। इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि महायज्ञ को लेकर 23 से 28 अक्टूबर तक बड़े और व्यवसायिक वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तित किया गया है। गढ़वा की ओर से आने वाले बड़े और व्यवसायिक वाहन रमना थाना मोड से विशुनपुरा रोड होते हुए नगर उंटारी ब्लॉक मोड़ के रास्ते भवनाथपुर मोड के रास्ते यूपी की ओर जाएगी। वही इसी तरह यूपी की ओर से आने वाले बड़े वाहन भवनाथपुर मोड से ब्लॉक मोड़ होते हुए विशुनपुरा के रास्ते रमना जाएगी। 23 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक महदेइया से रमना थाना मोड़ तक बड़े वाहनों के लिए नो एंट्री होगी। वही 24 से 25 अक्टूबर तक सुबह 4 बजे से रात 12 बजे तक महदेइया से थाना मोड़ रमना तक नो एंट्री होगी। 26 से 28 अक्टूबर तक भवनाथपुर मोड़ से रमना थाना मोड़ तक बड़े व व्यवसायिक वाहनों के लिए नो एंट्री होगी। एसडीपीओ ने बताया कि छोटी सवारी (जो यज्ञ में शामिल नही होंगे) वाहन के लिए बहियार से रूट परिवर्तित किया गया है। बहियार मोड़ से अधौरा होते हुए गिरिवर पांडेय चौक के रास्ते छोटे यात्री वाहन चलेंगे।एसडीपीओ ने बताया कि गढ़वा की ओर से यज्ञ में आने वाले वाहनों के लिए जतपुरा हाइस्कूल के पूरब में खाली स्थान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं नगर उंटारी की ओर से आने वाले चार पहिया वाहनों के लिए यज्ञ मंडप के सामने व बाइक के लिए प्रवचन पंडाल के सामने बनाया गया है। एसडीपीओ ने विधि व्यवस्था बनाये रखने में लोगों से सहयोग की अपील की है।

# दुर्गा पूजा पर डांडिया नृत्य सहित अन्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के कजरी में दुर्गा पूजा के अवसर पर दिव्य उद्देश्य के बैनर तले डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। इसके अलावे पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, संगीत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें गांव के ही नन्हे मुन्ने स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अवसर पर चित्रकला सीनियर में प्रथम अलका गुप्ता, द्वितीय स्वीटी, तृतीय लक्की कुमारी, जूनियर में प्रथम देवांश सिन्हा, द्वितीय खुशी गुप्ता, तृतीय आरती कुमारी को पुरस्कार दिया गया। वहीं रंगोली सीनियर में राज नंदनी, काजल, काजल सिंह जूनियर में समृद्धि जबकि मेहंदी में पुष्पा, खुशी, किरण, स्वीटी, अनु, रिमझिम, सुप्रिया, एंजल गुंजन को क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार से समानित किया गया। मुख्य अतिथि सह प्रायोजक शगुण ज्वेलरी मॉल के निदेशक श्याम बाबू सराफ़ ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन बहुत अच्छा प्रयास है. इससे बच्चों में बेहतर करने का सोच उत्पन्न होता है। इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष सह समाज सेवी महाराणा प्रताप सिंह सहित उप प्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ़ मंटू सिंह, ब्रजेश सिंह, राधामोहन सिंह, निखिल सिंह, अभिषेक सिंह, संजय सिंह, अजीत सिंह, ओमप्रकाश, प्रेमकुमार, विक्की, जयंत, कुणाल, अरविंद, प्रदीप, प्रकाश, भोला ठाकुर, अजय, अनुपम, विवेक, त्रिभुवन पाठक, पुरोषतम, नवीन को पगड़ी पहना कर समनित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अम्बे माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक नीरु पासवान ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## तोलरा में खेला गया सिनियर बनाम जूनियर क्रिकेट मैच

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्र को खुशनुमा बनाने को लेकर तोलरा के युवाओं ने एकता का प्रतीक दशहरा के पूर्व आज सिनियर बनाम जूनियर क्रिकेट मैच खेला गया। मैच का आगाज काफी शानदार रहा तोलरा निवासी गढ़वा के रंका अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी सिनियर टीम के तरफ से आकर दोनों टीम का हौसला अफजाई किए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी सिनियर टीम निर्धारित 14 ओवर में 5विकेट खोकर 81रन बनाया ।जिसमें अजित तिवारी नाबाद 20रन बनाया वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी जूनियर टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 68रन हीं बना सका सिनियर टीम से झारखण्ड पुलिस के सहायक अवर निरिक्षक ब्रजू तिवारी दिलिप ठाकुर ने 2,2विकेट लिए वहीं एसएसबी के जवान संत कुमार तिवारी ने 2विकेट तथा राजन तिवारी ने दो विकेट लिया।जूनियर टीम को अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी 500रु देकर मनोबल बढाया तथा गांव के युवा को बैट बॉल सहित किसी भी तरह की हरसंभव सहयोग करने की बात कहा तथा सभी लोगो को शिवपूजन तिवारी ने मीठा खिलाकर शारदीय नवरात्र की बधाई दिया जूनियर टीम से सचिन तिवारी ने कप्तानी किया तथा अंपायर रंजन तिवारी एवं हरेंद्र तिवारी ने अंपायरिंग किया मौके पर चंदू तिवारी नितेश तिवारी सुभाष तिवारी जिकेश तिवारी निशु तिवारी नितेश तिवारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक किशोर के पहल पर कई गांव में मिला ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा प्रखंड के अति सुदूरवर्ती इलाके जैसे डगरा सहित चराई-2 और शाहपुर, तुर्कीडीह, छतरपुर मे रुदवा, चीरु और बैरिया गाँव मे पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर के पहल पर 100100 केवी का ट्रांसफार्मर मिला। मौके पर पूर्व विधायक श्री किशोर ने कहा कि विगत कई माह से वर्णित गाँव मे अंधेरे मे रहने के लिए मजबूर थे और स्थानीय विधायक श्रीमति पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइयाँ के कई बार लिखित शिकायत किया। परन्तु आज तक कोई पहल नहीं किया। संबधित गाँव के ग्रामीणों ने अंधेरे रहने विवश थे। लेकिन छतरपुर-पाटन विधानसभा के पुर्व विधायक श्री किशोर के लिखित आवेदन दिया और तत्काल संज्ञान मे लेते हुए बिजली विभाग के महाप्रबंधक से मिलकर समस्या से अवगत कराया और तत्काल वंचित गाँव मे ट्रांसफार्मर की मांग किया। जीएम ने तत्काल संज्ञान मे लेकर वंचित गाँव के लिए नये ट्रांसफार्मर जारी किया। मौके पर सांसद प्रतिनिध अमरेश कुमार श्रीवास्तव सहित ग्रामीणों काफी संख्या मे मौजूद थे।

# आसुरी शक्तियों का नाश करना ही दशहरा का उद्देश्य : रविन्द्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** मां शक्ति की आराधना कर अपने अंदर की आसुरी शक्तियों का नाश करना ही दशहरा त्योहार का उद्देश्य है। उक्त बातें शनिवार की रात भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने कही। वे मेन बाजार में नवयुवक सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित रासलीला मंच का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करने के बाद लोगो को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि हिन्दू धर्म विश्व में शांति का प्रतिक है। इससे पहले आयोजक समिति ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी आगंतुको का स्वागत किया। बाद में वृंदावन से आए कलाकारों ने कृष्ण लीला तथा मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, रामराज मेहता, रणविजय सिंह, विजय यादव, दिलीप सिंह, रविन्द्र सिंह, सतेन्द्र पासवान, समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, व्यवस्थापक राबर्ट गुप्ता, सचिव संजय कुमार, बीनू जायसवाल, अरुण स्वर्णकार, पवन कुमार, रामजी सिंह, रिंकू शौंडिक, तुषार कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जीवन का परम पाथेय है : जगद्गुरु रत्नेश जी महाराज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जगतगुरु रत्नेश जी महाराज ने कहा कि श्री रामायण श्रेष्ठ इतिहास है क्योंकि इसमे श्रीजानकी जी की करुणा का वर्णन है। श्रीजानकी जी स्वयं को बन्दिनी बनाकर रावण जैसे दुष्ट जीव का उद्धार करा देती है। संसार की विभिन्न भाषाओं में जो उच्चकोटि के महाकाव्य हैं उनमें महर्षि वाल्मीकि प्रणीत रामायण का स्थान सर्वोच्च है। वाल्मीकि रामायण में जिस आस्तिकता, धार्मिकता, प्रभुभक्ति, उदात्त एवं दिव्य भावनाओं और उच्च नैतिक आदर्शों का वर्णन मिलता है, वह अन्यत्र दुर्लभ है.रामायण में गृहस्थ जीवन की सर्वश्रेष्ठता, उपादेयता, तथा महत्ता को प्रतिपादित किया गया है. आदर्श पिता, आदर्श माता, आदर्श भ्राता, आदर्श पति, आदर्श पत्नी, आदर्श राजा आदि सभी का यथार्थ चित्रण किया गया है. ऐसा प्रतीत होता है कि सर्वोत्कृष्ट आदर्श की स्थापना के लिए ही महर्षि वाल्मीकि ने इस काव्य की रचना की. यह भारतीयों का आचारग्रन्थ भी बन गया है.वर्तमान में भगवान ÷श्रीराम÷ के चरित्र पर आधारित जितने भी ग्रन्थ उपलब्ध हैं, उन सभी का मूल महर्षि वाल्मीकि कृत वाल्मीकि रामायण ही है. वाल्मीकि रामायण के प्रणेता महर्षि वाल्मीकि को संसार में आदिकवि माना जाता है और इसीलिये यह महाकाव्य संसार का आदिकाव्य है। इस महाकाव्य को भारत के सर्वाधिक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय निधियों में से एक कहा जा सकता है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित पावन ग्रंथ रामायण एक ऐसा ग्रंथ है जिसने प्रेम, त्याग, तप, भ्रातृत्व, मित्रता एवं सेवक के धर्म की परिभाषा सिखाई है. वाल्मीकि जी के जीवन से बहुत सीखने को मिलता है। उनका व्यक्तित्व असाधारण था। उन्होंने अपने जीवन की एक घटना से प्रेरित होकर अपना जीवन पथ ही बदल दिया, जिसके फलस्वरूप वे महान पूज्यनीय कवियों में से एक बनें.यही चरित्र उन्हें महान बनाता है और हमें उनसे सीखने के प्रति प्रेरित करता है.महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना करके हर किसी को सद्मार्ग पर चलने की राह दिखाई।

## युवक ने की आत्महत्या

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के बसरिया खुर्द गांव निवासी 28 वर्षीय करीमन भुईयां ने पारिवारिक विवाद से परेशान होकर शुक्रवार की शाम में घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चैनपुर थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर शनिवार को मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम करने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है।

## एक ही घर से निकला चार जनाजा, मातम

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटना में मृत व घायलों के परिजनों से उनके गांव पहुंच कर रविवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र कुमार सिंह रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह डॉ कर्नल संजय सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा मुखिया पति अजय राजवंशी प्रमुख राजकुमारी देवी अंचल सिआई अवसाद अहमद सहित अन्य राजनीतिक के नेताओं ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया व परिजनों से इस दुःख की घड़ी में धैर्य से काम लेने की सलाह दी। वहीं चारों मृतक शव को अंतिम संस्कार कचरा गांव स्मशान घाट पर किया गया। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में यूपी व झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। मालूम हो कि दिल्ली से अपने बहनोई के श्राद्ध कर्म में आने के दौरान हुसैनाबाद के कचरा गांव निवासी बैठा परिवार के पांच लोगों की मौत कार दुर्घटना में यमुना एक्सप्रेसवे पर हो गई थीं।

## विश्रामपुर में बनेगा पेंशनर भवन, विधायक ने रखी आधारशिला

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर के पुराने ब्लॉक कार्यालय परिसर में पेंशनर भवन का निर्माण होगा.रविवार को भूमि पूजन के बाद पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने भवन निर्माण की आधारशिला रखी.विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का पूर्ण विकास ही हमारा लक्ष्य है.इस भवन के निर्माण से पेंसनर समाज को काफी सुविधा हो जायेगी। पेंशनर समाज के अध्यक्ष रामलगन राम ने बताया कि पेंशनर भवन बन जाने से हम लोगो को कही भटकने की जरूरत नही है। यहीं बैठकर सभी समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा.मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, महेंद्र राम, रामध्यान राम, श्रवण राम, हरे राम सिंह, शम्भू शरण राम,चतर्गुन राम, पचू मिस्त्री, हरिहर ठाकुर, पारसनाथ पांडेय, युगेश्वर विश्वकर्मा, राधिका देवी, मानमती देवी, देवंती देवी, रामनारायण राम, रामप्रवेश राम, रामस्वरूप सिंह, अजय राम, उदय राम, झुना कुंवर, बीरबल राम, हरिहर चौधरी, बलि यादव,कैलाश पासवान, बृजकिशोर राम सहित पेंशनर समाज के कई लोग मौजूद थे।

**घासीदाग पंचायत में चलता है मुखिया व मंचायत सचिव की मनमानी**

# सरकार के आदेशों का धज्जियां उड़ा रहे हैं मुखिया व पंचायत सेवक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुए लगभग दो साल होने को है। सभी स्तर के पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा अपने अपने कार्य क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा रहा है। वहीं विश्रामपुर प्रखंड के घासीदाग पंचायत की मुखिया अपनी जिम्मेवारियों से भाग रही हैं। पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद कई मौके पर 15 वें वित्त अनुदान मद की राशि पंचायत को विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराई गई। लेकिन पंचायत की मुखिया और पंचायत सेवक के द्वारा राशि भी खर्च नहीं किया गया। उपलब्ध कराई गई सभी पैसे पंचायत की खातों में शोभा बढ़ा रही है। घासीदाग पंचायत में पूर्ववर्ती वर्ष में संचालित जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं को क्रियान्वयन व भुगतान में मुखिया और पंचायत सेवक के द्वारा बाधा उत्पन्न की जा रही है। ग्राम पंचायत विकास योजना संबंधित पंचायत की विकास योजना होती है न कि किसी पंचायत प्रतिनिधि विशेष की। सभी योजनाएं ग्राम सभा के निर्णय के आधार पर हीं चयनित की जाती है व ग्राम पंचयत विकास योजना के आधार पर योजनाओं का क्रियान्वयन सहित ससमय भुगतान संबंधित पंचायत की प्राथमिक जिम्मेवारी है। पंचायती राज विभाग सचिव के निर्देश का विश्रामपुर प्रखंड के घासीदाग पंचायत के पंचायत सचिव और तेज तर्रार कहे जाने वाले वर्तमान समय तीन पंचायत के प्रभारी पंचायत सेवक सह प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी व मुखिया के द्वारा अनुपालन नहीं हो रहा। 45 लाख 57 हजार 205 रुपए खातों की शोभा बढ़ा रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर पंचायत की मुखिया के द्वारा कहा।जाता है कि पंचायत के मुखिया की जिम्मेवारी बनती है कि पैसे कहां और कब करनी है। पंचायत सचिव को भी इसकी चिंता नहीं है। वे कहते है कि पंचायत हमें चलाना है सरकार को नहीं। **राशि कम खर्च किए जाने को लेकर सचिव ने डी डीडीसी को लिखा हैं पत्र :** झारखंड पंचायती राज सचिव राजेश्वरी बी के द्वारा कार्यालय के ज्ञापांक 2558 दिनांक 9 दिसंबर 2022 को राज्य की सभी उप विकास आयुक्त को एक पत्र निर्गत किया गया है। जिसमें स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2020-21 से 15वें वित्त आयोग मद अन्तर्गत राशि उपलब्ध करायी जा रही है। 15वें वित्त आयोग की राशि के व्यय व योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति से संबंधित ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के अनुसार उपलब्ध अवशेष राशि व वित्तीय वर्ष 2022-23 में विमुक्त राशि के विरूद्ध राशि का व्यय अपेक्षा से कम है। 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत चयनित योजनाओं का क्रियान्वयन व राशि की समुचित व्यय अविलम्ब सुनिश्चित किए जाने को लेकर पंचायती राज सचिव राजेश्वरी बी के द्वारा 9 दिसंबर 2022 को उप विकास आयुक्त को पत्र प्रेषित किया गया है। औसत से कम व्यय वाले पंचायत के जवाबदेह पंचायत सचिव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित मुखिया के विरुद्ध कार्य में जानबुझ कर लापरवाही व कर्त्तव्य निर्वहन में असफलता के आरोप में निलंबन का प्रस्ताव विभाग को प्रेषित करने का निर्देश प्राप्त है।

# ढ़ाई लाख की लागत से विद्यालय में होगा शौचालय का निर्माण : प्रमुख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय छाताकुंड में रविवार को 2.50 लाख के लागत से शौचालय का निर्माण शीला पठ लगाकर किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी बीडीओ मुकेश मछुआ उपस्थित रहे। लोगों को संबोधित करते हुए प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि गुजरे 15 अगस्त को स्थानीय ग्रामीण एवं विद्यालय प्रबंधन के लोगों के द्वारा शौचालय की मांग की गई थी उसी वक्त उक्त प्रमुख के द्वारा जल्द ही शौचालय निर्माण कराए जाने की घोषणा किया गया था। उसी वादे को पूरा करते हुए शौचालय निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य रेशमा देवी, गुड्डी देवी, राजेंद्र सिंह, दीनदयाल गुप्ता, प्रदीप प्रसाद, गिरजा विनायक, अरविंद कमलापुरी, नागा सिंह, विकेश गुप्ता, रविंद्र प्रजापति, मनीष कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।


## संक्षिप्त खबरें

### 26 यूनिट रक्त संग्रह किया गया

**रांची।** रिम्स ब्लड बैंक द्वारा रिम्स के मल्टीस्टोरी पार्किंग में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया था। इस कैंप का आयोजन मुख्य तौर से होम गार्ड के जवानों के लिए किया गया था। ब्लड डोनेशन कैंप में 26 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।इस अवसर पर प्रभारी निदेशक डॉ ए के दुबे, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनोज कुमार, चिकित्सा उपाधीक्षक कर्नल शैलेश त्रिपाठी, डॉ सुषमा कुमारी- इंचार्ज ब्लड बैंक, डॉ ऊषा सरोज इत्यादि ने रक्तदानियों का उत्साहवर्धन किया।

### एचइसी में रावण दहन की तैयारी अंतिम चरण में

**रांची :** हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचइसी) परिसर स्थित शालीमार बाजार में 24 अक्टूबर को रावण दहन आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। विजयादशमी रावण दहन समारोह समिति के अध्यक्ष संजीत यादव ने रविवार को बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होंगे। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष ने बताया कि रावण और कुंभकरण का पुतला निर्माण अंतिम चरण में है।



# वर्ल्ड क्लास आई केयर सेंटर का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आंखों की देखभाल के मामले में सबसे विश्वसनीय आई सेंटर फॉर साइट की सेवाए अब रांची में मिलेगी। यहां बेहतर टेक्नोलॉजी और भरोसेमंद डॉक्टरों की टीम वाले सेंटर फॉर साइट ने रांची में अपना वर्ल्ड क्लास आई केयर सेंटर शुरू कर दिया है। इस सेंटर के शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया। राज्यपाल के अलावा कार्यक्रम में कई अन्य नामी-गिरामी लोग उपस्थित रहें । राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची में सेंटर फॉर साइट के सेंटर का स्वागत किया और अस्पताल की तकनीक, विशेषज्ञता और मरीजों के लिए उपलब्ध शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि ये तमाम चीजें सेंटर फॉर साइट को वन स्टॉप आई केयर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करती हैं. उन्होंने अस्पताल के उद्घाटन के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जो रांची में आई केयर के एक नए युग का प्रतीक है जिससे इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण और सस्ती आई केयर मिलेगी।अंधेपन की जिन समस्याओं को ठीक किया जा सकता है उनमें मोतियाबिंद, रिफेक्टिव एरर ग्लूकोमा और डायबिटिक रेटिनोपैथी जैसी कंडीशन शामिल हैं। अच्छी बात ये है कि इनमें से कई बीमारियां न सिर्फ इलाज योग्य हैं बल्कि समय पर हस्तक्षेप और सार्वजनिक जागरूकता के जरिए इन्हें रोका भी जा सकता है।

मोतियाबिंद को सर्जरी से ठीक किया जा सकता है और आंखों की रोशनी को रोबोटिक, ब्लेड लेस, लेजर तकनीक और प्रीमियम इंट्रा-ओकुलर लेंस का उपयोग करके वापस पाया जा सकता है, फिर भी, भारत में लाखों लोग इस समस्या से ग्रसित हैं।

सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर महिपाल सिंह सचदेव ने भारत के हर कोने में सस्ती विश्व स्तरीय नेत्र देखभाल लाने के मिशन पर जोर दिया। क्योंकि दुनिया की एक तिहाई दृष्टिहीन आबादी भारत में रहती है।



डॉक्टर महिपाल ने कहा कि सभी लोगों के लिए नेत्र स्वास्थ्य के प्रति हमारा विश्वास और समर्पण सेंटर फॉर साइट को रांची लाने में सहायक रहा है।इस अवसर पर डॉक्टर महिपाल ने सिल्क प्रक्रिया के बारे में भी बताया। स्मूद इंसाइजन लेटिक्यूल केराटोमिलेसिस यानी सिल्क प्रक्रिया ने मायोपिया मरीजों को उम्मीद की नई किरण दी है। रांची में सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के इस सेंटर के शुरू होने पर डॉक्टर समीर कुमार, डॉक्टर जूही गर्ग और डॉक्टर रवीश कुमार जेनिथ ने खुशी जताई और रांची व आसपास के लोगों को बेहतर आई कैंपर मुहैया कराने की प्रतिबद्धता जताई।

### एक छत के नीचे सारी सुविधाएं

भारत के 30 से अधिक शहरों में सेंटर फॉर साइट 75 से ज्यादा जगह मौजूद रहे। अब सेंटर फॉर साइट आई केपर को रांची में भी ले आया है। इस सेंटर में एक ही छत के नीचे मोतियाबिंद के एडवास ट्रीटमेंट से लेकर ग्लूकोमा के इलाज तक और सर्जरी की भी सुविधा है। इसके अलावा सेंटर स्थानीय लोगों के लिए नेत्र जांच कैंप भी आयोजित करेगा और एक ऑप्टिकल विंग, सीएफएस विजन का आयोजन करेगा जिसकी मदद से लोगों को कंप्लीट आई सॉल्यूशन दिया जाएगा। अत्याधुनिक तकनीक से लेस सेंटर विश्व स्तरीय नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करता है। फेको इमल्सीफिकेशन (फेको) के साथ एडवांस माइक्रो-इंसीजन मोतियाबिंद सर्जरी (एमआईसीएस) के बाद ट्रायफोकल, मल्टीफोकल, टोरिक, ईडीओएफ और एडवांस डिजाइन इंट्रा ऑकुलर लेंस (आईओएल) जैसे लेंस का प्रत्यारोपण किया जाता है. ये प्रक्रिया बिना टांके, बिना ब्लड लॉस और पेन लैस होती है जिसमें तुरंत राहत मिलती है और इससे ऑपरेशन के बाद रिकवरी सुनिश्चित होती है।सेंटर फॉर साइट आई ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स आई केयर के क्षेत्र में रिसर्च और इनोवेशन में लगातार जुटा रहता है. नेत्र विज्ञान में ज्ञान को आगे बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता से नई सर्जिकल तकनीकों, उपचारों और प्रौद्योगिकियों का विकास हुआ है, जिससे दुनिया भर में रोगियों को फायदा मिला है. 10,000 वर्ग फुट में फैले इस सेंटर में पांच कंसल्टेशन रूम और अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर हैं, जिनकी मदद से अच्छी और तकनीकी रूप से एडवांस आई केयर मिलती है।

## झारखंड में घर-घर मतदाता सर्वेक्षण का दूसरा चरण 27 अक्टूबर से होगा शुरू

**रांची :** झारखंड में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर मतदाताओं के सर्वेक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण 27 अक्टूबर से शुरू होगा, जो नौ दिसंबर तक चलेगा। एक जनवरी 2024 तक जो युवा 18 साल पूरा करने वाले है। उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने की पहल की जा रही है। इस बीच 18 साल पूरा कर चुके युवा वोटरों का भी नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। 28, 29 अक्टूबर और 4, 5 नवंबर को सभी मतदान बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 28 नवंबर को आदिम जनजातियों के लिए, 29 नवंबर को बेघर लोगों के लिए, 30 नवंबर को 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए, दो दिसंबर को थर्ड जेंडर और ट्रांसजेंडर के लिए और तीन दिसंबर को दिव्यांग जनों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## झारखंड की बसंती ने राष्ट्रीय ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स में 5000 मीटर में जीता कांस्य पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं पश्चिम चंडीगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, चंडीगढ़ में संपन्न राष्ट्रीय ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन पूर्वी सिंहभूम की बसंती कुमारी ने 5000 मीटर में 16ः57.48 सेकेंड का समय लेते हुए कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक उत्तरप्रदेश की नेहा पवार एवं रजत महाराष्ट्र की प्राजक्ता ने जीता।

इस चैंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने दो रजत एवं तीन कांस्य पदक जीते। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सीडी सिंह, एसके पांडेय, डॉ प्रभात शंकर, बिनोद कुमार सिंह, आलोक मिश्रा, आशीष झा, शाशांक भूषण सिंह समेत संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## श्री महावीर मंदिर पूजा समिति थड़पखना में खीर व जलेबी का हुआ वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंदिर पूजा समिति थड़पखना रांची स्थापित 1923 में हुई थी। इस मन्दिर में जय माता दी श्री महावीर मंदिर पूजा समिति थड़पखना रांची के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत महा आष्ठमी के इससे पावन बेला पर खीर एवं जलेबी प्रसाद के रूप में भक्तों के बीच में वितरण किया गया । जैसा की समिति ने निर्णय लिया था कि अपने 100 वां वर्ष पर हम विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का माता रानी को भोग लगाकर भक्तों के बीच में वितरण करेंगे। दिन 1ः00 बजे से खीर जलेबी का वितरण एवं संध्या में जीरा राइस ,पनीर काला चना, हलुआ एवं बालूशाही का




वितरण होगा तथा महा नवमी के दिन खिचड़ी महा भोग और 9 तरह के चटनी तथा मिक्स सब्जी का वितरण होगा ।

रात 7ः00 बजे से पूरी एवं सब्जी तथा महा दसमी के दिन पुलाव एवं मिक्स सब्जी एवं मीठा का वितरण होगा। कार्यक्रम में विकास रंजन वर्मा, आरती देवी, अभय शंकर दयाल अधिवक्ता, रवींद्र वर्मा, सुरेश वर्मा आदित्य दूबे, आदित्य कुमार, सुरेश वर्मा ,अमित वर्मा, जितेंद्र वर्मा , उज्जवल तिवारी तथा अन्य सदस्य गण लगे हुए हैं।

## गृह विभाग की एडीजी तदाशा मिश्रा के साथ एक लाख की धोखाधड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड गृह विभाग की विशेष सचिव सह एडीजी तदाशा मिश्रा के साथ धोखाधड़ी की गई है। उनके प्रतिनियुक्त जैप-वन के हवलदार शम्मी क्षेत्री ने इस मामले में चुटिया थाने में 20 अक्टूबर को रविकांत भल्ला पर प्राथमिक दर्ज कराई है।

प्राथमिकी के अनुसार, आक्सफोर्ड स्कूल के पास रहनेवाले रविकांत को तदाशा मिश्रा ने अपने मकान की मरम्मत के लिए ईंट-गिट्टी आपूर्ति करने का आर्डर दिया था। उन्होंने एडवांस में उसे 1.33 लाख रुपए दिए थे।

भल्ला ने पहले निम्न स्तर की ईंट-गिट्टी आपूर्ति की, क्वालिटी खराब देखकर तदाशा मिश्रा ने उसे आपूर्ति रोकने को कहा। साथ ही, उससे शेष 71200 रुपए लौटाने को कहा। इस पर भल्ला ने 25 हजार का एक चेक दिया, जो बाउंस हो गया।

इसके बाद वह कई महीने तक टाल-मटोल करता रहा, फिर अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। उसके मकान जाने पर पता चला कि वह एक माह पहले ही घर खाली कर चुका है। मकान मालिक ने उसका तीन मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया है।

चुटिया थाना प्रभारी ने बताया के इस तरह के मामले सामने आए हैं ईट बालू गिराने के लिए कहा गया था उसी को लेकर 1लाख कुछ रुपए लिया गया था। पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

## नेतरहाट घूमने गए डोरंडा के युवक की खाई में गिरने से मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र के नेतरहाट घाटी मे रांची से नेतरहाट घूमने जा रहे पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।इस हादसे में रांची के डोरंडा मणिटोला, फ़रिदौस नगर, हिंदुस्तान चौक के रहने वाले कार सवार 20 वर्षीय मोहम्मद शहबाज रिजवी उर्फ कैफ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि कार पर सवार होकर पांच युवक रांची



से नेतरहाट घूमने जा रहे थे इसी दौरान घाटी मे कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गयी। इस हादसे में रांची डोरंडा मणिटोला हिंदुस्तान चौक निवासी मोहम्मद शहबाज रिजवी उर्फ कैफ (20 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गयी।वहीं चालक शदाब खान (35 वर्ष) के सिर पर गंभीर चोटें आयी है और शारीख खान का दाहिनी पैर टूट गया. जबकि अन्य फरदीन खान (18 वर्ष) और सैय्यद शोएब (19 वर्ष) को हल्की चोटें लगी है। नेतरहाट घाटी में गाड़ी खाई में गिरने के बाद सैयद और शदाब बड़ी मुश्किल से गहरी खाई से बाहर सड़क तक निकले और राहगीरों को घटना की जानकारी दिया।जिसके बाद राहगीरों ने गुरदरी पुलिस को घटना से अवगत कराया।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर मे ईलाज हुआ।

## राज्य के नौकरशाहों पर कानून सम्मत कार्यान्वयन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को ट्वीट के माध्यम से कहा कि झारखंड के नौकरशाहों पर राज्य की बेहतरी के लिए कानून सम्मत कार्यान्वयन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आफ सभी ऐसे पिलर हैं जो ठीक से काम कर झारखंड को देश को उन्नत राज्यों की श्रेणी में शामिल करा सकते हैं।उन्होंने कहा कि पिछले दिनों यह देखा गया है कि लालचवश कुछ अधिकारी सत्ता के टूल की तरह इस्तेमाल होकर आज ऐसे मुसीबतों का सामना कर रहे हैं जो न सिर्फ उनके लिये, बल्कि उनके पूरे परिवार, इष्ट मित्रों के लिये परेशानी का कारण बना हुआ है। ऐसे लोग आसन्न संकटों से बचने के लिये दर-दर भटक कर अपने-अपने सम्पर्कों के जरिये जुगाड़ लगाते फिर रहे हैं लेकिन कानून के सामने उनकी एक नहीं चल रही। पिछले दिनों कुछ अधिकारियों ने सत्ता के लिये लठैती करते हुए सत्ता के गलत कार्यो का विरोध करने वालों को काबू करने की गरज से दर्जनों फर्जी मुकदमे करवाये लेकिन उनका परिणाम क्या हुआ? अधिवक्ता राजीव कुमार पर भी एक के बाद एक कई एसटी एक्ट के मामले दर्ज कराये गये लेकिन ऐसे फर्जी मामले हाईकोर्ट से न सिर्फ खारिज कर दिये गये, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर टिप्पणी भी की गई। हेमंत सरकार की हिटलरी कार्यशैली, तानाशाही एवं दमनात्मक कार्रवाई के तहत लोगों पर किये गये ऐसे अनगिनत मुकदमे आज भी न्यायालय में लंबित हैं। मैं झारखंड के वैसे अधिकारियों के से पुनः अनुरोध करता हूं कि वे पिछले



अनुभवों से सबक लें। किसी के बहकावे में कानून से हटकर ऐसा गलत काम न करें जो उनके लिये आने वाले समय में परेशानी और मुसीबत का कारण बने।

## चोरी का खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ओरमांझी थाना पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में महमूद आलम और अहमद अंसारी शामिल है। इनके पास से चोरी की होंडा एक्टिवा स्कूटी, पांच चांदी का पायल, एक सिलाई मशीन, चांदी का हाथ का बेड़ा तीन और स्विफ्ट डिजायर कार की एक चाभी बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने रविवार को बताया कि गत 20 अक्टूबर को ओरमांझी थाने में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था । मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी सिल्ली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए चोरी के समान के साथ दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया।

महमूद आलम के खिलाफ रांची में पूर्व से अलग अलग थाने में नौ मामले दर्ज हैं। जबकि अहमद अंसारी का भी पूर्व का अपराधी की इतिहास रहा है। इसके खिलाफ भी ओरमांझी थाने में दो मामले पूर्व से दर्ज है। एसपी ने बताया कि 36 घंटे में चोरी की घटना का खुलासा किया गया।

## अपनी बदहाली से कब बाहर आयेगी उर्दू की दास्तान : गुलाम शाहिद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कहने को तो उर्दू झारखंड में द्वितीय भाषा यानी सरकारी दूसरी जबान हैं । लेकिन आज भी ये कहीं कोने में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। होना तो बहुत कुछ चाहिए था। जैसे हर सरकारी कार्यालयों एवं विधायकों के आवास , कार्यालय के नाम प्लेट पर उर्दू में नाम लिखा होना चाहिए। जरूरी कागजात उर्दू में, आवेदन उर्दू में भी मानीय हो और उसका जवाब भी उर्दू में दिया जाये, उर्दू की पढने और पढ़ाने के तमाम सहूलियतें आसान किया जाए। लेकिन झारखंड में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। खुद कागजों से बाहर नहीं निकल पाई। उर्दू टीचर्स की कमी है, पढने और पढ़ाने वाले दोनों नहीं मिलते हैं, नयी नस्ल भी इससे दूर और रही सही कसर सरकार के सौतेले रवैये ने पूरी कर दी हैं। उर्दू अखबार के वरिष्ठ पत्रकार गुलाम शाहिद बताते हैं कि वर्तमान राजनीतिक कारणों की वजह से उर्दू को मुसलमानों की और हिंदी को हिन्दुओं की भाषा माना लिया गया है।जिसकी वजह से स्कूलों , कॉलेजों तक में उर्दू को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है।इस मामले में वह आगे कहते हैं, उर्दू किसी मजहब की जुबान नहीं हैं यह हिन्दुस्तान की जुबान है , ये अलग बात है कि आज भी अगर उर्दू भाषा में कहीं काम के लिए उर्दू में आवेदन देते हैं तो लोग लेने से मना कर देतें हैं। बैंक, स्कूल या किसी भी सरकारी दफ्तरों में उर्दू दरख्वास्त लेना तो दूर , देखना भी पसंद नहीं करतें हैं।हालात हमेशा से ऐसे न थे। अविभाजित बिहार राज्य में उर्दू का भी बोलबाला था। कहते हैं,÷देश हो या राज्य सभी जगहों पर उर्दू की हालत निचले पायदान पर है। आज स्कूल में उर्दू के शिक्षक ना के बराबर हैं। बीस सालों पहले तक कक्षा एक से स्नातक तक सारी किताबें उर्दू में उपलब्ध होती थी। लेकिन अब उर्दू भाषा की किताबें भी कोर्स कंम्पलीट होने पर मिलती हैं। सरकार की तरफ से उर्दू किताबों की छपाई सबसे लेट होने की वजह से उर्दू के छात्रों को देर से किताबें मिलती हैं। यही वजह है कि समय पर किताब- शिक्षक ना होने से बच्चे उर्दू के बजाये हिंदी माध्यम में ज्यादा हैं। उर्दू जबान को नौकरी से न जोड़ना भी इसके गिरने का एक बड़ा कारण हैं। हम ने उर्दू से पढ़ाई की। लेकिन बेरोजगार हैं, क्यूंकि झारखंड में उर्दू जुबान वालों के लिए नौकरी नहीं है। जब तक राज्य स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं में उर्दू को अनिवार्य नहीं किया जायगा । तब तक उर्दू जुबान वालों को शायद ही सरकारी नौकरियों के लिए कोई फायदा मिल पाएगा। सरकारी स्कूलों में उर्दू की स्तिथि की मॉनिटरिंग नहीं होने से इस भाषा का पठन-पाठन लगभग बंद हैं। बच्चों को किताबें नहीं मिल रहीं हैं। ज्यादातर स्कूलों में उर्दू सिर्फ एक भाषा सप्लीमेंट्री के तौर पर पढ़ाई जाती है। जब तक उर्दू को तकनीकी शिक्षा से जोड़ा नहीं जायगा तब तक कुछ भी संभव नहीं है। ऐसे हालात के लिए सिर्फ सरकारें जिम्मेदार नहीं हैं। नयी नस्लें भी उर्दू नहीं पढना चाहती हैं। उर्दू अब सिर्फ सियासी भाषा यानी जा रही है। अंग्रेजी और हिन्दी के मुकाबले युवाओं का रूझान उर्दू की तरफ बहुत ही कम है। हिंदी पत्रकारिता के मुकाबले उर्दू पत्रकारिता न के बराबर है। हाँ, एक बात जरूर हैं। उर्दू अभी भी गरीब मुसलमानों और बुजुर्ग पंजाबी बिरादरी के पास म फूहफूज है। वर्तमान के गरीब मुस्लिम परिवार के बच्चों के लिए आज भी उर्दू मीडियम के मदरसे ही उनका सहारा है।

## ढ़ोल व मांदर के थाप पर जमकर थिरके जापान के खिलाड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 27 अक्टूबर से रांची में होने जा रहा है। इसको लेकर रविवार को जापान की टीम रांची पहुंच गई। एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया।

आयोजकों ने खिलाड़ियों को पारंपरिक गमछा और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों के थाप पर जापान की खिलाड़ियां भी थिरकती नजर आयीं। इसके बाद खिलाड़ियों को चाक चौबंद के साथ एयरपोर्ट से होटल चाणक्या बीएनआर पहुंचाया गया। जापान की टीम के स्वागत के लिए रांची एयरपोर्ट पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, रजनिश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे. वहीं प्रशासन की ओर से सिटी एसपी राज कुमार मेहता, हटिया डीएसपी राजा मित्रा, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद सहित कई जवान मौजूद रहे।मेजबान भारत की टीम आज



रविवार रात में रांची पहुंचेगी। वहीं कोरिया की टीम 23 अक्टूबर, मलेशिया की टीम 24 अक्टूबर, चाइना और थाइलैंड की टीम 25 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी. भारत और कोरिया की टीम होटल पार्क

**आयोजकों ने खिलाड़ियों को पारंपरिक गमछा और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों के थाप पर जापान की खिलाड़ियां भी थिरकती नजर आयीं।**

प्राइम, जापान, थाइलैंड की टीम चाणक्या बीएनआर और मलेशिया तथा चाइना की टीम रेडिसन ब्लू होटल में रुकेंगी।

## युवा दस्ता ने 47 बच्चों एवं बिछड़े हुए परिवारों को मिलाने काम किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के सदस्यों के द्वारा श्री दुर्गापूजा महोत्सव के दौरान माँ भवानी के दर्शन करने आये दर्शनार्थियों के सहयोग में पिछले 3 दिन से विभिन्न पूजा पंडाल एवं प्रमुख मार्गो में तैनात रहकर सैकड़ो महिलाओं एवं बुजुर्गो को माता रानी के दर्शन कराने में सहयोग किया एवं 47 बच्चों एवं बिछड़े हुए परिवारों को मिलाने एवं घर तक पहुचाने का काम किया । युवा दस्ता राँची के द्वारा स्वागत शिविर लगाया गया एवं शिविर में युवा दस्ता के द्वारा प्रचार किया जा रहा है कि सभी दर्शनार्थियों के साथ मे आये सभी बच्चों एवं बुगुर्गो के पॉकेट में नाम पता एवं जोन नंबर डाल दे ताकि भीड़ में बिछड़ने पर दस्ता के सदस्य उनको घर तक पहुँचा सके एवं किसी भी दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो तुरंत दस्ता के सदस्य को संपर्क करे ताकि उनकी परेशानी का समाधान निकल सके ।

श्री दुर्गापूजा मोहत्सव को सफल बनाने में युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में टिंकू महतो , पीयूष आनंद , मंटू दुबे ,शाहिल कुमार , राकेश सिंह ,नावनीत पाण्डेय , ओम प्रकाश शर्मा , सोनू भारद्वाज सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई ।

## अष्टमी को हुई महागौरी की पूजा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाअष्टमी पूजा को लेकर क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. खलारी के सभी पूजा पंडालों में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप माता महागौरी की पूजा हुई.दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया. अनेक श्रद्धालु महाष्टमी का उपवास रखे. श्रद्धालु माता को श्रद्धांजलि दिए. शाम को संधि पूजा किया गया. संधि पूजा के लिए विशेष पुष्पांजलि दिया गया. श्री जानकी रमण मंदिर खलारी में पूजा के 75वीं वर्षगांठ में आकर्षक पंडाल बनाया गया है. आरती देखने के लिए पंडाल के बाहर बड़ा स्क्रीन लगाया गया है. संध्या 5.18 बजे बलिदान का विधान पूरा किया गया. सांकेतिक रूप से भतुआ बलि दिया गया. पहाड़ी मंदिर खलारी सहित आसपास के स्थाई देवी मंदिरों में भी महाष्टमी पूजा की गई व बलिदान दिया गया. इधर पूजा पंडालों के आसपास खिलौनों, प्रसाद सहित खाने पीने की चीजों की दुकानें मेला सा दृश्य बना रही हैं. मां भगवती का दर्शन करने के बाद लोग मेला में खरीदारी भी कर रहे हैं. विधायक समरीलाल खलारी पहुंचकर कई पूजा पंडालों में गए और कार्यकर्ताओं के साथ मां का दर्शन किए. महानवमी के दिन श्रीजानकीरमण मंदिर में 'जय माता दी ग्रुप' द्वारा खिचड़ी महाभोग प्रसाद बांटा जाएगा. महादशमी की शाम केडी नेहरू स्टेडियम, करकट्टा दुर्गा मंडप मैदान तथा डकरा स्टेडियम में रावण का पुतला जलाया जाएगा.

## पूजा पंडालों में हुआ कन्या पूजन, कराया गया भोजन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के कई पूजा पंडालों में महाअष्टमी के दिन कन्या पूजन किया गया। कन्याओं को देवी मानकर उनका पूजन किया गया. पहले उनके पैर धोए गए फिर तिलक लगाकर पूजन किया गया तथा दक्षिणा देकर उनसे आशीर्वाद लिया गया. खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की तरह कन्याओं को भोजन कराया गया.पुजारी यशवंत दुबे, बृजराज दुबे व सर्वानंद दुबे ने कन्याओं को भोजन कराया। खलारी बाजारटांड़ में कन्या पूजन में पवन गुप्ता, साधु वर्मा, विनोद वर्मा, बुल्लू सिंह, मनीष गिरि, जलेश्वर यादव, अभिषेक शर्मा, रोशन साव आदि का योगदान रहा.

## मोहननगर में स्वचालित प्रतिमा देखने को उमड़ रही भीड़

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी मोहननगर में मां दुर्गा द्वारा महिषासुर का वध करते हुए स्वचालित प्रतिमा लगाई गई है. शनिवार रात एनके एरिया जीएम संजय कुमार व केडीएच पीओ अनिलकुमार सिंह सहित श्रमिक नेताओं के साथ पंडाल का उद्घाटन किया.पूजा पंडाल में कमेटी द्वारा सुविचारों से संबंधित होर्डिंग लगाया गया है.

## महावीर मंडल शहीद चौक ने बांटा खीर का प्रसाद

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महावीर मंडल शहीद चौक खलारी द्वारा महाअष्टमी के मौके पर शहीद चौक में महाभोग खीर प्रसाद का वितरण किया गया. श्रीजानकी रमन मंदिर में बलिदान विधान के बाद शहीद चौक में खीर प्रसाद का वितरण किया गया. आयोजकों में जीतेन्द्र सिंह, बजरंगी विश्वकर्मा, शेखर सिंह, उदयभान सिंह, पवनकुमार चंद्रवंशी, युगेशर वर्मा, विजय तुरी, गुंजा गुप्ता, राकेश सिंह, राहुलकुमार गुप्ता आदि शामिल थे.

## डीसी एसपी ने किया विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**कोडरमा / डोमचांच (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा त्यौहार शांति पूर्वक मनाने को लेकर विधि व्यवस्था का जायजा लेने रविवार को डीसी मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह निकले इस दौरान डीसी एसपी ने डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच के सभी दुर्गा पुजा पंडालों का अवलोकन कर उपस्थित पुलिसकर्मियों तथा दंडाधिकारिओ को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र कई निर्देश दिए वहीं उपायुक्त श्रीमती भारद्वाज व एसपी अनुदीप सिंह ने पूजा पंडालों में जा कर जिले में अमन शांति की दुवा मांगी. इस अवसर पर गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, डिटिओ विजय सोनी,प्रभारी सीओ सना उस्मानी,डोमचांच पुलिस अंचल निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां, ए एस आई नीरज कुमार, दिलशाद अली,एस आई मदन मुंडा, एस पाठक, सोनाली मुंडा,शंभू रजक समेत अन्य लोग मौजूद थे.

# भव्य व आकर्षक होगा रावण दहन कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** दशहरा समिति टाटीसिलवे राँची द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी दिनांक 24 अक्तुबर 2023 दिन मंगलवार को रावण दहन का भव्य कार्यक्रमआयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्यआकर्षक मर्दानी झूमर, साथ ही छऊ नृत्य, पैका नृत्य, एवं नगाड़ा पार्टी जैसे कई मनमोहक कार्यक्रम भी होगें। इस वर्ष रावण के पुतले की ऊचांई 60 फीट एवं कुम्भकर्ण की ऊचांई 55 फीट होगी।मुख्य अतिथि श्री बाबुलाल मराण्डी झारखण्ड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री सह वर्तमान भजपा के प्रदेश अध्यक्ष होगें ।इस वर्ष रावण दहन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ठहाका लगाता हुआ रावण (पुतला ) होगा। जमीनी एवं आकाशी आतिशबाजी बंगाल के प्रसिद्ध आतिशबाजों द्वारा नये-नये आइटम की आतिशबाजी की जायेगी।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकरी एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्य डॉक्टर प्रदीप वर्मा,श्री शंकर प्रसाद, श्री मनोरंजन मिश्रा, श्री राजेन्द्र प्रमाणिक, श्री मनेश महतो, श्री गोविन्द महतो, श्री उमेश प्रसाद, श्री रासेश्वर नाथ मिश्रा,श्री ब्रजेश सिंह, श्री लखिन्द्र महतो ,श्री मंगल गुप्ता, श्री अमरेन्द्र सिंह,श्री संजय प्रसाद, श्री बसंत मिश्रा, श्री राजु पाठक, श्री उद्धव चन्द्र महतो, श्री प्रज्जवलित पाण्डे,राजू पाठक, दिवाकर सिंह, श्री कमल मंडल, धीरेन्द्र त्रिपाठी, सुरेन्द्र ठाकुर,करनल बी के सिंह, विकास मिश्रा, डा0 संदीप मिश्रा, सुभाष सिंह,कृष्णा पाहन, प्रेम शर्मा इत्यादि । यह जानकारी प्रेस को अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने दी।

## सिल्ली विधायक ने की महाअष्टमी के दिन महागौरी की पूजा अर्चना



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्र के अवसर पर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव लगाम के पूजा पंडाल में विधिवत मां दुर्गा का आंठवा स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना किया एवं पूरे राज्य में खुशहाली आए तथा राज्य का कल्याण हेतु प्रार्थना किया। उन्होंने कहा कि मां राज्य में अमन चैन तथा शांति स्थापित करें। वही दूसरी और दुर्गा पूजा नवरात्र को लेकर क्षेत्र में सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है और सारा क्षेत्र भक्ति के रस में डूब गया एवं चारों तरफ मां शेरोवाली की गुंज से क्षेत्र गुंजामय हो गया।महिलाएं सुबह से ही सज धज कर पंडालों में पूजा की थाली लिए पहुंची और मां की पूजा अर्चना की। पुजा के बाद ईख की बली दी गई और साथ ही 108 दीपों से मां की आरती की गई।वहीं महिलाओं ने बताया कि आज का पूजा नवरात्र के अवसर पर काफी महत्वपूर्ण माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन आज महागौरी की पूजा अर्चना पूरे भक्ति भाव से की जा रही है। महागौरी की पूजा करने से सुख समृद्धि की वृद्धि होती है।पुजा समाप्त होने बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

# युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने ग्रामीणों की सुनी समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की टीम ने तोरपा प्रखंड के जरिया पंचायत स्थित हाबो गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक की । बैठक मे ग्रामीणों ने बताया की उनके गांव में 2017 में ही जल मीनार बनाया गया था और एक महीना के उपरांत की उसके पाइपलाइन फट जाने के कारण लोगों के जलापूर्ति बंद है इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि उन लोगों की जमीन की ऑनलाइन रसीद कटवाने में भी परेशानी हो रही है। मौके में अरुण संगा ने गांव वालो को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्या अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द निपटारा कर दिया जाएगा और साथ ही उन्होंने अपने नंबर देते हुए कहा के कोई भी तकलीफ हो तो इस नंबर पर कोई भी टाइम संपर्क कर सकते हैं मौके में खूंटी जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, खूंटी जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष अख्तर, खूंटी जिला महासचिव सुमन जायसवाल,खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ पाहन, खूंटी प्रखंड महासचिव निकोदीन ,रीया और सैंकड़ो ग्रामीण मौजुद थे।

## पिपरवार के बेंती में जिप सदस्य ने किया पूजा पंडाल का उदघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती अशोक मे दुर्गा पूजा का त्योहार उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।रविवार को महाअष्टमी के मौके पर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप मे टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मां दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की।जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव ने क्षेत्र के सभी लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई दी साथ ही शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की।इस मौके पर हरीनारायण गंझु,रोहन गंझु, प्रेम ठाकुर,बैजनाथ प्रजापति, राजेश प्रजापति,गणेश भुईयां,खजांची प्रजापति, रामबालक गंझू,हेमराज प्रजापति,सेवक गझू,लखन साव,रोहित केसरी,दिलीप गझु,ललित ठाकुर,जयराम भुईयां,सिकेन्द्र प्रजापति, मनोज गांझु,रचित गंझू,मनु केशरी,संतोष केशरी,आदित्य केशरी,सोनू केशरी,नितेश प्रजापति,सुनील केशरी, अभय केशरी,अभिजीत ठाकुर सहित पूजा समिति के सभी लोगों के अलावे स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## बचरा में चल रहे दुर्गापूजा मेला में उमड़ रही है लोगो की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा मे दुर्गापूजा के अवसर पर बचरा दुर्गापूजा पंडाल के पास लगाया गया मेला में लोगो की काफी भीड़ देखी जा रही है।मेला में लगाई गई सभी दुकानो मे लोगों की भीड़ देखी गई।मेला मे लगाये गये सभी दुकानो मे लोग जमकर खरीदारी करते देखे जा रहे है।वही बच्चे झूला मे मस्ती करते देखे जा रहे है।मेला मे टावर झुला, नाव झुला,ड्रेगन,ब्रेक डांस, जंपिंग झुला सहित कई प्रकार के झूले लगाए गए हैं, जिसमें बच्चों के साथ बढ़े भी मनोरंजन करते देखे जा रहे हैं।इसके अलावे चाउमिग, चार्ट और आईस्क्रीम की दुकानो मे महिलाओ की अधिक भीड़ देखी जा रही है।मेला मे बचरा के अलावे राय, डकरा, खलारी, चुरी, पुरानीराय ,मैक्लुस्कीगंज, धमधमिया, लपरा, बुड़मू, ठाकुरगावं, बहेरा, किचटों,कारो, कल्याणपूर, बुण्डू, हफुआ, चिरैयांटांड़, बिलारी, टंडवा, केरेडारी सहित कई गांवो के लोगो की भीड़ देखी जा रही है।वही पुरे मेला की निगरानी सीसीटीवी कैमरा से की गई,जबकि पिपरवार पुलिस के द्वारा पुरे मेला परिसर मे पुलिस बल और महिला होमगार्ड को तैनात किया गया था।

# सीमा कुमारी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कोयलांचल का नाम किया रोशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** गणेश स्पोटिंग क्लब राय की बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी सीमा कुमारी ने 34वीं पूर्वी क्षेत्र जुनियर राष्टीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के अंडर-16 बालिका वर्ग मे तीसरा स्थान प्राप्त कर पिपरवार कोयलांचल सहित झारखंड का नाम रौशन किया है।इस संबंध में सीमा कुमारी ने बताया कि 100 मीटर,800 मीटर दौड़,लंबी कूद,ऊँची कूद,गोला फेक एवं भाला फेक इवेंट मे बेहतर प्रदर्शन कर तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।यह प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल मे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एंव पश्चिम बंगाल एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित किया गया था।इधर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के सचिव सह संस्थापक गणेश कुमार महतो ने बताया कि सीमा कुमारी खलारी प्रखंड के पाही गांव बमने पंचायत की रहने वाली है।सीमा कुमारी गणेश स्पोटिंग क्लब से खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर और राष्टीय स्तर तक बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।सीमा के बेहतर प्रदर्शन पर तीन वर्ष पूर्व खेल कूद युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के द्वारा खेल अकादमी के लिए चयनित किया जा चुका है।सीमा को बालिका आवसीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग मे सरकार के द्वारा खेल प्रशिक्षण,रहने के लिए होस्टल,खाने के लिए पौष्टिक भोजन,खेल किट एवं प्रोत्साहन राशी दिया जा रहा है।सीमा के इस उपलब्धि पर क्लब के सचिव गणेश कुमार महतो ने सीमा को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें बधाई देते हुए आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।

## मुरी पुलिस ने झारखंड बंगाल की सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी पुलिस ने रविवार के दिन सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन के नेतृत्व में शारदीय नवरात्र के मौके पर झारखंड बंगाल की सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चार पहिया, दो पहिया वाहन की चेकिंग किया गया। बिना हेलमेट पहने वाहन मालिकों को चेतावनी देकर दोबारा भविष्य में गलती नहीं करने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया। ट्रिपल राइडिंग आरसी बुक इंश्योरेंस तथा चार पहिया वाहनों का डिक्की खोलकर जांच किया गया।साथ ही पुलिस प्रशासन दुर्गा पुजा को लेकर काफी मुस्तैद दिखा।किसी तरह का अप्रीय घटना ना हो इसको लेकर हर तरफ पुलिस प्रशासन गस्ती करते नजर आए। इस मौके पर सशस्त्र दल बल के साथ मौजूद रहे।

# पिपरवार के पूजा पंडालो में नवरात्र के आठवें दिन हुई महागौरी की अराधना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के इलाको मे दुर्गापूजा को लेकर पुरा इलाका भक्तिमय हो गया है।कोयलांचल क्षेत्र के सभी पूजा पंडालो मे नवरात्र के आठवें दिन महाष्टमी को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की अराधना हुई।जानकारी के अनुसार महाष्टमी को पूजा के लिए क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में भारी भीड़ देखी गई।पिपरवार क्षेत्र के बचरा दुर्गा पूजा पंडाल,बहेरा पूजा पंडाल,बेंती पूजा पंडाल, राय कोलियरी पूजा पंडाल,राय बाजार पूजा पंडाल,चुरी पूजा पंडाल सहित अन्य जगहों के सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ देखी गई।बचरा दुर्गा पूजा पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन के लिए काफी भीड़ पूजा पंडाल में देखी गई।वहीं पूजा को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देखा गया।स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा पूजा पंडाल और मेला में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है।वही सीसीएल के द्वारा होमगार्ड जवानों को भी तैनात किया गया है,जबकि पूजा समिति के द्वारा पूरे पंडाल और मेले में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।पंडालों में दर्शन पुजन के लिए आ रही भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुजा पंडाल समिति,सीसीएल एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा खास व्यवस्था के तहत महिला सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।चारों तरफ पुरा क्षेत्र मां दुर्गा के नारों एवं जयकारों से गूंज रहा है।

## जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया पूजा पंडालों में जाकर माथा टेका, शुख शांति का प्रार्थना किया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया के नेतृत्व में रविवार को सिल्ली प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा का आंठवा स्वरूप महागौरी का दर्शन कर क्षेत्र के शुक- शांति, अमन- चैन के लिए प्रार्थना किया। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष अनिल बेदिया, संतोष साहू, संयुक्त सचिव अजीत कुमार महतो, मीडिया प्रभारी भगीरथ महतो, संगठन सचिव द्वारिका महतो, कोषाध्यक्ष लखी चरण मुंडा, उपेंद्र महतो, दिलीप कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, फेंकना महतो, दुलाल मोदक, दिनेश साहू, फागूराम बेदिया, लखीराम बेदिया पंचायत समिति प्रतिनिधि, उप मुखिया दिनेश बेदिया, दिलीप बेदिया, सुभाष महतो, ग्राम प्रधान सुखराम मुंडा, तपन मोदक, श्रीनाथ महतो आदि सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहा।

## जिला प्रशासन ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। रविवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने मरकच्चो दुर्गा मंदिर,नावाडीह1दुर्गा मंडप समेत प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालो का निरीक्षण किया तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों व दुर्गा मंडपों में पुलिस गश्ती वाहन घूम घूम कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर चाक चौबंद है। बीडीओ सह सीओ पप्पु रज्जक,मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार,नवलशाही थाना प्रभारी अनिल सिंह पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस जवानों के साथ क्षेत्र में लगातर गश्ती करते हुए असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रहे हैं। प्रशासन आम जन मानस से असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर पुलिस को सुचना देने की अपील कर रही है। वही पूजा समिति के सदस्यों को कई दिशा निर्देश दिए.

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में नवरात्रि महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में नवरात्रि महोत्सव अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस उत्सव की शुरुआत एक विशेष सभा से की गई जहाँ छात्रों के द्वारा आकर्षक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए। भाव नृत्य के द्वारा देवी दुर्गा के नौ रूपों के महत्व को दर्शाया गया। संपूर्ण विद्यालय परिसर श्लोकों के पवित्र उच्चारण से गूंज उठा। इसके बाद छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए विशेष डांडिया सत्र का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा 'धुनुची' नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया। छात्रों ने शक्ति की देवी से जीवन की परेशानियों से दूर रखने का आशीर्वाद मांगा। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने नवरात्रि उत्सव के अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी और कहा कि जब छात्रों ने आगे बढ़ने का रास्ता चुना है तो उन्हें विवेकशील होने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को इस दिन के महत्व के बारे में भी याद दिलाया और बताया कि चाहे कुछ भी हो, हमेशा अच्छाई की बुराई पर जीत होती है।

## अष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**मरकच्चो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय दुर्गा पूजा की खुशी एवं उल्लास में पूरा प्रखंड डूब चुका है। बज रहे मां के भक्ति गीतों एवं मंत्र उच्चारण से वातावरण मां की भक्ति में सराबोर हो चुका है ।रविवार को सभी पंडालों एवं दुर्गा मंडपों में विधि विधान के साथ महा अष्टमी पूजा, कुमारी कन्या पूजन व संधी पूजा धूमधाम से किया गया। पूजा के बाद माता का आशीर्वाद व प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों में उमड़ पड़ी। दुर्गा मंडपों एवं आसपास के इलाकों को जगमग व दूधिया रोशनी से नहलाया गया है। शनिवार शाम को सप्तमी पूजा के बाद प्रखंड के सभी पंडालों के पट खोल दिए गए ।पट खुलते ही माता के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी जो निरंतर जारी है ।

## कांड्रा एसकेजी कॉलोनी में होगा 72 फीट रावण का दहन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रावण दहन कमेटी कान्ड्रा की ओर से महादशमी के अवसर पर कांड्रा स्थित एसकेजी मैदान में 72 फ़ीट के रावण का दहन होगा। इसकी जोर शोर तैयारी कमेटी के सदस्यों द्वारा की जा रही है। कमेटी के अध्यक्ष लालबाबू महतो ने बताया कि एक दर्जन से अधिक कलाकारों द्वारा प्रदेश में सबसे बड़ा करीब 72 फीट के रावण की प्रतिमूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। इस वर्ष श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र यहां की आकर्षक आतिशबाजी होगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1951 से यहां प्रतिवर्ष रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष आतिशबाजी को अलग अलग ढंग से किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चम्पई सोरेन को आमंत्रित किया गया है जिनके कर कमलों द्वारा रावण का दहन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष राम महतो, महासचिव आदित्य महतो, सचिव राजकिशोर महतो, बप्पा पात्रो, मनीष प्रसाद, बम्बल दास, कोषाध्यक्ष दिलीप डे, राकेश रजक, राजेश डे, उमाकांत महतो, सूरज रजक, वीरू घटवारी, संजय महतो, दिलीप दे, कोषाध्यक्ष राकेश रजक, बाबू सरदार, सूरज सिंह, बादल गोराई समेत सभी सदस्य दिन-रात जुटे हैं।

## महाअष्टमी को पंडालों में महिला श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाअष्टमी पर महागौरी देवी की पूजा करने के लिए क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार को प्रातः चार बजे से ही पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में महिलाएं फल, फूल व अन्य प्रसाद लेकर पूजा करती नजर आई। कई पंडालों में सैकड़ों महिलाएं कतारबद्ध होकर अपनी बारी आने का इंतजार करती देखी गई। महिलाएं व अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा के बाद मां दुर्गा को पुष्पांजलि दी। अहले सुबह से ही छोटा गम्हरिया स्थित दुर्गापूजा मैदान, टीजीएस कॉलोनी, बड़ा गम्हरिया बस्ती, गोराईपाड़ा, एनकेएस मैदान, ट्रेनिंग मोड़, सतवाहिनी, जगन्नाथपुर, कांड्रा एसकेजी कॉलोनी समेत अन्य स्थानों में बनाए गए दुर्गापूजा पंडालो में श्रद्धालुओं का तांता लगा लगा रहा और उन्होंने महागौरी की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी पंडाल ढोल-नगाड़ों और माता के गीतों से गुंजायमान हो उठा है और लोग माता की भक्ति में डूब गए हैं।

## सुखराम हेंब्रम ने किया मां दुर्गा से भक्तों की शांति के लिए प्रार्थना



**नीमडीह :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी सुखराम हेंब्रम दुर्गोत्सव पर नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर, चालियामा, बामनी, आदरडीह, हुंडरु, चांडिल स्टेशन बस्ती व डाकबंगला में स्थित पंडालों में उपस्थित होकर माता दुर्गा से आशीर्वाद लिया एवं क्षेत्र के निवासियों की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सुखराम हेंब्रम ने कहा कि पूजा, पर्व, त्यौहार व मेला झारखंड वासियों की आस्था का महासागर है। उन्होंने कहा कि इन अवसरों पर देवी देवताओं के पूजा के साथ सामाजिक समरसता बढ़ती है। मेला - त्यौहारों के मौके पर एक दूसरे से मिलना सामाजिक सद्भावना को बढ़ाती है। इस अवसर पर श्री श्री सार्वजनीन आंचलिक दुर्गा पूजा समिति रघुनाथपुर के अध्यक्ष चंद्र मोहन दास, सचिव सुरेंद्र नाथ महतो, कृष्णदास महतो, वैद्यनाथ महतो, दुखु सिंह मुंडा, विश्वनाथ मंडल, हाड़ीराम सोरेन, भास्कर टुडू आदि उपस्थित थे।

## महाअष्टमी पर बच्चों के बीच शिक्षा व खाद्य सामग्री का वितरण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा शारदीय नवरात्र के आठवें दिन रविवार को महाअष्टमी के शुभ अवसर 35 बच्चों के बीच शिक्षा एवं खाद्य सामग्री कॉपी, पेंसिल कलर पेंसिल, चिप्स, फ्रूटी, केक एवं चाकलेट आदि का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में रिफ्यूजी कॉलोनी आंगनवाड़ी में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पायल अग्रवाल, प्रीति बुधिया, उषा चौधरी, पूजा अग्रवाल, प्रियंका बंका, सीमा सापरिया आदि का सहयोग रहा।

## शराब भट्ठी बंद करने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**निमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता संदीप मंडल ने चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी के नाम प्रधान सहायक को एक सूत्री मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने नीमडीह थाना क्षेत्र के जुगीलौंग में बड़े पैमाने पर चल रहे शराब भट्ठियों को ध्वस्त व बंद कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जुगीलौंग गांव में दो दर्जन से भी ज्यादा अवैध तरिके से शराब भट्ठियां संचालित हो रही है। जिस कारण गांव के साथ अन्य क्षेत्र में भी सामाजिक वातावरण दुषित हो रही है और पारिवारिक कलह भी बढ़ रही है। उन्होंने कि अवैध महुआ शराब कम दाम में मिलने के कारण किसान, मजदूर, विद्यार्थी आदि वर्ग भी इसके चंगुल में फंसते जा रहे हैं।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने ओल्ड एज होम में लोगों के साथ मनाया दुर्गा पूजा




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवरात्रि के अष्टमी पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने डिमना स्थित फुरुदो ओल्ड एज होम में लोगों के साथ उनके बीच दुर्गा पूजा का त्योहार मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के तौर पर सैयद मनसूर आलम नेशनल कमिटी के जनरल सेक्रेटरी, ट्रस्ट के प्रेसिडेंट मतिनुल हक अंसारी, मानगो निगम निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, हाजी अयूब अली,फिरोज असलम,शाहिद परवेज,मासूम खान, मोहम्मद फिरोज आलम,आजादनगर थाना पीस कमेटी के मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी ने उपस्थित थे। मनसूर आलम ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा इस तरह के कामों की सराहना की और कहा जो लोग अपनी माँ को इस तरह इस उम्र में अकेला छोड़ देते है जब के एक माँ अपना पूरा परिवार पालती है। सभी लोगों ने बहुत उत्साह के साथ इस अवसर का आनंद लिया और त्योहार के अवसर पर खुशी मनाई।

### सचिव व पुलिस महानिरीक्षक ने की दुर्गा पूजा के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा बैठक

# बिना एस्कॉर्ट के विसर्जन नहीं : आईजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मनीष रंजन एवं पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार) अखिलेश कुमार झा ने दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य तैयारियों की समीक्षा बैठक की। जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त, रेल एसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम, एएसपी सिटी, अपर उपायुक्त, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला समेत सभी विभागीय पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त सुपर जोनल, जोनल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे । जिले के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने कहा कि सभी विभागीय पदाधिकारी तत्परता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वह्न करेंगे। प्रायः देखा जाता है कि छोटी-छोटी समस्या बड़ा रूप ले लेती है। उन्होने सिविक एमेनिटिज की समीक्षा की तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर पूजा समितियों के साथ आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करने की बात कही। पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार) ने सभी पूजा पंडालों में अधिष्ठापित अग्निशामक की जांच कर लेने, सीसीटीवी कार्यरत हैं या नहीं तथा सुरक्षा व्यवस्था में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को हमेशा सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होने स्पष्ट कहा बिना एस्कॉर्ट के विसर्जन नहीं करेंगे। वॉलंटियर्स का लिस्ट कंट्रोल रूम से वेरिफाई कर लेंगे । सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखा जाएगा। संवेदनशील पंडालों में विशेष सतर्कता बरतने पर बल देते हुए कहा कि सामाजिक सौहार्द्र एवं समरसता बनाये रखते हुए सफलतापूर्वक त्यौहार संपन्न करायें। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने जिले के वरीय प्रभारियों को प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के अलावा सभी नगर निकायों में वॉर रूम का गठन किया गया है। साथ ही अतिरिक्त कंट्रोल घाटशिला अनुमंडल में बनाया गया है। पंडालों का औचक निरीक्षण जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा नियमित किया जा रहा, ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी से हरेक गतिविधि पर नजर रखी जा रही। सभी पंडालों में वॉलंटियर्स की प्रतिनियुक्ति के अलावा प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का संयुक्तादेश जारी किया गया है। विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर 12 सुपर जोनल, 35 जोनल मजिस्ट्रेट, 164 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा विसर्जन के लिए 16 मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस प्रशासन की तैयारियों को लेकर बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 1152 लोगों के विरूद्ध धारा 107 में कार्रवाई की गई है। सभी प्रतिमा विसर्जन,जुलूस, भीड़ के रूट का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। 20 से 23 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन प्रातः 4 बजे से 11 बजे दिन तक सभी प्रकार के भारी वाहनों(बस को छोड़कर) का परिचालन पूर्णतः वर्जित है। समीक्षा बैठक के उपरांत सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार) द्वारा जिला कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही आम बागान पूजा पण्डाल, मानगो स्थित स्वर्णरेखा घाट पहुंचकर उन्होने विसर्जन रूट, घाट की साफ-सफाई, बेरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## डॉ. गागराई ने मां दुर्गा का दर्शन कर क्षेत्र में सुख शांति की कामना की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर विधानसभा के विभिन्न पूजा पंडाल में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने मां दुर्गा का दर्शन किये एवं क्षेत्र में सुख शांति तथा विकास की कामना की।मौके पर उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का उत्सव वास्तव में शक्ति पाने की इच्छा से मनाया जाता है। जिससे विश्व की बुराईयों का नाश किया जा सके। जिस प्रकार देवी दुर्गा ने सभी देवी-देवताओं की शक्ति को इकट्ठा करके दुष्ट राक्षस महिषासुर का नाश किया था और धर्म को बचाया था।उसी प्रकार हम अपनी बुराईयों पर विजय प्राप्त करके मनुष्यता को बढ़ावा दे सकें।यही दुर्गा पूजा का यही संदेश होता है।उन्होंने कहा सभी लोग एक दूसरे का उसके बुरे एवं अच्छे समय मे मदद करें एवं क्षेत्र के विकास में अहम योजना दें।हमलोगों को इस दुर्गा पूजा के अवसर पर यह प्रण लेने की जरूरत है कि गरीब, लाचार की हर संभव मदद करें।डॉ विजय सिंह गागराई ने आदर्श देवी पूजा समिति कुसुम कुंज, श्री श्री हिन्द पूजा समिति शहीद भगत सिंह चौक, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति न्यू बस स्टैंड, श्री श्री रानी रसाल मंजरी दुर्गा पूजा समिति अनुमंडल अस्पताल, आदि पूजा समिति पुराना बस्ती, श्री श्री आदर्श दुर्गा पूजा समिति रजवाड़ी रोड़, श्री श्री हरि मंदिर दुर्गा पूजा समिति दंदासाई वार्ड नंबर 5, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हनुमान मंदिर दंदासाई वार्ड नंबर 4, भारत भवन दुर्गा पूजा कमेटी,चक्रधरपुर में मां का दर्शन किये।जगह जगह पूजा पंडाल के पदाधिकारियों ने डॉ विजय सिंह गागराई को सम्मानित किया.इस मौके पर काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## पटमदा में मां दुर्गा के महागौरी रूप की हुई पूजा

### डॉ. अजय कुमार ने लिया माता से आशीर्वाद






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** रविवार को महाष्टमी के मौके पर मां दुर्गा के महागौरी रूप की पूजा -अर्चना पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में हुई। इस दौरान सभी पंडालों में काफी संख्या में श्रद्धालु एवं व्रतियों की भीड़ देखी गई। बेलटांड़ स्थित श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में महाष्टमी को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूजा की थाली लेकर पहुंचे। यहां भीड़ होने के कारण पुलिस -प्रशासन की मौजूदगी में प्रसाद की थाली या पैकेट का वितरण करना पड़ा। वही जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं के साथ पंडाल पहुंचकर माता से आशीर्वाद लिया और कमेटी के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उनके साथ फिरोज खान, देबूलाल सहिस, विश्वामित्र दास, धर्मेंद्र सोनकर आदि मौजूद थे। मौके पर पटमदा सीओ चंद्रशेखर तिवारी, थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, अवर निरीक्षक विनय कुमार, समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, महासचिव विजय कुमार मंडल, जगदीश प्रसाद मंडल,आदि थे।

## मधु कोड़ा व सांसद गीता कोड़ा ने चक्रधरपुर के विभिन्न पूजा पंडालों का किया भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर :** रविवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा व पश्चिमी सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने चक्रधरपुर का विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया। सबसे पहले पूर्व सीएम मधुकोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा ने पुरानी बस्ती स्थित आदी शक्ति दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचकर माता दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की । यहां पूजा समिति द्वारा कोड़ा दम्पती का स्वागत किया गया। इसके बाद वार्ड संख्या सात स्थित दुर्गा पूजा पंडाल, अनुमंडल अस्पताल के समीप स्थित रानी रसाल दुर्गा पूजा पंडाल समेत अन्य दुर्गा पूजा पंडाल में पहुंचकर माता की आराधना की. इस मौके पर रसाल दुर्गा पूजा पंडाल में समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार महतो ने सांसद गीता कोड़ा से पूजा के लिए चबूतरा निर्माण कराने के लिए जगह दिलाने की मांग की। इसे लेकर सांसद गीता कोड़ा ने आवेदन देने को कहा। इस मौके पर सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि महाष्टमी के दिन मैं मां दुर्गा से कामना करती हूं कि क्षेत्र में सुख शांति बनी रहे।मां अपने भक्तों की रक्षा करें। जिस तरीके से मां दुर्गा ने अन्याय के खिलाफ लड़कर बुराई को खत्म किया, उसी तरीके से समाज में जो बुराई है उसका खात्मा हो, यही मैं मां दुर्गा से विनती करती हूं।इस मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह रामगढ़ प्रभारी सौरव अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अंबरराय चौधरी, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य विजय सिंह सामड, पोन्डे राम सामड समेत अन्य मौजूद थे।

## बोड़ाम के दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे जुगलसलाई विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** महाष्टमी के मौके पर रविवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र के कई पूजा पंडालों में दौरा करते हुए मां दुर्गा के समक्ष मत्था टेककर क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। विधायक ने महाष्टमी के मौके पर बोड़ाम प्रखंड के सभी पूजा समितियों के पदाधिकारियों से मिलकर दुर्गोत्सव की शुभकामनाएं दी। विधायक कालिंदी ने बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र के श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल बाघरा, पोखोरिया, भुनी, डिगारडीह, भूला और युवा आंचलिक दुर्गा पूजा समिति भूला में पहुंच कर मां दुर्गा के चरणों में मत्था टेककर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा की मां जगत जननी की कृपा से यह दुनिया हैं। उनकी कृपा सभी पर बनी रहे यही मां से कामना करता हूं। मौके पर झामुमो नेता हिमांशु महतो, काजल सिंह, विनय मंडल, रामू कुंभकार, विभीषण महतो, शम्भुनाथ सिंह, रतिरमन सिंह, आकाश सिंह, फाल्गुनी महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बनकुंचिया में 1883 से भूमिज समुदाय के बाघरा परिवार के लोग कर रहे हैं दुर्गा पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कमलपुर थाना अंतर्गत बनकुंचिया गांव में पिछले करीब 200 वर्षों से आदिवासी भूमिज समुदाय की ओर से बाघरा गौत्र से जुड़े परिवार के लोग दुर्गा पूजा का आयोजन करते आ रहे हैं। यहां मंदिर के रूप में आज भी वही पुराना स्वरूप मौजूद हैं। मिट्टी के घर पर एस्बेस्टस की छत वाले इस मंदिर में शुरुआत के दिनों में एक परिवार के लोग ही मां दुर्गा की पूजा करते थे लेकिन बाद में पूजा को सार्वजनिक कर दिया गया और वर्तमान में आसपास के कई गांवों से श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर आते हैं माता की पूजा - अर्चना करते हैं। मंदिर की स्थापना 1883 को स्वर्गीय प्रताप सिंह सरदार के द्वारा किया गया था। बनकुंचिया दुर्गा पूजा कमेटी में सक्रिय सदस्य के रूप में सेनगुप्त सिंह, जवाहरलाल सिंह, असीम कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, चंद्रमोहन सिंह, देवेन सिंह, सुनील सिंह, ठाकुरदास सिंह, आनंद सिंह, अमूल्य सिंह, कालीपद सिंह, कार्तिक सिंह, सुभाष सिंह, त्रिभन सिंह, रामपियारी सिंह, चित्त रंजन सिंह, साधु चरण सिंह व नंदलाल सिंह आदि सभी बाघरा परिवार के लोग शमिल हैं।

## आजाद समाज पार्टी जिला टीम घोषित, दुर्योधन बने जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष अंसार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने आज पूर्वी सिंहभूम ज़िला के कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें घाटशिला के दुर्योधन महतो को पूर्वी सिंहभूम का ज़िला अध्यक्ष बनाया गया, जबकि नासिक अंसार को महानगर अध्यक्ष एवं मंजीत यादव, सरदार रोहित दीप सिंह, भोला रविदास और शमीम अकरम को उपाध्यक्ष बनाया गया। सिख नेता सरदार सुरजीत सिंह को ज़िला प्रवक्ता बनाया गया। प्रसिद्ध आदिवासी मनाधिकार कार्यकर्ता सन्नी सामद को ज़िला महासचिव, ज़िले के दो युवा चेहरे मज़हर खान को युवा अध्यक्ष और मुहम्मद शोएब को ज़िला संगठन सचिव बनाया गया है। वहीं सरदार परमजीत सिंह, वाहिद अली और शिक्षाविद सय्यद खलील अहमद को जिला सचिव और दिलशाद अख्तर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। घोषणा के बाद प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम के मूलनिवासियों और शोषित वंचित समाज को उनका हक दिलाना और उनकी आवाज़ बनना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

## सरायकेला सहित आस पास के क्षेत्र में दुर्गा पूजा का उत्सव जोरों पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** सरायकेला जिला मुख्यालय सहित सीनी कोलाबीरा एवं दुगनी सहित आस पास के क्षेत्र में रविवार को दुर्गा पूजा उत्सव के तहत अष्टमी पूजा का आयोजन विधिवत किया गया। मंदिर एवं पूजा पंडाल में मां की पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रेल नगरी सीनी में बाजार स्थित दुर्गा मंदिर एवं रेलवे कॉलोनी में स्टेशन के पास मैदान स्थित पूजा पंडाल में प्रतिवर्ष की भांति कोलकाता के तर्ज पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। यहां रविवार को महा अष्टमी की पूजा हुई। जहां सुबह दोनों पूजा स्थल पर पूजा की थाली लेकर श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचने लगे। शुभ मुहूर्त पर पूजा आरंभ हुई और श्रद्धालु बारी बारी से मां का दर्शन करते हुए माथा टेक पूजा अर्चना कर पुष्पांजलि दी। दुगनी दुर्गा मंदिर में कई पंचायत के श्रद्धालु पूजा अर्चना को लेकर मां के दरबार में पहुंचते हैं। यहां की दुर्गा पूजा पर लोगों की काफी आस्था एवं भक्ति है। सुबह से ही पूजा की थाली लेकर महिलाएं माता के दरबार पहुंची और कतार में खड़ी होने लगी। यहां खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। दुगनी में इस वर्ष पहाड़ी दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया है जहां आकर्षक पंडाल निर्माण कर पूजा का आयोजन किया गया है। कोलाबीरा दुर्गा मंदिर में भी रविवार को महाअष्टमी की पूजा हुई और पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई। यहां कई पंचायत की श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा अर्चना को लेकर पहुंचती हैं।चमारु दुर्गा मंदिर में कई पंचायत के श्रद्धालु मां दुर्गा के दरबार में पहुंचते हैं। क्षेत्र का यह एकमात्र दुर्गा मंदिर है। रविवार को अष्टमी पूजा में यहां मां दुर्गा की दरबार में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई।पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा सभी स्थानों पर कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। दुगनी एवं कोलाबीरा में मुख्य मार्ग पर यातायात को सुव्यवस्थित की गई थी। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने स्वयं दुगनी एवं कोलाबीरा मंदिर में जाकर व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांतिपूर्वक मां की पूजा अर्चना करने की अपील की। यह दोनों मंदिर सड़क के किनारे अवस्थित है, इसलिए यातायात व्यवस्थित करने को लेकर व्हील बैरियर लगाया गया है जहां पुलिस के जवान तैनात है।

## संपादकीय

# 'हमास' का असली चेहरा

**हमास** और उसकी हुकूमत वाले गाजा पट्टी क्षेत्र की आखिरी नियति तय है। इजरायल बहुत गुस्से में है और बहुतकनीकी ताकत वाला देश है। वह हमास को 'मिट्टी' बनाकर ही चैन की सांस लेगा। यह इजरायल की फितरत भी है। लाखों लोग गाजा से विस्थापित हो चुके हैं। पलायन के बाद वे कहां जाएंगे, अभी निश्चित नहीं है। इजरायल ने गाजा के बिजली, पानी, भोजन, दवाएं आदि की आपूर्ति बंद कर रखी है। यह मानवाधिकार का कुचलना भी है, लेकिन युद्ध का अनिवार्य फलितार्थ भी है। इजरायल, अमरीका और मिस्र के बीच सहमति बनी है कि पश्चिमी पासपोर्ट वाले लोग सीमा पार करके मिस्र में आ सकते हैं। कोई भी अरब देश गाजा के विस्थापित शरणार्थियों को अपने देश में शरण देने को तैयार नहीं है। उधर हमास के संभावित अड्डों और आतंकियों के ठिकानों पर इजरायल की सेना का समन्वित आक्रमण तैयार है। हमला आसमान, जमीन, समंदर से एक साथ किया जाएगा। हमास के दो शीर्ष कमांडरों-अली कादी और मुराद अबू मुराद-को मार कर ढेर करने का दावा इजरायल सेना ने किया है। बीती 7 अक्तूबर को इजरायल में किए गए खौफनाक हमलों का नेतृत्व इन्हीं कमांडरों ने किया था। बहरहाल अभी तक 3500 से ज्यादा लोग, दोनों तरफ के, मारे जा चुके हैं और घायलों की संख्या 12,000 से अधिक बताई जा रही है। इजरायली सेना के ताजा हमलों के बाद ये आंकड़े कहां तक जाएंगे, फिलहाल अनुमान ही लगाया जा सकता है। बेशक यह युद्ध है, लिहाजा मासूम लोग भी गिरफ्त में आएंगे। मासूमों की लाशें भी बिछेंगी, लेकिन यह भी मानना चाहिए कि यह आतंकवाद के खिलाफ युद्ध है। इजरायल ने फिलिस्तीन वाले हिस्से पर आक्रमण नहीं किया है। अमरीकी विदेश मंत्री ब्लिंकेन ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की है। जाहिर है कि युद्ध के संदर्भ में भी कोई बात हुई होगी! दरअसल हमास 100 फीसदी आतंकी संगठन है। जिस तरह पाकिस्तान में जैश-ए-मुहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, तहरीके तालिबान, अफगानिस्तान में तालिबान और हक्कानी, लेबनान में हिजबुल्ला, मिस्र में मुस्लिम ब्रदरहुड और नाइजीरिया में बोको हराम आदि संगठित, चरमपंथी आतंकी संगठन हैं, गाजा पट्टी में हमास उनसे कम आतंकी नहीं है। यदि हिजबुल्ला के पास करीब 1.5 लाख मिसाइलें, रॉकेट आदि की ताकत बताई जाती है, तो हमास के पास 5000 रॉकेट और युद्ध के अन्य उपकरण कहां से आए? वह अब भी इजरायल पर रॉकेट दाग रहा है? उसे आर्थिक मदद कौन देश देते रहे हैं? भारत के मुस्लिम संगठन, पर्सनल लॉ बोर्ड, मु_ी भर नेता और कथित प्रवक्ता एवं स्कॉलर्स अपने-अपने पूर्वाग्रह छोड़ें और हमास को आतंकी संगठन मानें। हमास को आतंकी न मानने से मुसलमानों के वोट पक्के नहीं होंगे। हमास के आतंकियों की तुलना हमारे राष्ट्रीय क्रांतिकारियों-सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, बिस्मिल आदि-और स्वतंत्रता सेनानियों से न करें। यह बेहद नापाक और देश-विरोधी मानसिकता है। विडंबना और दुर्भाग्यपूर्ण है। इजरायल ने हमास पर युद्ध थोपा नहीं है, बल्कि आतंकियों ने हमले कर जिन 1300 से अधिक लोगों को मारा है, बच्चों के सरकलम किए हैं, महिलाओं के साथ दुष्कर्म और हत्या कर, उनके नग्न जिस्मों पर 'राक्षसी नाच' किया है, बेशक इजरायल अपने नागरिकों का प्रतिशोध जरूर लेगा। यही उसकी फितरत और ताकत है। हमारे मुस्लिम संगठन और नेता चीख-चीख कर इसे फिलिस्तीन की आजादी और जीने के अधिकार पर हमला करार दे रहे हैं। यह सोच और विश्लेषण ही गलत हैं। मुस्लिम चेहरे सवाल उठा रहे हैं कि बीते सालों में 1.5 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों को क्यों मार दिया गया? उनमें करीब 35,000 बच्चों का कत्लेआम भी क्यों किया गया? लेकिन मुस्लिम ठेकेदारों ने अभी तक हमास को 'आतंकी' नहीं माना है, आश्चर्य है। अधिकतर इस्लामी देश भी हमास को आतंकी मानने पर खामोश हैं। दरअसल आतंकवाद संपूर्ण मानवता के लिए ऐसी घातक स्थिति है, जिससे कोई भी देश अछूता नहीं है, लेकिन हैरत है कि संयुक्त राष्ट्र संघ आज तक आतंकवाद की सर्वसम्मत परिभाषा तय नहीं कर पाया है। युद्धरत देशों पर संयुक्त राष्ट्र का कोई अंकुश नहीं है। सोचना चाहिए कि यदि हमास जिंदा रहता है, तो भारत, मध्य-पूर्व, यूरोप, अमरीका के बीच बनने वाला कॉरिडोर कभी आकार नहीं ले सकेगा।

इजरायल ने गाजा के बिजली, पानी, भोजन, दवाएं आदि की आपूर्ति बंद कर रखी है। यह मानवाधिकार का कुचलना भी है, लेकिन युद्ध का अनिवार्य फलितार्थ भी है। इजरायल, अमरीका और मिस्र के बीच सहमति बनी है कि पश्चिमी पासपोर्ट वाले लोग सीमा पार करके मिस्र में आ सकते हैं। कोई भी अरब देश गाजा के विस्थापित शरणार्थियों को अपने देश में शरण देने को तैयार नहीं है। उधर हमास के संभावित अड्डों और आतंकियों के ठिकानों पर इजरायल की सेना का समन्वित आक्रमण तैयार है। हमला आसमान, जमीन, समंदर से एक साथ किया जाएगा। हमास के दो शीर्ष कमांडरों-अली कादी और मुराद अबू मुराद-को मार कर ढेर करने का दावा इजरायल सेना ने किया है। बीती 7 अक्तूबर को इजरायल में किए गए खौफनाक हमलों का नेतृत्व इन्हीं कमांडरों ने किया था। बहरहाल अभी तक 3500 से ज्यादा लोग, दोनों तरफ के, मारे जा चुके हैं और घायलों की संख्या 12,000 से अधिक बताई जा रही है। इजरायली सेना के ताजा हमलों के बाद ये आंकड़े कहां तक जाएंगे, फिलहाल अनुमान ही लगाया जा सकता है। बेशक यह युद्ध है, लिहाजा मासूम लोग भी गिरफ्त में आएंगे। मासूमों की लाशें भी बिछेंगी, लेकिन यह भी मानना चाहिए कि यह आतंकवाद के खिलाफ युद्ध है इजरायल ने फिलिस्तीन वाले हिस्से पर आक्रमण नहीं किया है। अमरीकी विदेश मंत्री ब्लिंकेन ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की है।

## कुछ अलग

# वंदे भारत से हिमाचल वंदे

**देखतेही** देखते ऊना का अंब-अंदौरा, हिमाचल पर्यटन का नया प्रवेश द्वार बन गया। यह भारतीय रेलवे के कारण और सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों से शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन के कारण संभव हो रहा है। दिल्ली से हिमाचल तक वंदे भारत का सफर समूची कांगड़ा घाटी, हमीरपुर व ऊना जैसे जिलों के भ्रमण और सैलानी यात्रा का वृत्तांत है जिसे प्रदेश सरकार और आगे ले जाकर सफल बना सकती है। पर्यटन को ट्रेन की संभावना से जोड़ते हुए ऊना में सिख पर्यटन की क्षमता विभिन्न ऐतिहासिक व धरोहर गुरुद्वारों के कारण बढ़ जाती है, जबकि कालका, पठानकोट व अंब-अंदौरा जैसे रेलवे स्टेशनों से धार्मिक व सामान्य पर्यटन का क्षमतावान चेहरा सामने आएगा। कुछ समय में ही अंब-अंदौरा तक आती वंदे भारत ने इस स्टेशन की परिधि में टैक्सियों व निजी वाहनों की कतार लगा दी है, तो वहां ट्रैफिक जाम जैसी परिस्थिति पैदा हो रही है। वंदे भारत ट्रेन दिल्ली से चल कर अंबाला, चंडीगढ़ तथा आनंदपुर साहब रुक कर ऊना व अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशनों के विकास की हिदायत देती है, तो वहां से सीधे ज्वालामुखी तक विस्तार की संभावना को प्रबल करती है। यहां से ज्वालामुखी तक का हवाई सर्वेक्षण बताता है कि आगे पटरी बिछाने के लिए बीस से पच्चीस किलोमीटर का प्रयत्न हिमाचल की तकदीर बदल सकता है। विडंबना यह है कि कांगड़ा-चंबा के सांसद रहे शांता कुमार पठानकोट की खिलौना ट्रेन पर ही ब्रॉडगेज लाइन का सपना ढोते रहे, तो सांसद अनुराग ठाकुर ऊना से हमीरपुर तक अपने कर्मक्षेत्र को जोड़ते रहे। इस बीच तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी अनुराग ठाकुर के साथ मिलकर ऐसी ट्रेन के सपने का शुभ मुहूर्त निकाला होता तो आशाओं का यह सफर एक साथ चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, कांगड़ा, चामुंडा व दियोटसिद्ध जैसे मंदिरों के यात्रीगणों को रेलवे विस्तार की सूचना दे चुका होता। पाठकगण जानते होंगे कि दिव्य हिमाचल ने ही सर्वप्रथम राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से चीन सीमा तक लहासा ट्रेन की तर्ज पर मनाली-लेह तक नई रेलवे लाइन की मांग की थी। इसी तरह हमने बार-बार कहा है कि हिमाचल का रेलवे विस्तार न पठानकोट और न ही कालका से होगा, बल्कि ऊना से टेंपल ट्रेन परियोजना जैसे संकल्प से पूरा होगा। कोंकण रेल परियोजना की तर्ज पर अगर हिमाचल भी रेलवे के साथ पचास-पचास प्रतिशत की पार्टनरशिप पर आगे बढ़े तो तमाम बड़े मंदिरों की आय से हम रेल विस्तार को अंजाम तक पहुंचा सकते हैं।

### इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उग्रवादी समूह को मलबे में फेंक देने की कसम खाई है

# इजरायल और हमास के युद्ध से मानवता पर बढ़ता खतरा

ललित गर्ग

युद्ध की बढ़ती मानसिकता विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। हमास ने नासमझी दिखाते हुए आतंकी हमला करके सोये शेर को जगा दिया है। आतंकी हमले का पहला राउंड इस मायने में पूरा हुआ माना जा सकता है कि उसे अंजाम देने वाले संगठन हमास ने कहा है कि उसका जो मकसद था वह पूरा हो चुका है और अब वह युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है।

**रूस** और यूक्रेन के बाद अब इजरायल और हमास के बीच धमासान युद्ध के काले बादल विश्व युद्ध की संभावनाओं को बल देते हुए लाखों लोगों के रोने-सिसकने एवं बर्बाद होने का सबब बन रहे हैं। युद्ध की बढ़ती मानसिकता विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। हमास ने नासमझी दिखाते हुए आतंकी हमला करके सोये शेर को जगा दिया है। आतंकी हमले का पहला राउंड इस मायने में पूरा हुआ माना जा सकता है कि उसे अंजाम देने वाले संगठन हमास ने कहा है कि उसका जो मकसद था वह पूरा हो चुका है और अब वह युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन प्रश्न है इजरायल इस हमले पर कैसे शांत रहेगा? उसके यहां हुए महाविनाश एवं व्यापक जनहानि के बाद उसके लिये कथित युद्धविराम प्रस्ताव का कोई अर्थ नहीं है? इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़े शब्दों में कहा कि युद्ध शुरू तो हमास ने किया है, लेकिन खत्म हम करेंगे। दुश्मनों ने अंदाजा भी नहीं लगाया होगा कि उन्हें इसकी कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी।'' आज दुनिया से आतंकवाद को खत्म करना प्रमुख प्राथमिकता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में इजरायल के साथ है। भारत युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहता है, लेकिन कोई जबरन हिंसा एवं आतंक को पनपाता है तो उसे नियंत्रित करने के लिये उचित कदम उठाने की होंगे। हमास के सरगना मोहम्मद डेफ ने इस हमले को महान क्रांति का दिन बताते हुए कहा कि 'हमने इसरायल के विरुद्ध नया सैन्य मिशन शुरू किया है। बस अब बहुत हो गया। अब हम और बर्दाश्त नहीं करेंगे।' इस पर गुस्साए इजरायल ने भी आधिकारिक तौर पर 'हमास' के विरुद्ध युद्ध का ऐलान करके इसे 'आप्रेशन आयरन स्वोड्र्स' नाम दिया है तथा गाजापट्टी के इलाके में 17 ठिकानों पर इजरायल वायु सेना के लड़ाकू जैट विमानों द्वारा ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। जहां तक इजरायल की जवाबी कार्रवाई का सवाल है तो इतना तो तय है कि बात यहीं नहीं रुकेगी, जंग का दूसरा राउंड शायद पहले से ज्यादा भीषण एवं महाविनाशक होगा, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नेतन्याहू सरकार इसे किस तरह से अंजाम देगी। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि गाजापट्टी उसके हमलों का निशाना बनेगी। गाजापट्टी में हमास का प्रभाव जरूर है, लेकिन वहां 23 लाख लोग रह रहे हैं जिनका एक बड़ा हिस्सा हमास की



गतिविधियों और योजनाओं से अनजान होगा। ऐसे बेकसूर लोग जितनी बड़ी संख्या में इजरायली कार्रवाई के शिकार होंगे, मानवाधिकार का सवाल उतने बड़े रूप में उभरेगा और फलस्तीनियों के लिए तथाकथित सहानुभूति भी जुट सकती है। विश्व शांति, अमन एवं अहिंसक समाज रचना दुनिया की जरूरत है, लेकिन हमास जैसी आतंकी सोच इसकी सबसे बड़ी बाधा है, इसलिये हमास की जितनी निंदा की जाए कम है। जिस संगठन को बंदूक छोड़कर गाजा पट्टी के विकास में लगना चाहिए, वह संगठन धर्म-अधर्म के रास्ते ताकत सिर्फ इसलिए जुटाता है, ताकि इजरायल के शरीर पर पहले से कहीं गहरा छुरा धंसा सके, मर्माहत आघात कर सके? मोसाद बनाम हमास की लड़ाई मानो एक व्यवसाय बन गई है, विकृत एवं हिंसक मानसिकता का स्थायी घर बन चुकी है। दोनों देशों की सत्ताएं आखिर शांति एवं अमन का सबक क्यों नहीं लेती? स्वयं अपने देश में स्थायी शांति के प्रति गंभीर क्यों नहीं होती है? आज उन्हें स्थायी शांति के उपायों पर जोर देना चाहिए, दुनिया को ऐसे देशों की जरूरत है, जो आतंकमुक्ति को सही दिशा में प्रेरित करें, ताकि पश्चिम एशिया के खूनी दलदल को हमेशा के लिए पाटा जा सके। अभी लेबनान की तरफ से हिजबुल्ला के कुछ हमले हुए हैं लेकिन लेबनान सरकार उस इलाके में शांति और स्थिरता बने रहने की इच्छा जताने तक सीमित है। ईरान और सऊदी अरब ने भी फलस्तीनियों के हक में शांति कायम करने की कोशिश की बात कही है। अगर बात बढ़ी और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हमास के लिए समर्थन बढ़ा तो हालात बदतर ही होंगे। दुनिया को लगातार युद्ध, आतंक, अशांति, हिंसा की ओर धकेलने वालों से सवाल पूछना ही होगा कि युद्ध एवं आतंक से हासिल क्या होगा? सबसे पहले धर्मगुरुओं से और उसके बाद राजनीतिक आकाओं से यह समझना होगा कि ऐसी युद्ध एवं आतंक की मानसिकता से किसका भला हो रहा है? निर्दोषों की हत्याएं भला कैसे जायज हैं? अगर ऐसी हत्याएं जायज हैं, तो फिर मजहबों के मानवीय एवं शांतिप्रिय होने का बखान बंद होना चाहिए। बुरा आदमी और बुरा हो जाता है जब वह साधु बनने का स्वांग रचता है। दुनिया में छोटी-छोटी बातों पर लोगों के दिल आहत हो जाते हैं, पर हजारों निर्दोष एवं मासूक बच्चों एवं महिलाओं की मौत से कौन आहत हुआ है? कहां है मानवता? कहां है विश्वशांति का स्वप्न? निश्चित ही हिंसा की धरती पर शांति की पौध नहीं उगायी जा सकती। लगभग सत्तर साल से फलस्तीन के नाम पर जो खून-खराबा हो रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इन इलाकों में दुश्मनियों को इंसानी रगों में पाला जाता है, ताकि मौका आने पर खून बहाया जा सके? क्या ऐसे इलाकों में युवा जवान ही इसलिए होते हैं कि इंसानियत को शर्मसार कर सकें? कोई ऐसे दाग-धब्बों के साथ अपने देश का इतिहास लिखता है क्या? बड़ा प्रश्न है कि इस व्यापक हिंसा एवं आतंक को रोकने वाला कौन होगा? कोई आतंकी हमास के साथ दिख रहा है, तो कोई इजरायल के लिए लुट-मिट जाने को बेताब है? बात हर तरफ विनाश की है। युद्ध एवं आतंक करने वाले और उनको प्रोत्साहन देने किसी को भी आज तक ऐसा कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन नहीं मिला, जो उसे गौरवान्वित कर सका हो। जब तक आतंक एवं युद्ध की मानसिकता वाले राष्ट्रों के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में भले ही बन्द हो जाये, दिमागों में बन्द नहीं होती। इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे, आतंक एवं हिंसक मानसिकता पर लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते। इस हिंसक, आतंकी एवं युद्ध के दौर का दुखद पहलू है कि पुतिन का नया रूस भी यूक्रेन को निशाना बनाते हुए बच्चों एवं महिलाओं को नहीं बख्शता है। जहां अपने और पड़ोसी के कल्याण की चिंता होनी चाहिए थी, वहां केवल बदले की भावना हावी है। बर्बरता, क्रूरता, उन्माद एवं जघन्यता बढ़ती जा रही है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उग्रवादी समूह को मलबे में फेंक देने की कसम खाई है।

# शोध-नवाचार से ही तेज होगा विकास

पिछले वर्ष जीआईआई रैंकिंग में भारत 40वें क्रम पर ही था। यद्यपि 10 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट 2023 के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक 6.3 फीसदी रहेगी। लेकिन देश के बहुआयामी तेज विकास और 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2047 में विकसित देश बनने के ऊंचे लक्ष्य को पाने के लिए भारत में शोध एवं नवाचार पर और अधिक ध्यान दिया जाना जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं कि भारत में शोध और नवाचार पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। जहां वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत 2015 में 81वें स्थान पर था, वहीं अब भारत की रैंकिंग 40वीं है। खास बात यह भी है कि इस बार भारत 37 निम्न-मध्यम-आय समूह अर्थव्यवस्थाओं के बीच अग्रणी बनकर उभरा है। साथ ही भारत नवाचार के संबंध में मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊपर है। इन सबके बावजूद अब देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की रफ्तार तेजी से बढ़ाने के लिए देश में शोध व नवाचार के नए अध्याय लिखे जाने जरूरी हैं।

**हाल** ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) 2023 की रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में भारत 40वें पायदान पर दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष जीआईआई रैंकिंग में भारत 40वें क्रम पर ही था। यद्यपि 10 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट 2023 के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक 6.3 फीसदी रहेगी। लेकिन देश के बहुआयामी तेज विकास और 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2047 में विकसित देश बनने के ऊंचे लक्ष्य को पाने के लिए भारत में शोध एवं नवाचार पर और अधिक ध्यान दिया जाना जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं कि भारत में शोध और नवाचार पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। जहां वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत 2015 में 81वें स्थान पर था, वहीं अब भारत की रैंकिंग 40वीं है। खास बात यह भी है कि इस बार भारत 37 निम्न-मध्यम-आय समूह अर्थव्यवस्थाओं के बीच अग्रणी बनकर उभरा है। साथ ही भारत नवाचार के संबंध में मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊपर है। इन सबके बावजूद अब देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की रफ्तार तेजी से बढ़ाने के लिए देश में शोध व नवाचार के नए अध्याय लिखे जाने जरूरी हैं। गौरतलब है कि शोध एवं नवाचार की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे विविध क्षेत्रों में अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था, घरेलू कारोबार में सरलता, विदेशी निवेश जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। भारत की शोध एवं नवाचार ऊंचाई में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्टअप और यूनिकॉर्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है। निःसंदेह भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। स्टार्टअप के लिए वित्तीय इंतजाम में भी भारत की बढ़त जारी है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार तेजी से समय के साथ आधुनिक हो रहे हैं। कृषि से संबंधित चुनौतियों के समाधान के लिए भारत ने जिस तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया, उससे भारत कृषि विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा है। भारत शोध और नवाचार को और अधिक प्रोत्साहन देते हुए देश को मैन्युफैक्चरिंग और फॉर्मा हब बनाने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यहां उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर को केंद्र सरकार ने फॉर्मा और मेडटेक सेक्टर (पीआरआई) में शोध व नवोन्मेष को प्रोत्साहन देने के लिए 5000 करोड़ रुपए की योजना शुरू की है। यह योजना भारत के फॉर्मा-मेडटक सेक्टर को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय जब दुनिया चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिवेश का सामना कर रही है, तब भी भारत शोध एवं नवाचार की मदद से तेज विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है। लेकिन अब हमें यह ध्यान रखना होगा कि इस समय जो भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, उसे वर्ष 2027 में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और फिर 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए शोध और विकास (आरएंडडी) की भूमिका अहम बनानी होगी। यदि हम आरएंडडी की दृष्टि से देखें तो आज भारत लगभग उसी मुकाम पर खड़ा है, जहां 60-70 वर्ष पहले अमेरिका था। यह ध्यान देने योग्य है कि अमेरिका ने आरएंडडी पर तेजी से अधिक खर्च बढ़ाते हुए सूचना प्रौद्योगिकी, संचार, दवाओं, अंतरिक्ष अन्वेषण, ऊर्जा और अन्य तमाम क्षेत्रों में तेजी से आगे बढक़र दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनने का अध्याय लिखा है। इस समय अमेरिका में आरएंडडी पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 2.8 प्रतिशत, चीन में करीब 2.1 फीसदी, इजराइल में 4.3 फीसदी और दक्षिण कोरिया में करीब 4.5 फीसदी व्यय किया जाता है। जहां दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आरएंडडी पर खर्च निरंतर तेजी से बढ़ा है, वहीं भारत में पिछले चार दशक से आरएंडडी पर व्यय करीब 0.6 से 0.7 प्रतिशत के बीच स्थिर दिखाई दे रहा है, जो ब्रिक्स देशों की तुलना में कम है और विश्व औसत 1.8 फीसदी से भी कम है। ऐसे में भारत को भी आर्थिक शक्ति और विकसित देश बनाने के लिए आरएंडडी की ऐसी सुविचारित रणनीति पर आगे बढऩा होगा जिसके तहत सरकारए निजी क्षेत्र और शोध संस्थानों के बीच सहजीविता और समन्वय के सूत्र आगे बढ़ाए जा सकें। इसके साथ ही आरएंडडी में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी भी बढ़ाई जानी होगी। इस समय देश में निजी क्षेत्र का आरएंडडी पर खर्च जीडीपी के मात्र 0.35 फीसदी के स्तर पर है। यहां यह उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जिस नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) की स्थापना के विधेयक पर मुहर लगाई है, वह कानून बनने पर देश में शोध एवं नवाचार को क्रांतिकारी बदलाव के साथ नए स्वरूप में नई ऊंचाई देते हुए दिखाई दे सकेगा। इससे उच्च शिक्षा और तकनीकी शोध दोनों में बड़े बदलाव लाए जा सकेंगे। एनआरएफ से अनुसंधान उच्च शिक्षा संस्थाओं के साथ सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी क्षेत्र पर भी फोकस किया जा सकेगा। इससे छोटे वैज्ञानिक शोधों पर ध्यान केंद्रित हो सकेगा। इससे हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली में काम कर रहे लाखों शिक्षाविदों और सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों में काम कर रहे लाखों स्नातक एवं शोध करने वाले छात्रों को शोध एवं नवाचार के लिए मदद पहुंचाई जा सकेगी।

## देश दुनीया से

# पर्यटन विकास, शिक्षा व सामुदायिक जुड़ाव

पर्यटन सतत विकास के लिए एक शक्तिशाली चालक है। यह महिलाओं और युवाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण में योगदान देता है और समुदायों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ाता है। विश्व पर्यटन दिवस सामुदायिक पहुंच के साथ हरित निवेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, जी-20, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र केंद्रीय विश्वविद्यालय का विश्व पर्यटन दिवस के निरंतर विकास की विविध उपलब्धियों का जश्न मनाने का कार्यान्वयन, प्राकृतिक जल संसाधनों का संरक्षण, स्वच्छता अभियान, औषधीय पौधों का वृक्षारोपण, शहर में हेरिटेज वॉक, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व ऐतिहासिक विरासतों के प्रति आकर्षण बढ़ाने और शहर के स्मारकों के संरक्षण लिए हेरिटेज वॉक, पारंपरिक पोशाक में प्रमुख आगमन बिंदुओं पर शहर में अतिथि का स्वागत, हरित निवेश प्रस्ताव, साथ ही लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से पारंपरिक हस्तशिल्प, कारीगर, व्यंजन-पकवान, साथ ही साथ स्थानीय पारंपरिक सांस्कृतिक खजाने को पुनर्जीवित करना।

**हाल** ही में 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। विश्व पर्यटन दिवस पर्यटन क्षेत्र की विविध उपलब्धियों का जश्न मनाने का मौका होता है। दशकों के सबसे अच्छे हिस्से के लिए, हमने पर्यटन के अद्वितीय विकास का जश्न मनाया, आकार में, पहुंच में और महत्व में। यह दिवस समावेश को बढ़ावा देने, प्रकृति की रक्षा करने और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन की शक्ति का जश्न मनाता है। पर्यटन सतत विकास के लिए एक शक्तिशाली चालक है। यह महिलाओं और युवाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण में योगदान देता है और समुदायों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ाता है। विश्व पर्यटन दिवस सामुदायिक पहुंच के साथ हरित निवेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, जी-20, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र केंद्रीय विश्वविद्यालय का विश्व पर्यटन दिवस के निरंतर विकास की विविध उपलब्धियों का जश्न मनाने का कार्यान्वयन, प्राकृतिक जल संसाधनों का संरक्षण, स्वच्छता अभियान, औषधीय पौधों का वृक्षारोपण, शहर में हेरिटेज वॉक, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व ऐतिहासिक विरासतों के प्रति आकर्षण बढ़ाने और शहर के स्मारकों के संरक्षण लिए हेरिटेज वॉक, पारंपरिक पोशाक में प्रमुख आगमन बिंदुओं पर शहर में अतिथि का स्वागत, हरित निवेश प्रस्ताव, साथ ही लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से पारंपरिक हस्तशिल्प, कारीगर, व्यंजन-पकवान, साथ ही साथ स्थानीय पारंपरिक सांस्कृतिक खजाने को पुनर्जीवित करना। पहुंच एक निश्चित समूह तक संदेश पहुंचाने का एक ठोस और लक्षित प्रयास है। समुदायों के सामाजिक पहुंच कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास के लिए अपनाई जाने वाली एक शैक्षिक प्रक्रिया है। यह उन्हें सामुदायिक भावना के महत्व की याद दिलाता है जिसे समाज में विकसित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा प्रणाली में अभिनव बदलाव पेश करती है जिसमें अनुभवात्मक शिक्षा, कौशल विकास और समग्र शिक्षा पर जोर दिया गया है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय इन सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एनईपी 2020 के संयोजन में विश्व पर्यटन दिवस मनाने में कार्यशालाओं, सेमिनारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने वाले शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं जो एक व्यापक शैक्षिक ढांचे में पर्यटन के महत्व को उजागर करते हैं। पर्यटन में सामुदायिक जुड़ाव महत्वपूर्ण है। स्थानीय समुदाय अक्सर प्राकृतिक और सांस्कृतिक खजाने के प्रबंधक होते हैं। विश्व पर्यटन दिवस समारोह में सामुदायिक सफाई अभियान, जिम्मेदार पर्यटन पर जागरूकता अभियान और पर्यटन से संबंधित उद्यमिता के माध्यम से स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने की पहल शामिल है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' या 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' महाउपनिषद के प्राचीन संस्कृत पाठ से लिया गया है। विषय सभी जीवन के मूल्य की पुष्टि करता है- मानव, पशु, पौधे और सूक्ष्मजीव, और ग्रह पृथ्वी और व्यापक ब्रह्मांड में उनके परस्पर संबंध। इस भावना में, वर्तमान विश्व पर्यटन दिवस का उद्देश्य हरित निवेश, सभी के लिए अधिक टिकाऊ, लचीला और समावेशी भविष्य की दिशा में पर्यटन के परिवर्तन का समर्थन करना है।

## दृष्टिकोण

# मेजबानी का सवाल

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 141वें इंटरनैशनल ओलिंपिक कमिटी (IOC) सेशन के उद्घाटन के दौरान इस बात की पुष्टि कर दी कि भारत 2036 ओलिंपिक आयोजन की मेजबानी का दावा करेगा। यह एक बड़ी घोषणा तो है लेकिन हाल के घटनाक्रम की रोशनी में देखें तो न केवल स्वाभाविक है बल्कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के पॉजिटिव रेस्पॉन्स की उम्मीद भी दिलाती है। इसका शुरुआती संकेत IOC प्रेसिडेंट थॉमस बाख के इस बयान में दिखता है कि भारत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिर भी आयोजन की मेजबानी की राह में अभी कई चुनौतियां हैं। इसके लिए भारत को कई मानकों से गुजरना होगा। यह बात भी सही है कि विशुद्ध आर्थिक लिहाज से देखा जाए तो ओलिंपिक आयोजन को लेकर कुछ शंकाएं-आशंकाएं भी रही हैं। पिछली सदी के उत्तरार्ध में तो कई विशेषज्ञ इसे घाटे का सौदा कहने लगे थे। बाद में टीवी राइट्स रेवेन्यू के बढ़ते आंकड़ों ने सूरत बदली। लेकिन 2020 के तोक्यो ओलिंपिक (जो आखिरकार 2021 में आयोजित हुए) में कोविड-19 की महामारी के चलते जिस तरह की दिक्कतें आईं और खर्च में जो बेतहाशा बढ़ोतरी हुई, उसने एक बार फिर पुरानी आशंकाओं को बल दिया। कुछ देशों के इससे पीछे हटने के भी उदाहरण देखने को मिले हैं। लेकिन एक तो कोविड-19 से उपजे हालात को सामान्य नहीं माना जा सकता। वह एक विशेष स्थिति थी जो मानव सभ्यता के इतिहास में कभी-कभी आती है। दूसरी बात यह कि ओलिंपिक हो या ऐसा कोई दूसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन, उससे होने वाले फायदों को न तो खर्च और आमदनी के तात्कालिक आंकड़ों में नापा जा सकता है और न ही आर्थिक क्षेत्र तक सीमित किया जा सकता है। इन आयोजनों के लिए जिस तरह के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की जरूरत होती है, वह खासकर विकासशील देशों के लिए लंबे समय तक फायदेमंद साबित होता है। भारत में राजधानी दिल्ली में अस्सी के दशक में हुए एशियाई खेलों के आयोजन से लेकर अब तक के तमाम अनुभव इसकी पुष्टि करते हैं। इसके अलावा यह ध्यान में रखना भी जरूरी है कि ऐसे आयोजन देश की विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों से दुनिया को परिचित कराने का अच्छा मौका होते हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय फलक पर देश की साख मजबूत होती है। इसका बढ़िया उदाहरण देश में हुई जी20 देशों की शिखर बैठक है, जिसके सफल आयोजन का स्वाद देश ने हाल ही में चखा है और इससे दुनिया में बढ़ी साख को महसूस कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह कि एक स्पोर्ट्स पावर के रूप में भारत का कद हाल के वर्षों में जिस तेजी से बढ़ा है और जिसका ताजा सबूत एशियाई खेलों में पदकों की संख्या में हुई अप्रत्याशित बढ़ोतरी है, उसके मद्देनजर भी ओलिंपिक की मेजबानी एक ऐसा मौका है, जिसे हमें हाथ से जाने नहीं देना चाहिए।

## झारखण्ड कोलवरी मजदूर यूनियन रैयत विस्थापित मोर्चा के एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु प्रखंड अंतर्गत अमरवाडीह पंचायत के एलउत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोलीटांड स्थित झारखण्ड कोलवरी मजदूर यूनियन रैयत विस्थापित मोर्चा के तत्वाधान मे शनिवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया इस सेमिनार की अध्यक्षता राजकुमार उरांव व इसका सफल महेंद्र उरांव ने किया। इस कार्यक्रम में सैंकड़ो की संख्या मे लोग पहुंचे। संयुक्त रूप से मगध परियोजना क्षेत्र फुलबासिया मे भू- रैयत व सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के लोगों की समस्या को लेकर चर्चा की गई.द्यसेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव झारखण्ड कोलयरी मजदूर यूनियन मगध संगमित्रा के क्षेत्रीय सचिव गुरुदयाल साव आरभीएम केंद्रीय सदस्य विजय साव ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की सीआरएस नौकरी, पानी, बिजली, शिक्षा के लिए विद्यालय सड़क स्कूली बस कम मजदूरी दर में विस्थापितो को घंटो काम करवाया जाता है, सीसीएल द्वारा मुआवजा, रोजगार, समयनुसार रोजगार, किये गए वायदे के आधार पर काम नहीं करती है तो एक जुटता का परिचय देते हुए अपना हक अधिकार के लिए संघर्ष करेंगे. वहीं सर्वसम्मिति से मगध परियोजना का रैयत विस्थापित मोर्चा का समिति का भी विस्तार किया गया. झारखण्ड कोलवरी मजदूर यूनियन मगध परियोजना से अध्यक्ष सचिव का घोषणा किया गया रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव , सचिव प्रवेश पांडेय , उपाध्यक्ष वीरेंद्र गंझू, शीतल गंझू, दीपा देवी, संयुक्त सचिव त्रिवेणी गंझू, नारायण गंझू, ललिता देवी, संगठन सचिव प्रदीप गंझू, बैजनाथ गंझू, विनेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष कुलदीप गंझू, उप कोषाध्यक्ष कौलेश्वर गंझू, प्रवक्ता महेंद्र उरांव, मीडिया प्रभारी सुनील गंझु व कार्यकारिणी सदस्य 51 बनाए गए। झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन, अध्यक्ष राजकुमार, उरांव, सचिव राजेश गंझू, वहीं सभी नवचयनित कमिटीयों ने कहा की अपना दायित्व पर खरा उतरूँगा, सीआरएस नौकरी पानी बिजली स्कूल सड़क बस कम मजदूरी करवाया जाता है।

## विधायक ने खधैया पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** महाअष्टमी पूजा के दिन प्रखंड क्षेत्र के खधैया दुर्गा मंडप के पंडाल का उद्घाटन सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास कबरा मुखिया नीलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा व सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पाण्डेय ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना और फीता काट कर किया। इस दौरान विधायक श्री दास के द्वारा क्षेत्रवासियों को नवरात्रि और दुर्गा पूजा की बधाई देने के साथ साथ आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनाने की अपील की। वहीं मुखिया नीलेश ज्ञासेन ने कहा मां की पूजा करने पर सुख समृद्धि धन ऐश्वर्य आदि सभी चीजों की असीम आशीर्वाद प्राप्त होती है। इसके पूर्व दुर्गापूजा समिति के द्वारा आगंतुकों का स्वागत माता की चुनरी पहनाकर किया। इस मौके पर जिप सदस्या देंवती देवी, उप प्रमुख जितेंद्र सिंह, मुखिया महावीर साव, पंचायत समिति सदस्य आशा सिन्हा, पूर्व मुखिया गजेन्द्र कुमार, प्रयाग राम, प्रमोद सिंह, कृष्ण सिन्हा, देवनाथ महतो, नवीन कुमार, शुभम कुमार, चितरंजन कुमार, लखन राणा, रामदेव राणा समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा अष्टमी में माता को दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु भक्ति भाव से की पूजा अर्चना



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय दुर्गा पूजा की खुशी एवं उल्लास में पूरा पत्थलगड़ा प्रखंड डूब चुका है। बज रहे मां के भक्ति गीतों एवं मंत्रोच्चारण की गूंज से वातावरण मां की भक्ति में सराबोर हो चुका है। रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक समेत सभी दुर्गा पंडालों एवं दुर्गा मंडप में विधि विधान के साथ महा अष्टमी पूजा, कुंवारी कन्या पूजन व संधि पूजा धूमधाम से किया गया। पूजा के बाद माता का प्रसाद व आशीर्वाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों में उमड़ पड़ी। दुर्गा मंडप एवं आसपास के इलाकों को जगमग व दूधिया रोशनी से नहलाया गया है। शनिवार शाम को सप्तमी पूजा के बाद प्रखंड के सभी पंडालों के पट खोल दिए गए। पट खुलते ही माता के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान सुभाष चौक में शंध्या के समय श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के द्वारा महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए माता भोग लगा प्रसाद वितरण किया जाता है।

## ड्रोन कैमरा के साथ एसपी उतरे सड़क पर, कई मुहल्ले में ड्रोन उड़ा कर किया सर्वेक्षण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने साफ शब्दों में बोले किसी भी व्यक्ति को कानून को अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है, किसी भी छोटी बड़ी न्यूसेंस के लिए पुलिस द्वारा जारी नंबर पर खबर करे, और पुलिस प्रशासन को सहयोग करे। शहर में लगाए गए कैमरा के नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किए साथ ही दो जगहों के कैमरे को दुरुस्त किया जा रहा है। शहर के विभिन्न पूजा पंडाल का भ्रमण किया गया। इनके साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र ऊराव, सार्जेंट अरबिंद कुमार प्रशिक्षु डी एस पी वसीम रजा थाना प्रभारी शिवप्रकास कुमार पु .अ. नि मनोज पाल पु.अ.नि विकाश पासवान सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

## कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने जिला कार्यालय का किया उद्घाटन, धूमधाम से मनाया तीसरा वर्षगांठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** रविवार को कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन जिला कार्यालय का उद्घाटन लाईन मुहल्ला के राजकुमार साव के मकान में किया गया।संस्था का तीसरी वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर पूजा अर्चना कर फीता व केक काट कर चतरा जिले मे जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। वही संस्था के निर्देशक ने बताया की हमारी संस्था कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन विगत 3 वर्षो से निरंतर जरूरतमंद के विवाह मे मदद करती आ रही हैं। वही जिला प्रबंधक शेखर पासवान बताया की सुदूरवर्ती क्षेत्रों में गरीब व असहाय अनाथ बच्चीयों के विवाह में निशुल्क सामग्री दिया जाता है। संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, प्रताड़ना, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना एवं महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना मुख्य लक्ष्य है मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि चतरा नगर परिषद अध्यक्ष गुंजा देवी ने संस्था की कार्य को सराहना की। मौके पर गोबिंद राम ,सदर थाना चतरा से मनोज पासवान, संस्था के पदाधिकारी सतेंद्र पासवान, देव कुमार भोक्ता, सोनी देवी, राजेश कुमार, मनीष कुमार, आशीष कुमार, आदित्य ठाकुर, सुशीला देवी एवं अन्य उपस्थित थे।

## महाष्टमी में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** महाष्टमी को लेकर सुबह से ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के पंडाल मे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और पूजा अर्चना कर रहे है। नौड़ीहा बाजार के मेन बाजार, बबुआ दुरा, लक्ष्मीपुर, डगरा व गुलाबझरी, महुअरी, शाहपुर, सरईडीह बाजार, खैरादोहर, नामुदाग, कोरामी, डुमरी, नीमा, विजय चौक समेत कई स्थानों पर पूजा पंडाल आकर्षक रूप से सजाया गया है। महाष्टमी के दिन के लोग व्रत रखते है और नवमी के दिन तक उपवास नहीं रखते है। इस दौरान विधायक श्रीमति पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइयाँ, जिला परिषद सुदामा पासवान, सांसद प्रतिनिध अमरेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक, प्रमुख रेशमी कुमारी, उप प्रमुख मीरा कुमारी, पूर्व प्रमुख श्रीमति फुलवा देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष गौतम कुमार, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारती, पत्रकार संघ के अध्यक्ष पप्पू यादव, उपाध्यक्ष विश्वप्रेम कुमार, समाज सेवी अजय कुमार, पंसस शत्रुधन साव, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव आदि ने क्षेत्र भ्रमण करते हुए सुख समृद्धि के लिए अमन चैन की दुआ मांगा। दुर्गा पंडाल के आस पास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गया। भक्तों ने पूजा पंडाल मे देवी के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी है। मौके पूजा कमिटी के अध्यक्ष मुन्ना कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, सचिव के अलावा मुखिया प्रतिनिधि आलोक यादव, धनंजय प्रसाद, रामबली पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर 2023 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम रहेगा बंद : उपायुक्त



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के समीप लगे मेला के कारण एवं स्टेडियम में कूड़ा-कचड़ा ना फैले और बंद अवधि तक साफ-सफाई किया जा सके। इसे लेकर उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को दिनांक 31 अक्टूबर 2023 तक बंद किया जाता है। इस अवधि में आमजन के लिए व खिलाड़ियों के लिए भी स्टेडियम में आवागमन प्रतिबंधित रहेगी। अगर कोई भी इसकी अवहेलना करते पकड़े जाते हैं तो उनसे दंडशुल्क के रूप में निर्धारित राशि वसूल की जाएगी।

## 301 पाठकर्ताओं के बीच हुआ अल्पाहार का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के अम्बाकोठी में श्रीरामचरित मानस नवाह्वन परायण पाठ महायज्ञ के अष्टमी तिथि को दिलीप मशीनरी मार्ट के द्वारा 301 महिला पाठकर्ताओं के बीच अल्पहार का वितरण किया गया।प्रतिष्ठान के राजेश अग्रवाल ने बताया कि वे प्रति वर्ष नवरात्र के महाअष्टमी तिथि को मानस पाठ कर्ता महिलाओं के बीच अल्पाहार का वितरण करते हैं, उन्होंने सभी पाठकर्ताओं को जलपान के अलावा चुनरी व मिनरल वाटर दिया। मौके पर मौजूद छोटे बच्चों के बीच चाकलेट का भी वितरण किया गया. इस अवसर पर जवाहर प्रसाद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मनोज दास शर्मा, उमेश अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, विशाल अग्रवाल एवं परिवार के कई सदस्य मौजूद थे।

## स्कॉर्पियो पलटा, चालक सहित तीन घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत बारिखाप पुल के पास हजारीबाग जिला बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम गांव से स्कार्पिओ मे सवार होकर लातेहार लड़की की छेंका करने जा रहे वाहन अनियंत्रित होकर पलटा गई जिससे तीन घायल हो गए। स्कार्पिओ पलटने से बादम निवासी चालक मो अफरोज के शरीर के कई हिस्सों मे चोट लगी है घायल चालक को नजदीकी अस्पताल माँ उग्रतारा नर्सिंग होम मे उपचार किया गया। वहीं समीना खातून (43) सबीना खातून( 41) की आंशिक चोट लगी है. सभी खतरे से बाहर बताया जा रहा है. बादम निवासी मो सुफियान ने बताया कि हम सभी एक ही परिवार से है, हमलोग लड़की की छेंका के लिए बादम से सपरिवार स्कार्पिओ जेएच 01 ईआर 4290 से सवार होकर लातेहार जा रहे थे. की बारियातू थाना क्षेत्र के बारिखाप स्थित पुल के पास स्कार्पिओ अनियंत्रित होकर तीन राउंड पलट गई जिससे सवार लोगों मे अफरातफरी मच गई। स्कारपियो के पलटने की अवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे, ग्रामीणों के मदद से पलटे हुए स्कार्पिओ को उठाकर पायलों को नजदिकी अस्पताल पहुचाया गया।

## दुर्गा पूजा को लेकर चतरा पुलिस अलर्ट एसपी ने शहर में किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला के एसपी राकेश रंजन ने कई दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को कई दिशा निर्देश दिए। एसपी ने पूजा पंडाल की विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, यातायात, पंडालों में सुरक्षा मानकों की वस्तुस्थिति का जायजा लिए। मूर्ति विसर्जन से पूर्व बिजली के तारों को हटाने और विसर्जन जुलूस तय रूट में निकालने के लिए कहा गया। पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, लाईट व्यवस्था, महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था करने, पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात रखने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

## मतनाग टोला आदिम जनजाति परिवार के लोग गंदे पानी पीने को हैं मजबूर

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत केड़ पंचायत के ग्राम गाड़ी टोला मतनाग के आदिम जनजाति परिवार के लोग गंदे पानी पीने को मजबूर हैं। बतादें कि ग्राम गाड़ी में लगभग एक दर्जन परहिया आदिम जनजाति परिवार के लोग निवास करते हैं, जहां अभी तक सरकार की महत्वकांक्षी योजना से वंचित हैं।सुरजदेव परहिया ने बताया कि हमलोग यहां बारह से पंद्रह घर निवास करते हैं,परंतु हमलोगों को विजली पानी की समस्या बहुत गंभीर है।ना तो पीने के लिए शुद्ध जल और ना विजली का व्यवस्था। हमलोगों के बीच एक चुआंड़ी जैसी कुआं है इसमें में भी वर्षात की समय उपर की पानी भर जाती है एक ही कुएं पर हमलोग आश्रित हैं, नल जल की योजना सिर्फ सुनने को मिलती है हमलोग तो इस योजना से विलकुल वंचित हैं। एक जलमीनार लगा भी है जो खराब पड़ा है। और विजली भी अभी तक हमलोगों को नसीब नहीं हुआ। 10 वर्ष पहले विजली का खंभा गाड़ कर संवेदक के द्वारा चालु कर दिया गया था लेकिन ओ भी खंभा टूट गई और हमलोग विजली विभाग को सूचना भी दीये परंतु आज तक दुरुस्त नहीं किया गया। रविन्द्र परहिया, माधो परहिया राजेश परहिया सुरेंद्र परहिया नन्हकू परहिया समेत सभी ग्रामीणों ने प्रशासन से विजली एवं पानी कि व्यवस्था की मांग किया है।

## मधुमक्खी के काटने से एक युवक घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगडा ग्राम में रविवार को मधुमक्खी के काटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कामेश्वर यादव 30 वर्ष पिता खेटू यादव ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी अपने खेत मे पानी पटवन के लिए जा रहा था। इसी दौरान मधुमक्खियो के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर की देखरेख में उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

## धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे का भावना पनपती है : पुनम देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के पांडेयपुरा गांव के शिव मंदिर प्रांगण में शनिवार की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, पंचायत के मुखिया संजय उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिप अध्यक्षा पूनम देवी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना पनपती है। उन्होंने कहा कि भक्ति में ही शक्ति है। मनुष्य को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने कहा कि नवरात्रि के मौके पर चारों तरफ भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग भक्ति भाव से पूरी तरह ओत प्रोत है। पंचायत के मुखिया संजय उरांव ने कहा कि पांडेयपुरा गांव में सार्वजनिक पूजा समिति द्वारा इस तरह के आयोजन कराने से गांव सहित पूरे पंचायत भक्तिमय हो गया है। उद्घाटन के बाद समिति के द्वारा सभी अतिथियों व कलाकारों को चुनरी व गमछा पहना कर सम्मानित किया गया। भक्ति जागरण में रामगढ़ से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। भक्ति जागरण के दौरान कलाकारों ने ऐसा समां बांधा की दर्शन भक्ति रस से सराबोर हो गए। मौके पर समिति के अध्यक्ष बसंत प्रसाद, सचिव विश्वनाथ प्रसाद, गोविंद प्रसाद, दिलीप प्रसाद, श्याम बिहारी प्रसाद, काशी प्रसाद, अशोक प्रसाद, केदार प्रसाद, पंकज गुप्ता, पारस प्रसाद, दिनेश प्रसाद, नवल प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, बरुन प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, पिन्टु प्रसाद, आनंद कुमार, पवन प्रसाद, निरंजन प्रसाद, उमेश प्रसाद, प्रभात कुमार, अखिलेश कुमार, राकेश कुमार, आनंद कुमार, प्रमोद कुमार, नितेश कुमार, रतन प्रसाद, संजय प्रसाद समेत गांव के बुढ़ा, जवान, युवक, युवती मौजूद थे।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी किया प्रदर्शित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां द्वारा संयुक्त रूप से आज रविवार को नगर भवन लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए। ज्ञात हो कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 का आयोजन रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक किया जा रहा है। दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। प्रतियोगिता में भारत, जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया एवं थाईलैंड की टीमें भाग लेंगीं। इस बाबत ट्रॉफी का टूर झारखंड के 24 जिलों में आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य हॉकी प्रेमियों को इस प्रतियोगिता के बारे जानकारी उपलब्ध कराना और आयोजन को सफल बनाने का है। आज इस मौके पर उपायुक्त लोहरदगा ने खेल प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर से बेहतर की तलाश करो,ि मल जाए नदी तो समुंदर की तलाश करो,टूट जाता है शीशा पत्थर की चोट से टूट जाए पत्थर,ऐसा शीशा तलाश करो। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों खूब मेहनत करें। आप अपनी मेहनत से कुछ भी हासिल कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा ने कहा कि आप कड़ी मेहनत करें, अनुशासन और ईमानदारी से काम करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। चाहे आप जिस क्षेत्र में हों। अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा ने कहा कि यह आयोजन झारखंड में हो रहा है। एशिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ियों का रांची आना प्रारंभ हो गया है। आज हम लोग लोहरदगा में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्रदर्शित की गई है जो काफी गौरवान्वित करने वाला क्षण है। हमारे झारखंड की बेटियों ने हॉकी के क्षेत्र में काफी बेहतर किया है। कार्यक्रम के आयोजन में आज जिला खेल कार्यालय का अहम योगदान रहा। आज इस मौके पर नीरू शांति भगत, खेल कार्यालय के लखन राम, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष महादेव भगत, सचिव अजीत भगत, क्रिकेट कोच अमित कुमार, एकेडमी एथलीट कोच विनय उरांव, दुबराज यादव, अनुप कुमार, विमलकांत, मंगरा उरांव, सोमा उरांव, पप्पू कुमार साहू, सत्नरायण महली, आशु, सहित संबंधित क्षेत्र के खिलाड़ी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# दुर्गापूजा व आगामी त्योहारों को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** राज्य में दुर्गा पूजा,दीपावली, छठ पर्व समेत अन्य पर्व -त्योहारों के दौरान विधि -व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए है।

त्योहार के दौरान जिलों में विधि व्यवस्था सामाजिक सौहार्द और भाईचारा बनी रहे इसके लिए राज्य स्तर से सभी जिलों में प्रभारी पदाधिकारी के रूप में वरीय प्रशासनिक तथा पुलिस पदाधिकारीयों को जिला आबंटित कर सुरक्षा व्यवस्था की कमान सौंपी गई है। इसी क्रम में परिसदन कक्ष में हजारीबाग के लिए वरीय प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किए गए राहुल कुमार पुरवार,(भा.प्र.से) सचिव उच्च शिक्षा एवं तकनीकि शिक्षा विभाग एवं प्रिया दूबे(भा.पु.से) अपर पुलिस महानिदेश,(प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण) की अध्यक्षता में डीआईजी नरेंद्र सिंह,उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे के साथ जिला की प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई।

मौके पर उन्होंने पर्व- त्यौहार के दौरान सुरक्षा, साफ सफाई, स्वच्छता, बिजली-पानी, यातायात व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली एवं कई अहम बिंदुओ पर चर्चा हुई।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ साथ उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखने के निर्देश दिए। दुर्गा पूजा के दौरान संवेदनशील और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरते। विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था को मुस्तैद रखने को कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर विधायक ने कार्यकर्ताओं और सहयोगियों के साथ विभिन्न पूजा पंडालों का किया दर्शन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को नवरात्र के महा अष्टमी और नवमी के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं और दर्जनों सहयोगियों के साथ कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र का सघन दौरा कर विभिन्न पूजा पंडालों का दर्शन किया और दुर्गा मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही साथ शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में लोगों से त्यौहार मनाने का अपील भी किया। मौके पर उन्होंने कहा कि विजयादशमी पर्व असत्य पर सत्य के जीत का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारगी के तहत पर्व मनाने की अपील करते हुए दशहरा के पारंपरिक परंपरा को बरक़रार रखने का आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल ने इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के ढौठवा, कोनहर, झरदाग,कठोतिया ,शाहपुर, कटकमसांडी, डांटों, लुपुंग , पबारा, पेलवाल, कंडसार, बरगड़ा, पिचरी, डांड़ आदि जगहों पर स्थापित पूजा पंडालों का दौरा किया । मौके पर विशेष रुप से उनके साथ कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,पुर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीति लाल यादव पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, महामंत्री महबीर सिंह,कटकमसांडी भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष बिरेंद्र कुमार बीरू, सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, नरेश पांडेय, शिशु पाल सिंह,प्रकाश कुशवाहा,बिनोद सिंह, महामंत्री अरविंद यादव,शाहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, दुर्जय प्रसाद, सुभाष यादव,दीपू यादव,राजेश साव,नरेश पासवान,सुमन राय दिलीप कुमार रवि,दीपक मेहता,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रमोद यादव, अजीत रविदास,मनोज पांडेय,कपिल दांगी,अमित सिंह,तुलसी साव,रोहित पांडेय, शंकर सिंह,रंजीत अग्रवाल,बलदेव प्रजापति, लीलो सिंह भोक्ता, रविंद्र महतो, चिंतन शर्मा, घनश्याम मेहता, रविंद्र कुमार, मुकेश श्रयार,बिपिन पांडे,।सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्तागण शामिल थे। सभी ने आकर्षक ढंग से सजाए गए पूजा पंडालों को देख मंत्रमुग्ध हुए। विभिन्न पूजा पंडालों के आयोजकों व धर्मप्रेमियों द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत भी किया गया।

### संधि बलि पूजन में उपविकास आयुक्त अपने संपूर्ण परिवार के सदस्यों के साथ हुई सम्मिलित



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर में शरदीय नवरात्र को लेकर शहर के श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखी जा रही है। उसी उत्साह के बीच बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के पूजा पंडाल में जय माता दी के उद्घोष से पूरा पूजा पंडाल गूंज उठा। रविवार को महाअष्टमी के शुभ अवसर पर देर शाम संधि बलि पूजा संपन्न की गई, पूजा में उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित उनकी माताजी, उनके भाई एवं उनके पति और नन्ही सुपुत्री शामिल हुई। सभी ने 108 दीप प्रज्वलित किया। इसके उपरांत संधि बलि पूजा प्रारंभ हुई। संधि बलि के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने जय माता दी की जयकारा लगाया। संधि बलि में ईख, तरबूज डाब की बलि दी गई जिसमें पहले माता की पूजा अर्चना व आरती की गई। संधि बलि में आसपास के कई श्रद्धालु गण उपस्थित थे। संधि बलि पूजा में पधारी उपविकास आयुक्त एवं उनके समस्त परिवार के सदस्यों को महासमिति के द्वारा चुनरी उढाकर स्वागत किया गया वहीं भव्य पंडाल की स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। महासमिति के पुजारी के द्वारा पूजा अर्चना संपन्न कराया गया। वही संध्या 7ः00 बजे से भव्य महाआरती की गई जिसमें पंडाल परिसर में कई श्रद्धालुगण उपस्थित हुए आरती के दौरान बंगाल से आए ढाक के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। बोकारो के पथरिया से पधारे मानवेंद्र मुखर्जी, सुदीप बनर्जी,अनूप पाठक के द्वारा मां दुर्गे की पूजा अर्चना विधिवत रूप से संपन्न कराई जा रही है। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी जिला वासियों को नवरात्र तथा दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता रानी का पूजा अर्चना करने का संपूर्ण परिवार के साथ सौभाग्य मिला माता रानी की पूजा अर्चना कर जिला वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। मौके पर गणेश गोप,प्रदीप जैन,अशोक सिन्हा,पीकू यादव,पवन गुप्ता,प्रमोद खण्डेलवाल, लक्ष्मण निषाद संजय यादव,रितेश खण्डेलवाल, सिद्धांत मद्धेशिया, शंपा बाला, अभय निषाद, यश राज,आदित्य कुमार, मोहित कुमार सहित कई सदस्यगण मौजूद थे।

## झामुमो सचिव ने फिर की गरीब असहाय की मदद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ झामुमो प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय कुमार प्रजापति ने अभावग्रस्त गरीब परिवार के श्राद्ध कार्यक्रम में पुनः दूसरे परिवार की मदद की,जो उनकी मानवीय संवेदना को व्यक्त करती है।बातचीत के दौरान उन्होंने नाम लेते हुए हिचक के दौरान काफी जोर देने पर उन्होंने बताया कि विष्णुगढ़ के खरना पंचायत ग्राम बुढ़वाडीह निवासी चमन गंझू की आकस्मित मौत हो गई।गंझू समाज के प्रखंड अध्यक्ष नारायण गंझू से इस विषय मे बात हुई उन्होंने बताया कि वह नितांत अभाव ग्रस्त है,जिसे मदद की आवश्यकता है। उनकी उपस्थिति में मानवीय आधार पर उनके श्राद्ध कार्यक्रम में पचास किलो चावल ,सब्जी तथा पाँच सौ रुपये नकद देकर कुछ हद मदद पहुंचाने का एक छोटा सा कार्य किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से नारायण गंझू,सुनील सिंह,दुलारचंद गंझू समेत गाँव के लोग मौजूद थे ।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा महाअष्टमी को किया गया कुंवारी पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर का सबसे चर्चित बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति इस वर्ष अपनी 23वीं वर्षगांठ बना रहा है शहर में कुछ अलग दिखने की दृष्टिकोण से विभिन्न तैयारी की गई है श्रद्धालु माता रानी का दीदार कर अपने परिवार के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना कर रहे हैं वही महा अष्टमी को पंडाल परिसर में सुबह 10ः00 बजे कुंवारी पूजा अर्थात कन्या पूजा संपन्न हुआ बोकारो के पथरिया से पधारे मानवेंद्र मुखर्जी, सुदीप बनर्जी एवं गिद्धौर से आए अनूप पाठक के द्वारा पुजा अर्चना संपन्न कराया गया महासमिति वर्ष 2001 से लगातार महा अष्टमी के दिन ही कुंवारी पूजा अर्थात कन्या पूजा करते आ रही है। वही नवमी को दोपहर करीब 11ः30 बजे के उपरांत हवन पूजा किया जाएगा। यजमान के रूप मे गणेश यादव एवं सिद्धांत मद्धेशिया माता रानी की मुख्य पूजा कर रहे हैं। वही पूजा कमेटी के सदस्यों में शंपा बाला,मोहित कुमार,अभय निषाद,राजकुमार सोनकर,सचिन कुमार,यश राज,आदित्य कुमार,अमन साहिल मौजूद थे।

## दुर्गा मंदिरों में मां गौरी की पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की उमड़ी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र में आज दुर्गाष्टमी को लेकर आज मां दुर्गा का आठवां रूप मां गौरी कि पूजा अर्चना को लेकर प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भक्तगण का पूजा अर्चना को लेकर सुबह से हीं मंदिरों में तांता लगा रहा. इसी निमित्त बरकट्ठा शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा के अवसर पर मां दुर्गा मंदिर बरकट्ठा में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव एवम पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्षा हजारीबाग श्रीमति चंदन देवी, पुत्र अजीत यादव सहित सपरिवार पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए मां दुर्गा से सुख, समृद्धि, शांति की कामना किए।मौके पर मुखिया प्रमिला देवी, पूजा आचार्य शिवकांत पाण्डेय,पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव,पूजा समिति के अध्यक्ष रामखेलावन यादव,जीबलाल नायक, महेश मंडल, शिवकुमार यादव,उपेंद्र यादव, आदि श्रद्धालु लोग उपस्थित थें।

## बड़कागांव के पूजा पंडालो में आजसू नेता रोशन लाल चौधरी ने टेका माथा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा पंडालो में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने पहुंचकर माता का आशीर्वाद लिया। मौके पर सभी श्रद्धालुओं से उन्होंने कहा कि आप सभी माता रानी का त्यौहार शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। आगे उन्होंने बताया कि मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में अपना आशीर्वाद बनाए रखें ताकि हम सभी बड़कागांव विधानसभा वासी सुख समृद्धि के साथ रह सके। आगे उन्होंने कहा कि माता का आशीर्वाद बना रहेगा तो बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र तरक्की के राह पर चलेगा। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, राजा खान, सुरेश गिरी, उपेंद्र कुमार, सुरेश दांगी, कृष्णा साव, तुलेश्वर राम, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार गुप्ता सहित पूजा पंडालो के अध्यक्ष, सचिव और श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बरही के छोटा शिवालय का पूजा पंडाल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना

# मां दुर्गा की भक्ति से मिलती है शक्ति : उदय केसरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** गया रोड स्थित छोटा शिवालय परिसर में इस बार प्राचीन बद्रीनाथ धाम में मां दुर्गा का आगमन हुआ है।इस बार पूजा समिति के ने देश के सर्वोच्च चार धामों में एक प्राचीन मंदिर बद्रीनाथ धाम का स्वरूप दिया गया है।इस पंडाल में करीब डेढ़ माह से बंगाल के 15 कारीगर लगे हुए थे।तब जाकर पंडाल को अंतिम रूप दिया जा सका।वहीं विद्युत सज्जा कारीगर रामगढ़ से हैं,इसके बारे में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष उदय केसरी उपाध्यक्ष सुरेंद्र निषाद व शिवा निषाद ने बताया कि सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड 8 वर्ष पूरा कर रही है, इस पूजा कमेटी में मुख्य संरक्षक बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव हैं। वहीं मनोज कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष बद्रीनाथ मंदिर का भव्य पंडाल बनाया गया है,इसके साथ ही डिजनिग्लैंड मेला सह मिना बाजार का आयोजन किया गया है।पंडाल के अंदर आकर्षक विद्युत सज्जा समेत बरही चौक से गया रोड रेलवे ब्रिज तक विद्युत साज से चकाचौंध रहेगी। जो अपनी ओर लोगों को आकर्षित कर रही है।और इस कार्य के लिए उन्होंने पूजा कमेटी के सदस्यों का आभार जताया। पूजा पंडाल के निर्माण में करीब 7 लख रुपए का खर्च आई है,जिसकी ऊंचाई लगभग 70 फीट और लंबाई 110 फीट चौड़ाई 30 फीट की है। भव्य पंडाल पंडाल के अंदर दुर्गा माता की प्रतिमा है।प्रतिमा की ऊंचाई 14 फीट की है इसके साथ अन्य देवों की प्रतिमा 25 से 30 फीट के एरिया में स्थापित की जाएगी। हजारीबाग के जाने माने मूर्तिकार सुनील प्रजापति के नेतृत्व में प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। शाम में महाआरती और डिज्नीलैंड मेला सह मीना बाजार को लेकर प्रतिदिन काफी भीड़ भाड रहती है। खास कर दुर्गा पूजा के नवमी और दशमी के दिन यहां पदमा चौपारण बरकट्ठा चंदवारा सहित विभिन्न क्षेत्र के लोग पूजा पंडाल और माता के विशाल रूप का दर्शन करने आते हैं।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के पूजा पंडाल पहुंचे उपायुक्त व एसपी, माता रानी की पूजा अर्चना की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर का सबसे चर्चित बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति इस वर्ष अपनी 23 वीं वर्षगांठ वर्षगांठ बड़े धूमधाम से संपन्न कर रहा है माता रानी की आराधना करने के लिए हर कोई पूजा पंडाल पहुंच रहा है इसी क्रम मे शनिवार को रात्रि में पूजा पंडाल में विराजमान मां दुर्गे का दर्शन करने के लिए उपयुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे पहुंचे। उनके आगमन के बाद महासमिति के पाधिकारियों के द्वारा दोनों अतिथियों को चुनरी देकर उनका स्वागत किया गया।जिसके पश्चात भव्य पंडाल की स्मृति चिन्ह भेंट की गई। दोनों अतिथियों ने माता रानी का दर्शन कर शहर के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। दोनों अतिथियों को पंडाल की विशेषता से रूबरू कराया गया जिसके बाद अतिथियों ने पंडाल परिसर में पहुंचे बच्चों के साथ तस्वीर खिंचवाया।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 3 नवंबर से




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कृषि के क्षेत्र में ड्रोन प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग को लेकर आगामी 3 नवंबर से 5 नवंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के कृषि विभाग एवं टेक्नोग्राउंड प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जाएगा। इसे लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार, सह प्राध्यापिका फरहीन सिद्दीकी व प्रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से विवरणिका जारी की। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीकों के जरिए उन्नत खेती की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस विवरणिका में कार्यशाला को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई है। इसे विभिन्न शिक्षण संस्थानों, विभिन्न गांव के किसानों व अन्य लोगों तक पहुंचाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यशाला का लाभ मिल सके। डॉ गोविंद ने बताया कि कृषि में ड्रोन के उपयोग से कृषि कार्य तो आसान हो ही जाता है, साथ ही सॉफ्टवेयर की मदद से दूर रहकर भी अन्य आधुनिक उपकरणों के सहारे उन्नत खेती पर ध्यान भी दिया जा सकता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, इस लिहाज से ऐसे कार्यशाला की अहमियत और अधिक बढ़ जाती है। कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि कम लागत में उन्नत कृषि कार्य ना सिर्फ आज की जरूरत है बल्कि समय की मांग भी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में किसान, वैज्ञानिक, विद्यार्थी कोई भी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.aisectuniver-sityjgarkhand.ac.in पर जाकर ऑनलाइन या विश्वविद्यालय के कार्यालय में आकर ऑफलाइन निःशुल्क पंजीकरण कराकर इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

## महा अष्टमी के दिन जलापूर्ति नहीं करने वाले अधिकारियों पर जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई करें : सीटू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** अभी नवरात्रि का महापर्व चल रहा है आज नवरात्रि का महाअष्टमी है और आज ही के दिन सुबह में पेय जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा शहर में जलापूर्ति नहीं की गई. इस बात को लेकर सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने नगर आयुक्त, नगर निगम, हजारीबाग को एक पत्र लिखकर कहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा महाअष्टमी के दिन शहर में जल आपूर्ति नहीं किया गया जिसके कारण शहर के हजारों लोगों परेशान दिखे. विभाग के इस कार्रवाई से शहर के हजारों लोगों के आस्था को आघात पहुंचा है. विभाग का यह लापरवाही किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है और ना ही यह बर्दाश्त करने योग्य है. नवरात्रि को लेकर नगर भवन, हजारीबाग में उपयुक्त हजारीबाग की अध्यक्षता में शांति समिति के एक बैठक हुई थी जिस बैठक में नगर आयुक्त भी उपस्थित थें. इस बैठक में फैसला लिया गया था कि नवरात्रि को देखते हुए शहर एवं से शहर से सटे हुए गांव में बिजली, सफाई, सुरक्षा के अलावा पानी की सप्लाई पर विशेष ध्यान देते हुए इन सब पर अधिकारियों को विशेष निगरानी रखना है. ताकि नवरात्रि के समय शहर वासियों को समय समुचित बिजली, सफाई, सुरक्षा और उचित मात्रा में स्वच्छ पानी की आपूर्ति की जाती रहें. इस संबंध में जिले के वरीय पदाधिकारी ने विभिन्न विभागों के साथ-साथ पेय जल एवं स्वास्थ्य विभाग को भी आदेश दिया था कि किसी भी कीमत पर नवरात्रि के समय शहर में जलापूर्ति बाधित न हो बावजूद इसके महाष्टमी के दिन

जलापूर्ति न होना यह साबित करता है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को ना ही जिला प्रशासन की आदेश की कोई चिंता है और ना ही हजारीबाग शहर के हजारों लोगों की आस्था का. सीटू ने मांग किया है कि जलापूर्ति नहीं करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई किया जाए ताकि भविष्य में ऐसे विशेष अवसर पर ऐसी गलती न दोहराई जाए और शहरवासियों को बेवजह परेशान होना भी न पड़े. पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त हजारीबाग को भी दिया गया है.

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र




## स्वतंत्रता आंदोलन में बिहार झारखंड के योगदानों को इतिहासकार केके दत्त ने दुनिया के सामने लाया : पीके मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** भारतीय रेल सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, इतिहास लेखक और रायबरेली आधुनिक रेल कोच कारखाना के महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने कहा है कि प्रोफेसर केके दत्त ही भारत के ऐसे इतिहासकार हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में बिहार और झारखंड के योगदान को सही रूप में दुनिया के सामने लाने का काम किया है। उन्होंने भारतीय आजादी की पहली लड़ाई 1855 -56 के संथाल हूल और 1857 के सिपाही विद्रोह के संबंध में सबसे प्रामाणिक किताबें लिखीं हैं। बिहार में स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास पर बहुत कुछ लिखा जो आज इतिहास की थाती है। वे झारखंड के पाकुड़ जिले अंतर्गत प्रोफेसर दत्त के पैतृक गांव झिकरहाटी में बुद्धिजीवियों एवं ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गांव में स्थित केके दत्त मेमोरियल हाई स्कूल में इतिहास लेखन में प्रोफेसर के के दत्त के योगदान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन पाकुड़ की संस्था पंचवटी गीता परिवार की ओर से किया गया था।

**इतिहास लेखन में प्रोफेसर के के दत्त के योगदान विषय पर संगोष्ठी–**

संगोष्ठी में रेल के इतिहास पर शोध करने वाले रेल अधिकारी पीके मिश्रा ने इतिहास की कई नई जानकारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इतिहास लेखन में प्रोफेसर दत्त के योगदानों को महान बताते हुए कहा कि वे तथ्यों और वास्तविक स्रोतों पर इतिहास लिखने वाले प्रामाणिक इतिहासकार थे। उन्होंने पहली बार इस तथ्य को प्रकाश में लाया कि आजादी की लड़ाई में रेलवे की सबसे अहम भूमिका रही है। रेल निर्माण कंपनियों के द्वारा संथालों के साथ किया जाने वाला अमानवीय व्यवहार संथाल विद्रोह का तात्कालिक कारण बना था। इस विद्रोह को दबाने के लिए पहली बार ट्रेनों से सैनिक ढोए गए थे।

**ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति उपेक्षा ठीक नहीं–**

पीके मिश्रा जी ने यह भी बताया कि रेलवे के ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और इतिहास लेखन की प्रेरणा उन्हें यूरोप यात्रा के दौरान मिली थी। आसनसोल का डीआरएम रहते उन्होंने यूरोप के कई देशों की यात्रा की थी। वहां उन्होंने यह देखा था कि कैसे यूरोप के लोग अपने सभ्यता और संस्कृति से जुड़े भवनों को सुरक्षित, संरक्षित और सम्मानित करते हैं। वियना में उन्होंने ओपेरा हाउस देखा, जहां यूरोप के लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं और आनंद लेते हैं। वहां उन्हें इस बात का बहुत मलाल हुआ कि अपने देश में एक से एक धरोहर उपेक्षित पड़े हैं। उन्होंने पाया कि ओपेरा हाउस आसनसोल स्थित डूरंड इंस्टीट्यूट से मिलता जुलता है। जो उस समय बेहद ही खस्ता हाल में था। उन्होंने आसनसोल लौटकर सबसे पहले अंग्रेज जमाने के सांस्कृतिक आयोजन वाले डूरंड इंस्टीट्यूट बिल्डिंग के कायाकल्प की योजना बनाई और जल्द ही उसका नवनिर्माण कर उसे एक भाव भवन के रूप में तब्दील कर दिया। जहां कि आज बड़े आयोजनों के लिए कतार लगी रहती है और रेलवे को काफी राजस्व प्राप्त होता है।

## कोयलांचल व ग्रामीण इलाकों में मां गौरी की पूजा अर्चना पुरे धूमधाम से की गयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** कोयलांचल व आसपास के ग्रामीण इलाकों के माँ दुर्गा के भव्य पंडालों में माँ के अष्टम रूप महागौरी की पूजा अर्चना पुरे धूमधाम व् हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.कोयलांचल गिद्दी ए,गिद्दी सी, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी जीएम ऑफिस अरगड़ा सिरका व् ग्रामीण इलाकों में डाड़ी, कनकी, होसिर, बलसगरा, रिकवा, हेसालौंग, चुम्बा, कंजगी, टोंगी, हेसला आदि में महाअष्टमी की पुष्पांजलि देने के लिए महिलाओं और छोटी छोटी बच्चियों में अहले सुबह से ही गहमा गहमी देखी गई.नए नए परिधानों में बेलपत्र, फूल, चुनरी और प्रसाद चढ़ाने आदि को लेकर माँ के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच गयी. पूजा पंडाल में आज महाअष्टमी को संधि बलि पूजा पुरे विधि विधान के साथ किया गया.तमाम श्रद्धालुओं द्वारा महागौरी, माँ जगदम्बे लक्ष्मी गणेश भगवान कार्तिकेय की गगनभेदी जयकारा लगाया गया.और माँ की प्रसाद के साथ आज की पूजा समाप्त की गयी।

## पूर्व विधायक ने गोला प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पंडालों का भ्रमण किया



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ की गोला प्रखंड में विभिन्न पूजा पंडालों का पूर्व विधायक ममता देवी एवं बजरंग महतो ने भ्रमण कर दुर्गा मां का आशीर्वाद लिया। गोला प्रखंड के केनके खोखा बायंगा बारूडीह कुस्टेगढ़ा जोभिया बंदा मुरपा कोरांबे रकुवा सुतरी चक्रवाली चोकाद सोसो हेमतपुर बिसा पतरातु संग्रामपुर बीसा सुथरपुर ऊपरबरगा बरलंगा कोराम्बे बरियातू को एक साड़म में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा की पुर्व विधायक ममता देवी पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो माथा टेक मां से आशीर्वाद प्राप्त किए! इस मौके पर पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि मां दुर्गा से क्षेत्र वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

## चीलगांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं, अब डायरिया से हो गए पीड़ित : ग्रामीण



**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत शहरग्राम पंचायत के चीलगांव गांव में विगत 18 अक्टूबर को डायरिया से लोगों की प्रभावित होने की सूचना के बाद सिविल सर्जन की पहल पर महेशपुर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में कैंप कर लगातार प्रभावित मरीजों का इलाज किया।उसके बाद स्थिति नियंत्रण में थी,पर रविवार को सुबह चीलगांव के करीब 13 मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर पहुंचे जो डायरिया प्रभावित मरीजों में धनमुनि मरांडी 55 वर्ष, सुलेमान बास्की 60 वर्ष, साईमेल सोरेन 14 वर्ष, फुलमुनी मरांडी 48 वर्ष, मदन बास्की 55 वर्ष,अंजलि हेंब्रम 17 वर्ष, मायनो मुर्मू 62 वर्ष, महासुरी हेंब्रम 35 वर्ष, जयंती मुर्मू 15 वर्ष, एमेले सोरेन 40 वर्ष, लुखी हेंब्रम 35 वर्ष, शिवधन हेमराम 17 वर्ष तथा मकु हेंब्रम 55 वर्ष का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में डॉक्टर सुनील कुमार किस्कू एवं डॉक्टर अंजनी कुमार भगत स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर कर रहे थे। इस संबंध में ग्रामीणों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में मिली जानकारी के अनुसार चीलगांव गांव में पीने का शुद्ध पानी की सुविधा नहीं रहने के कारण यहां वहां का पानी पीने से ग्रामीण डायरिया से प्रभावित हो रहे हैं। समाचार भेजे जाने तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में डायरिया प्रभावित मरीजों का इलाज किया जा रहा था सबों की स्थिति सामान्य बताई गई।

## मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा उपासना हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा :** नारी शक्ति के आदर व सम्मान का पर्व शारदीय नवरात्र के आठवें दिन रविवार को मां दुर्गा के अष्टम रूप महागौरी की पूजा हुई। अशीम नेम - निष्ठा के साथ बनारस के पंडित सुनील मिश्र व नागेश मिश्र ने स्थानीय सहयोगी पुरोहित शंभूनाथ झा और संदीप ओझा के साथ देवी के इस शक्ति की अर्चन - वंदन संपन्न कराई। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सह यजमान बबलू भगत ने पूजन के दौरान पंडितों के निर्दिष्ट निदेशों का विधिवत अनुपालन किया। पूजनोपरांत , पंडाल में बड़ी संख्या में मौजूद महिला - पुरुष भक्तों ने मां को पुष्पांजलि अर्पित किया। आरती और प्रसाद वितरण के बाद आज के पूजन की समस्त विधि पूर्ण हुई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद सभी अनुशासित और संयमित दिखे। मजिस्ट्रेट व पुलिस के अधिकारी सहित पुरुष व महिला बल अपने कर्तव्य पर डंटे दिखे। प्रशासन के अलावे कमिटी सदस्यों ने विधि - व्यवस्था पर अपनी पैनी नजर रखी।

**महागौरी के पूजन से पूर्वसंचित पापों का भी होता है नाश–**

शास्त्र के अनुसार महागौरी की आराधना कल्याणकारी होती है। इनकी कृपा से भक्तों को अलौकिक सिद्धियां प्राप्त होती हैं। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इन्हें श्वेतांबरधरा भी कहा जाता है। ये वृषभ पर आरूढ़ हैं। महागौरी के ऊपर का दाहिना हाथ अभय मुद्रा में , नीचे के दाहिने हाथ में त्रिशूल , ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है।

**भव्य पंडाल बना पूजा का आकर्षण–**

भक्तों की भीड़ के मद्देनजर लगभग 5 हजार वर्ग फीट पर बना सुविधायुक्त सुंदर पंडाल ने पूजा के आकर्षण को दूना कर दिया है। महिलाओं की सुविधा का खास ध्यान रखा गया है। पंडाल में सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए हैं। गेरूआ अथवा हल्के केशरिया रंग से निर्मित पंडाल के सफेद नक्काशीदार बॉर्डर व पीलर आकर्षक हैं। जगह - जगह लगे सीसीटीवी कैमरे व आपातकालीन स्थिति से निबटने के इंतजाम पंडाल की रौनक को और बढ़ा रहे हैं।

## मातृ शक्ति के रूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं जगतजननी मां दुर्गा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा :** मातृशक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा व साधना है दुर्गा पूजा। हमारी महान वैदिक सनातन परंपरा में मां के नौ रूपों से समाज को यह संदेश मिलता है कि एक स्त्री के अनेक स्वरूप हैं। वह सहज हैं तो कठोर भी। सौंदर्य की प्रतिमा हैं तो कुरूप भी। सहिष्णु हैं तो क्रोधी भी। करूणामयी कल्याणी हैं तो संहारक भी। इस प्रकार उन्हें कम समझने की भूल विनाश व प्रलय को आमंत्रित करना है। जरूरत पड़ने पर वो रण चंडी बनने से भी परहेज नहीं करतीं। शक्ति के मद में चूर असुरों ने उन्हें नहीं समझा था , सबों का अंत हुआ। दुर्गा ही काली हैं। वही ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी हैं। विद्या और विवेक की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती हैं। पुयात्मा के घर समृद्धि और पापियों के भवन में आपदा बनकर विराजती हैं। सभी प्राणियों में दया के रूप में निवास करती हैं। ऐसे में हम सबों को यह शिक्षा मिलती है कि नारियों का सम्मान कहीं बहन व पुत्री रुप में तो कहीं मां के रूप में। कहीं पत्नी के रूप में तो कहीं देवी के रूप में करना ही चाहिए। हमारे वेद और ग्रंथ नारी शक्ति के योगदान से भरे पड़े हैं। शक्ति के बिना शिव भी शव हो जाते हैं । प्रकृति ने वंश वृद्धि की जिम्मेवारी भी नारी को दिया है। नारी एक दायित्व ही नहीं एक चमत्कार भी हैं। नारियों को धर्म का प्रतीक भी कहा गया है ।जब - जब परिवार व समाज में महिलाओं की मर्यादा का क्षरण होता है , देश पतन की ओर बढ़ता है। इसलिए कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है।

**भगवन राम ने भी किया था शक्ति की आराधना**

कहा जाता है कि श्रीराम ने माता सीता को त्रिकाल दर्शी रावण से छुड़ाने और उनपर विजय पाने के लिए देवी दुर्गा का अनुष्ठान किया था। साधना निरंतर नौ दिनों तक चला। अंतिम दिन देवी ने प्रकट होकर श्रीराम को विजय का आशीर्वाद दिया था। दसवें दिन प्रभू राम ने रावण का वध कर दिया था। तब से अब तक प्रति वर्ष नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है।

## सप्तमी से तीन दिनों तक डांडिया उत्सव का हुआ शुभारंभ

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्र के मौके पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हिरणपुर द्वारा तीन दिनों तक डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया है. इस डांडिया उत्सव में कोलकाता से कलाकारों की टीम पहुंचे हुए है. जहां स्थानीय लोगों ने उत्सव का खूब आनंद उठाया. डांडिया उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिप उपाध्यक्ष अशोक भगत, थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि, भाजपा नेता साहेब हांसदा, समिति के सदस्य रविन्द्र भगत, अजय यादव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ ने डांडिया कार्यक्रम को लेकर समिति का उत्साहवर्धन किया. इसके बाद डांडिया की प्रस्तुति की गई, जहां मुख्य अतिथियों के साथ समिति के सदस्यों ने ताल से ताल मिलाकर डांडिया का लुत्फ उठाया. साथ ही युवक व युवतियों के साथ महिला पुरुषों ने भी जमकर डांडिया का लुत्फ उठाया. वहीं डांडिया उत्सव को आकर्षक बनाने में छोटे बच्चे भी पीछे नहीं रहे और डांडिया टीम के कोरियोग्राफर के संग रेकॉर्डिंग गाने पर जमकर डांस किया. मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक साहा, रंजीत भगत, अमित सिन्हा, चंदन दत्ता, रघु मंडल, अजित यादव, राजकुमार भगत, उत्तम साहा, अंकित साहा, सुरोजित मंडल, राधेश्याम रविदास, संजय साहा, सुमित भगत, पप्पू शर्मा, जितेंद्र रविदास आदि कार्यकर्ता मौजूद थे.

## 25 वर्षों से हो रहा है सिरका में रावण दहन , श्रमिक मैदान में दशहरा की संध्या जलेगा रावण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल के श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सिरका के द्वारा लगातार 25 वर्षों से रावण दहन की परंपरा चली आ रही हैं। हालांकि कोरोना काल के दो वर्षों के अंतराल में दहन कार्यक्रम में विराम लगा था। लेकिन माता की कृपा से फिर से यह आरंभ हो गई हैं। रावण को बनाने वाले में कारीगर कल्लू (गया) के हैं। जबकि आतिशबाजी मोहम्मद समीर (गया) के द्वारा किया जाएगा। इसके निर्माण और आतिशबाजी में करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च हो रहे हैं। रावण दहन श्रमिक मैदान अरगड्डा में किया जाता हैं। जिसमें करीब 20 हजार से भी अधिक लोग आतिशबाजी और रावण जलने को देखने आते हैं। इस संबंध में सिरका पूजा समिति के सचिव सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रावण दहन की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा की व्यवस्था चाक चौबंद होगी। जबकि रावण दहन में मुख्य रूप से अरगड्डा के गम सुधांशु कुमार पांडे समेत अन्य अतिथिगण उपस्थित होंगे। दशमीं में रावण दहन असत्य पर सत्य के जीत का भी संदेश लोगों को देता आया हैं।

## महाअष्टमी सिरका में धूमधाम के साथ मनी, मां दुर्गा को लगाया गया भोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** मां दुर्गा, प्रथम पूज्य गणेश, देवसेनापति कार्तिकेय, माता लक्ष्मी, माता सरस्वती की पूजा सार्वजनिक सिरका पंडाल में रविवार महाअष्टमी पर भक्तों ने धूमधाम के साथ किया। बलिदान, पुष्पांजलि, आरती के पश्चात मां को भोग लगाया गया। इसके बाद महिला, पुरुष भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। दोपहर बाद संधी पूजा ब्राह्मण प्रशांत बनर्जी, सहायक पुजारी कौशिक चटर्जी के द्वारा बांग्ला विधि विधान से मां का पूजन करवाया गया। भक्तों ने मां को हलवा पुड़ी, मिष्ठान चढ़ाया। फल, फूल, बेलपत्र, पुष्प अर्पित कर अखंड सौभाग्य, जीवन रक्षा, क्षेत्र उन्नति की कामना की। इधर अरगड्डा- सिरका के कई भक्तों ने अपने घर के पूजन स्थल पर कलश स्थापना कर मां की आराधना की। जबकि अरगड्डेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में भी नवरात्र अष्टमी की पूजा हर्षोल्लास के साथ मनी।

## कांग्रेस रामगढ़ अल्पसंख्यक कमेटी के विस्तार को लेकर बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को रजरप्पा रोड स्थित होटल पंचसिया में कांग्रेस रामगढ़ अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष ज़ोया परवीन की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई इस दौरान कमिटी के विस्तार हेतु विचार विमर्श किया गया। मौके पर कांग्रेस ज़िला कमिटी के ज़िला महासचिव राजेंद्रनाथ चौधरी, रामगढ़ कांग्रेस ज़िला महासचिव अख़्तर आज़ाद, वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र उपाध्याय, कांग्रेस नेता कैसर इमाम, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण महतो, सुलेमान अंसारी, अजमल हुसैन, मों आशिक़, मों गुफ़रान, शमीम शैख़ उपस्थित थे । इस दौरान संगठन कि मज़बूती को लेकर ज़िला अध्यक्ष जोया परवीन द्वारा ज़ोर देते हुए चर्चा की गई मौके पर ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कहा की रामगढ़ अल्पसंख्यक ज़िला संगठन को मज़बूती के साथ ऊँचाइयों में ले जाना मेरी प्राथमिकता है। इस बैठक में तय हुआ कि आगामी 26 अक्तूबर को ज़िला कमिटी की सूची झारखंड प्रदेश कमेटी को सौंप दी जाएगी।

## दुर्गापूजा को लेकर सीनियर आईएएस और आईपीएस ने पाकुड़ में संभाली कमान

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गापूजा को लेकर पाकुड़ में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश झा और वरिष्ठ आईपीएस अश्विन कुमार सिन्हा ने कमान संभाल ली है। रविवार को दोनों अधिकारियों ने पाकुड़ में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में दुर्गापूजा को लेकर कई बिंदुओं पर समीक्षा की और अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश।दोनों अधिकारियों ने पाकुड़ में दुर्गापूजा पंडाल, ट्रैफिक रूट चार्ट, फोर्स तैनाती समेत कई बिंदुओं पर जानकारी ली। इस दौरान कहा कि विसर्जन के दिन बिजली आपूर्ति बंद रहेगी और सभी जगहों पर ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी। दरअसल, राज्य सरकार ने दुर्गा पूजा को लेकर सभी जिलों में वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की तैनाती की है। पाकुड़ में सीनियर आईएस और आईपीएस को तैनात किया गया है।इस बैठक में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल, पुलिस अधीक्षक एच.पी.जनार्दनन, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, मुख्यालय डीएसपी वैद्यनाथ प्रसाद, पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## अरगड्डा में भक्तों ने मां जगदंबे दुर्गा को महाअष्टमी पर पुष्पांजलि किया अर्पित

### अपने परिवार व संसार के लिए शांति, समृद्धि मांगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयला नगरी अरगड्डा के सार्वजनिक मां जगदंबे दुर्गा के पूजा पंडाल में रविवार को महाअष्टमी का पूजन दर्जनों महिला व युवती भक्तजनों ने एक साथ पुष्पांजलि और आरती के साथ पूरी की। भक्तों की उपस्थित से मंडप क्षेत्र गमगामा उठा। मां के गगन भेदी नारे भी लगाए गए। यहां ब्राह्मण गौरांग बनर्जी, सहायक अक्षय कुमार के द्वारा मां आदिशक्ति की आराधना बांग्ला मंत्रो उच्चारण व नियमों के अनुसार किया गया। दोपहर बाद संध्या 4:50 के बाद संधी पूजा कर महिला भक्तजनों ने महा अष्टमी की पूजा पूर्ण की। भक्तों ने माता दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए फल, फूल, बताशा, इलायची दाना, मिश्री, मिष्ठान पुंगीफल अर्पित किया।



जबकि बेलपत्र, उड़हुल, जौबा फूल के साथ अरवा चावल सिंदूर मां को चढ़ाया। सभी ने अपने परिवार व संसार के लिए शांति, समृद्धि, खुशहाली, बच्चों की पढ़ाई लिखाई, रोजगार, निरोगी जीवन, अच्छा व्यापार, काम चलने का वरदान माता से मांगा। भक्तों ने बताया कि अबकी बार अरगड्डा पूजा पंडाल प्राकृतिक सौंदर्य दृश्य से फलीभूत हैं। राज्य झारखंड की पहचान को चित्रकला एंव मूर्तियों के माध्यम से दिखाने का अच्छा प्रयास समिति द्वारा हुआ हैं। पुष्पांजलि, आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया।

## मां दुर्गा महाष्टमी पर माता शीतला मंदिर प्रांगण में हुई नवरात्रि पूजा

### करीब 18 वर्षों से भक्तजन निमिया वाली माता की आराधना गांव देवी के रूप में करते हैं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** कोयलांचल गिद्दी ए ख पंचायत के मां शीतला मंदिर के प्रांगण में भक्तों द्वारा नवरात्रि के अष्टमी के दिन पुष्पांजलि, भोगनिवेदन, आरती के साथ धूमधाम से पूजा की गई। यहां पूजा ब्राह्मण रविकांत बनर्जी के द्वारा संस्कृत मंत्र उच्चारण कर विधिवत पूजन हुई। यजमान के रुप में भक्त सुनीता देवी, रीना देवी, रानी देवी, बसंती देवी अनुष्ठान में बैठी थी। भक्तों ने बताया कि आज से 18 वर्ष पूर्व मां शीतला कॉलोनी के निमिया वृक्ष के नीचे अपरूपी विराजमान हुई थी। तब से आकर अब तक यहां के चुनिंदा भक्तजन मां शीतला महारानी की पूजा सातों बहनों के पुकार करते हुए करते आ रहे हैं। लोगों का



विश्वास है की मां गांव देवी के रूप में सभी पर अपना आशीष बरसाती हैं। लोगों के दुख, तकलीफ, बीमारी, संतान प्राप्ति, समस्याओं का भी निपटारा मां के भक्तों द्वारा पुकार के बाद संभव हो पाता हैं। वहीं विश्वास, श्रद्धा और भक्ति के साथ भक्तजन नवरात्र में प्रतिवर्ष मां की आराधना पूजन, पाठन करते आ रहे हैं। यहां लोग मां के कई चमत्कार देखते हुए आए हैं। मां शीतला पर लोगों का अटूट भरोसा हैं। नवरात्रि पर पूजन पाठन के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया जाता है। मौके पर प्रवीण राजवंशी, संजय कुमार, विनय राजवंशी, विकास राजवंशी, सूरज राजवंशी समेत कई भक्तजन उपस्थित थे।

## जिंदगी का जंग हार गया सफीकुल, सोलह दिन बाद कोलकाता में इलाज के दौरान मौत

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आखिरकार 16 दिन बाद सफीकुल जिंदगी का जंग हार गया। मालगोदाम रोड में गत 6 अक्टूबर की देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल सफीकुल की रविवार को कोलकाता में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत और जिंदगी के बीच लड़ाई में सफीकुल ने हार मान ली। कोलकाता से रविवार अपराह्न करीब 3~00 बजे सफीकुल के मौत की खबर ने न सिर्फ परिवार और रिश्तेदारों में, बल्कि पूरे गांव में मातम पसरा दिया। सफीकुल की मौत ने एक हंसता-खेलता परिवार को गम में डूबो दिया। उल्लेखनीय है कि 6 अक्टूबर की शाम सफीकुल अपने साथी तारानगर के वहीदूर के साथ दुमका से पाकुड़ बाजार और फिर बाजार से इलामी स्थित घर लौट रहा था। दोनों बाइक में सवार माल गोदाम रोड से घर आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से चांचकी गांव के उमर फारूक नामक युवक भी बुलेट बाइक से इशाकपुर की ओर से घर लौट रहा था। इसी दौरान दोनों बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई थी। उस वक्त चर्चा यह थी कि बुलेट बाइक में सवार उमर फारूक काफी तेज गति से बाइक से घर लौट रहा था। दोनों बाइक के आमने-सामने टक्कर में उमर फारूक को गंभीर चोट आने की वजह से मौके पर ही दम तोड़ दिया था। दूसरी ओर सफीकुल शेख और उनके साथ वहीदुर शेख गंभीर रूप से घायल हो गया था। यहां बता दें कि सफीकुल शेख घटना के बाद बेसुध होकर सड़क पर गिरा था। इसके बाद उसे होश नहीं आया। इलाज के लिए सफीकुल शेख को सदर अस्पताल से रेफर के बाद बंगाल ले जाया गया। बंगाल से भी सफीकुल को रेफर कर दिया गया। वहां से भागलपुर ले जाया गया और भागलपुर में कुछ दिन तक इलाज चलने के बाद कोलकाता में भर्ती कराया गया था। कोलकाता में तकरीबन सप्ताह भर इलाज चला। रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही सफीकुल की स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

## दुर्गा पूजा के मौके पर जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे गए कपड़े



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा धनबाद रेलवे स्टेशन के समीप फूटपाथ पर रह रहे सैकड़ों ज़रूरतमंद लोगों के बीच नए कपड़े एवं मिठाईयां बांटी गई तथा आर्थिक रूप से भी उन्हें सहायता दिया गया। मौके पर वासेपुर के इन समाजिक कार्यकर्ताओं ने मीडिया के माध्यम से समस्त देशवासियों को दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। वहीं वस्त्र प्राप्ति के पश्चात महिलाएं एवं बच्चे काफी उत्साहित दिखे। सभी ने मुख्तार अहमद एवं हाजी ज़मीर आरिफ का आभार व्यक्त किया और उन्हें दुआएं दी।

## रोटी बैंक यूथ क्लब के सौजन्य से नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुर्गा पूजा में आकस्मिक स्थिति में निश्शुल्क एंबुलेंस सेवा की शुरुआत रोटी बैंक यूथ क्लब के द्वारा किया जा रहा है। साथ हीं साथ तात्कालिक उपचार की सुविधा भूली ब्लड डोनर ग्रुप के द्वारा डॉ. एम.के. वर्मा के सहयोग से उपलब्ध कराया जायेगा। इसका सुभारम्भ रोटी बैंक के सहयोगी सदस्य उदय प्रताप सिंह और दिलीप सिंह के द्वारा किया गया। संस्था के द्वारा तीन एंबुलेंस सतमी, अष्टमी और नवमी को सेवा देगी। आपातकालीन स्थिति में अगर कहीं दुर्घटना या किसी प्रकार की अनहोनी होती है तो संस्था के दिए गए नंबर पर संपर्क करके तत्कालीन उपचार और नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि सिंह, गुड्डु पांडे, रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, शाहिद अंसारी, राहुल पंडित, सुधांशु विश्वकर्मा, माही शंकर, ऋषभ झा आदि लोगों ने सहयोग दिया।

## गिरिडीह बेंगाबाद मुख्य मार्ग टोल प्लाजा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गिरिडीह बेंगाबाद मुख्य मार्ग स्थित टोल प्लाजा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए । वही उसकी पहचान बिहार के बांका निवासी के रूप में किया गया . स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस के माध्यम से बेंगाबाद स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि आमने-सामने में दो बाइक की टक्कर के कारण यह सड़क दुर्घटना हुई थी।

## दुर्गोत्सव : उपायुक्त ने जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ किया विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक सिटी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अनुमंडल पदाधिकारी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर समेत कई पदाधिकारी के साथ देर शाम धनबाद जिला अंतर्गत आयोजित दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान उन्होंने पूजा पंडालों में पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग एंट्री, पंडाल परिसर में श्रद्धालुओं के लिए एंट्री एवं निकास द्वार, अग्निशमन यंत्र, हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरे का इंस्टॉलेशन, पंडाल तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड, वोलेंटियर की संख्या, जिला प्रशासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण फोन नंबर व सूचना का डिस्प्ले, पार्किंग सहित जिला प्रशासन के विभिन्न निर्देशों के अनुरूप की गई व्यवस्था का जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान पूजा समितियां ने उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी कुलदीप चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक का पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया।

## जमीन धंसने से मचा हड़कंप बाल बाल बचे लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा जीतपुर सड़क किनारे टाटा की लीज होल्ड एरिया बड़कीटांड़ में ढाई फिट के दायरे में आवाज के साथ जमीन धंसने तथा दरार पड़ने की घटना होने से लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं लोग भी बाल बाल बचे। जमीन बैठने और दरार पड़ने कि घटना से मो फैज अहमद, मो सरफराज, मो मन्नान, मो इस्लाम, यूसुफ अंसारी आदि लोगों के दुकान व मकानों में दरार व जमीन बैठने कि घटना को होते देख आसपास के लोगों में घर व मकान से बाहर निकलकर बचाव को लेकर अफरातफरी मच गई। घटना के बाद लोगों में बढ़ते आक्रोश तथा किसी तरह कि अप्रिय घटना को होने को लेकर थाना प्रभारी बिनोद उरांव बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। सूचना पाकर टाटा जामाडोबा डिवीजन के मुख्य सर्वे अधिकारी परमेश्वर महतो ने माइनिंग व सुरक्षाकर्मियों कि टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना से आक्रोशित लोगों को श्री महतो ने प्रभावित क्षेत्र कि जेसीबी से खुदाई कर भराई करने तथा क्षतिग्रस्त हुई दुकानों को फिर से बनाने का लोगों को आश्वासन दिया। मौके पर पहुंचे झरिया सीओ रामसुमेर प्रसाद ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जनतांत्रिक पार्टी के जिला अध्यक्ष मुनीर अंसारी, कांग्रेस नेता मुबारक हुसैन सहित कई लोगों ने सीओ को जमीन धंसने कि घटना के कारणों से अवगत कराते हुए घटना कि पुनरावृति होने से रोकने को सड़क पर भारी वाहनों पर रोक लगाने, प्रभावित क्षेत्र कि फीलिंग कराने तथा प्रभावित लोगों के दुकान व मकान कि अविलंब मरम्मती कराने कि मांग की है।

## पूजा कमिटी के संस्थापक मोहन प्रसाद लाला ने किया प्रतिमा का उद्घाटन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान के प्रतिमा का उद्घाटन पूजा समिति के संस्थापक व शिक्षाविद मोहन प्रसाद लाला ने फीता काटकर किया। मौके पर समिति के सचिव मुकेश भट्ट, माहुरी महिला समिति के अध्यक्ष बीनू गुप्ता, शंकर भगत, विनय सिन्हा, बबलू चौरसिया, मनोज राय, शैलेंद्र सिंह, टिंकू खंडेलवाल, सोनू चौरसिया, कुलदीप सिंह, गणेश मोदक, प्रदीप लाला, विनोद रजक, विशाल जायसवाल, नीतिश जयसवाल, अजय सोनार आदि उपस्थिति थे।

## डहरे सोहराय कार्यक्रम को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** बगोदर प्रखंड के औंरा स्थित बिनोद उच्च विद्यालय के प्रांगण मे वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के द्वारा रविवार को ÷डहरे सोहराय÷ कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रमेशवर महतो की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई। जिसके संचालन समाजिक आंदोलन कारी छोटन प्रसाद छात्र ने किया। बैठक मे आगमी पांच नवम्बर को जीटी रोड बगोदर से बरवड्डा तक 81 किमी 81 गुस्टी 81 अखड़ा मे डहरे सोहराय कार्यक्रम सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। जिसमे झारखंड कला संस्कृति की झलक देखने को मिलेगा। जिसमे झुमर, नटुवा, चांचर आदि देखने को



मिलेगा।इस दौरान कहा कि समाजिक आंदोलनकारी छोटन प्रसाद छात्र ने कहा कि सोहराय भीतिकला जहां विश्व स्तर पर पहचान बनाया है, वह आज हमारे घरों के दीवारों से लुप्त हो गया है जिसे पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। सोहराय में बरदखुटा और चांचेर और नटुवा नृत्य बिरले किसी गांव में दिखाई देता है।डहरे सोहराय पर्व की गाँव गाँव में व्यापक तैयारियाँ चल रहा है।वही कार्यक्रम मे झारखंड के कई क्षेत्रों से कुड़मी समुदाय भाग लेंगे।बैठक में चुरामनी महतो माही पटेल डुमरचंद महतो प्रकाश कुमार मुखिया बंधन महतो पूर्व मुखिया राजेन्द्र महतो नुनूचंद महतो प्रकाश कुमार गोबर्धन महतो कृष्णदेव महतो संजय कुमार बनारस, कुंजलाल महतो प्रवीण कुमार पंसस उमेश महतो उप मुखिया जितेंद्र कुमार नागेश्वर प्रसाद कौलेशवर कुमार छोटेलाल प्रसाद रामेश्वर महतो, कैलाश महतो रामचंद्र महतो बैजनाथ महतो, विलास महतो डेगलाल महतो उमेश प्रसाद, बोधी महतो,सुरेश कुमार महतो भूनेश्वर महतो राज कुमार दीपक कुमार समेत दर्जनो की संख्या मे लोग शामिल थे।

## समाजसेवी शमीम अख्तर व कांग्रेस नेता वसीम खान को पूजा कमिटी ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दुर्गा पूजा के अवसर पर वार्ड संख्या 19 के पार्षद प्रत्याशी सह समाजसेवी शमीम अख्तर एवं कांग्रेस नेता वसीम खान उर्फ बंटी ने धनबाद के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया तथा कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों को बेहतरीन आयोजन एवं श्रद्धालुओं के सुरक्षित व्यवस्था के लिए बधाई दी। वहीं न्यू स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ा कर तथा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शमीम अख्तर एवं वसीम खान ने समस्त देश वासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मोहम्मदगंज स्टेशन पर अप दिशा की ट्रेनों के ठहराव को पुनर्बहाल किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** आधारभूत संरचना के विकास कार्य के मद्देनजर पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गढ़वा रोड और जपला रेलखंड पर स्थित मोहम्मदगंज स्टेषन पर अप दिषा की कुछ ट्रेनों का ठहराव अस्थायी रूप से 25.10.2023 तक वापस लिया गया था। परंतु कार्य 20.10.2023 को ही पूरा हो जाने तथा दिनांक 21.10.2023 को रेलवे ट्रैक ट्रेन परिचालन हेतु फिट घोषित किए जाने के उपरांत अब दिनांक 22.10.2023 से मोहम्मदगंज स्टेषन पर अप दिषा की उन ट्रेनों के ठहराव को नई समय-सारणी के साथ पुनर्बहाल किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1.गाड़ी सं. 13347 बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस - यह ट्रेन मोहम्मदगंज स्टेषन 02.25 बजे पहुंचकर 02.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

2. गाड़ी सं. 18311 सम्बलपुर-बनारस एक्सप्रेस -यह ट्रेन मोहम्मदगंज स्टेषन 04.02 बजे पहुंचकर 04.04 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

3. गाड़ी सं. 18611 रांची-बनारस एक्सप्रेस - यह ट्रेन मोहम्मदगंज स्टेषन 04.02 बजे पहुंचकर 04.04 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

4. गाड़ी सं. 18635 रांची-सासाराम एक्सप्रेस - यह ट्रेन मोहम्मदगंज स्टेषन 22.32 बजे पहुंचकर 22.34 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

5. गाड़ी सं. 13349 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस -यह ट्रेन मोहम्मदगंज स्टेषन 00.13 बजे पहुंचकर 00.15 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

6. गाड़ी सं. 03311 बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर स्पेषल -यह ट्रेन मोहम्मदगंज स्टेषन 07.54 बजे पहुंचकर 07.56 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

7. गाड़ी सं. 03359 बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर स्पेषल -यह ट्रेन मोहम्मदगंज स्टेषन 09.43 बजे पहुंचकर 09.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

## दुर्गोत्सव : उपायुक्त ने दिया तीन चिकित्सकों का वेतन रोकने का आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपयुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने तीन चिकित्सकों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया है। दरअसल, दुर्गा पूजा के अवसर पर उपायुक्त ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगमतापूर्वक मां दुर्गा के दर्शन करने के लिए सभी पूजा पंडालों में नोडल पदाधिकारी, दंडाधिकारी के साथ पुलिस फोर्स तथा एमरजेंसी मेडिकल एसिस्टेंस के लिए चिकित्सकों की टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।



साथ ही समाहरणालय के सभागार में लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम की स्थापना की है।

जहां से पूजा पंडाल में फोन कर प्रतिनियुक्त लोगों की उपस्थिति की नियमित रूप से पड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में सरायढेला स्टील गेट के पूजा पंडाल में डॉ नंदन कुमार, भूली ए ब्लॉक में डॉ आर.के. सिंह तथा भूली बी ब्लॉक में डॉ चंडी दास तिवारी अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए।

चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर भारी नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके एक दिन का वेतन रोकने और अनुशाशनात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

### डॉक्टर पाड़ा कतरास में धूमधाम से मनाया जा रहा है दुर्गा पूजा

## महाअष्टमी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** महाअष्टमी के साथ डॉक्टर पाड़ा कतरास बाजार में रविवार को दुर्गा पूजा पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। यहां श्रद्धालु बारी-बारी से मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर दर्शन कर रहे हैं। यहां के पूजा कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के हर सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल शरबत की व्यवस्था की गई है। भव्य पंडाल में बैठने का व्यवस्था है, जहां श्रद्धालु आराम से पूजा अर्चना कर



सके। यहां पूजा को सफल बनाने में कमेटी के राजेश स्वर्णकार, सतीनाथ योगी,प्रदीप गुप्ता, अविनाश अदानी, शिबू सेनगुप्ता, विनय लोहानी, काजल सेनगुप्ता, संजय, प्रदीप महतो, सोमेंद्र गुप्ता, लालू राय आदि सक्रिय हैं।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने किया सिंदरी के सभी पूजा पंडालों का दर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** महाअष्टमी के पावन पर्व के दिन रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धनबाद महानगर एवं सिंदरी प्रखंड की संयुक्त समिति ने सिंदरी के सभी पूजा पंडाल का दर्शन कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समिति का सभी पंडाल कमेटी द्वारा भव्य तरीके से स्वागत किया गया। दर्शन के दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धनबाद महानगर जिला मंत्री विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी के द्वारा दोमघर शिव मंदिर आदि पंडालों का भव्य रूप से उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिणधरी प्रखंड मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम गौशाला दुर्गा मंदिर में रखा गया था। जिला समिति और प्रखंड समिति भी इस कार्यक्रम में उपस्थिति रही। मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धनबाद महानगर जिला मंत्री विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी, विभाग सहसंयोजक आनंद महतो, जिला संयोजक सोनू सिंह, प्रखंड मंत्री सिंटू सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष दुलाल महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष रोहित सिंह, प्रखंड मंत्री नीरज गिरी, जितेंद्र कुमार, जीतू कुमार, दीपक सिंह, धीरज दुबे, रंजीत कुमार निषाद, गोलू कुमार, गणेश रजक, प्रकाश कुमार, करण महतो, कर्णेश, सागर ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जल संसाधन सचिव ने उपायुक्त से ली दुर्गा पूजा की तैयारियों की जानकारी

## सचिव ने की सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम व वॉट्सएप हेल्पलाइन नंबर की प्रशंसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जल संसाधन सचिव सह धनबाद जिले के प्रभारी प्रशांत कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन से दुर्गा पूजा को लेकर जिले में की गई तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने उपायुक्त द्वारा स्थापित सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम के साथ वॉट्सएप हेल्पलाइन नंबर की



प्रशंसा की। साथ ही सभी पूजा पंडाल में नोडल पदाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस फोर्स के साथ-साथ चिकित्सकों की टीम, लोगों के सुगम परिवहन के लिए यातायात प्लान, पूजा पंडालों के साथ अस्पताल व एंबुलेंस की टैगिंग, किसी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए सार्वजनिक व निजी संस्थाओं की एंबुलेंस एवं अग्निशमन वाहन की उपलब्धता तथा जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों पर संतुष्टि व्यक्त की। साथ ही उन्होंने विधि व्यवस्था, प्रतिमा विसर्जन का रूट, दंडाधिकारी व बलों की प्रतिनियुक्ति इत्यादि की समीक्षा की।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक भी मौजूद थे।

## पटना-सिकंदराबाद-हैदराबाद-पटना स्पेशल का धनबाद मंडल के पारसनाथ स्टेशन पर होगा ठहराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गया-कोडरमा-बोकारो-रांची के रास्ते चलायी जा रही गाड़ी सं. 03253/07256/07255 पटना-सिकंदराबाद/हैदराबाद-पटना स्पेशल का धनबाद मंडल के पारसनाथ स्टेशन पर तत्काल प्रभाव से 02 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

1. गाड़ी सं. 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल 19.30 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंचकर वहां से 19.32 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

2. गाड़ी सं. 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल 03.14 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंचकर वहां से 03.16 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

3. गाड़ी सं. 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल 05.15 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंचकर वहां से 05.17 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

उक्त सारी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

पटना-सिकंदराबाद/हैदराबाद-पटना स्पेशल का धनबाद मंडल के पारसनाथ स्टेशन पर होगा ठहराव।

## चलते चलते एक नजर

### खेल पदाधिकारियों ने राज्यपाल को किया आंमत्रित



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन से रविवार को अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह, निदेशक, खेल सुशांत गौरव एवं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने राज भवन में भेंट की तथा झारखंड में महिला एशियन चैंपियन्स हॉकी ट्रॉफी के आयोजन के संदर्भ में जानकारी दी तथा राज्यपाल को उद्घाटन हेतु आमंत्रित किया। बता दें की 27 अक्टूबर से शुरू हो रहा है।

### वृद्धा आश्रम की बुजुर्गों ने चंद्रशेखर आजाद पूजा पंडाल का किया अवलोकन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि आधुनिकता की पराकाष्ठा इस कदर हावी है कि वर्तमान समय में वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों की संख्या में वृद्धि लगातार देखी जा रही है। इन बुजुर्गों में कई ऐसे होते हैं जो शारीरिक रूप से असहाय होते हैं। ऐसे ही वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को शहर के एक सामाजिक संस्था के द्वारा नवरात्र के त्यौहार का आनंद उठाने को लेकर रांची के विभिन्न पूजा पंडाल का अवलोकन करने के लिए निकले हैं। इसी क्रम में इस वर्ष का रांची शहर का बहुत चर्चित पूजा पंडाल के पास इन बुजुर्गों की टोली चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल के समीप पहुंचा। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा इन बुजुर्गों के सम्मान में एक पहल करते हुए इन्हें माता रानी के प्रतिमा का अवलोकन कराया गया और इन्हें सहृदय सम्मान दिया गया।

### गृहमंत्री अमित शाह कल करेंगे सहकारी निर्यात पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित

**नई दिल्ली** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित सहकारी निर्यात पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। अमित शाह एनसीईएल के लोगो, वेबसाइट और विवरणिका का लोकार्पण तथा एनसीईएल सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे। एक दिवसीय संगोष्ठी में निर्यात बाजारों से जुड़ने के लिए सहकारी समितियों का मार्गदर्शन, भारतीय कृषि-निर्यात क्षमता और सहकारी समितियों के लिए अवसर सहित अनेक विषयों पर मंथन किया जाएगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सहकारी क्षेत्र में निर्यात के लिए अंब्रेला संगठन के रूप में कार्य करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समिति की स्थापना की आवश्यकता पर जोर देने के पश्चात एनसीईएल अस्तित्व में आया।

# आईपीयू के अधिवेशन में भाग लेने के लिए सांसद वीडी राम अंगोला रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : पलामू सांसद श्री विष्णु दयाल राम अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के लुआंडा (अंगोला) में 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2023 तक आयोजित 147वीं अधिवेशन में भाग लेने के लिए दिल्ली से रवाना हुए।पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए बड़े ही गर्व एवं हर्ष की बात है कि लोकसभा के माननीय अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा सांसद पलामू विष्णु दयाल राम को भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के लुआंडा (अंगोला) में दिनांक 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2023 तक आयोजित 147वीं अधिवेशन के लिए पुनः नामित किया गया है। उक्त अधिवेशन में भारत की ओर से लोकसभा के माननीय अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा सांसद पलामू विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में सांसद लोकसभा श्रीमती अपराजिता सारंगी, डॉ0 सस्मित पात्रा, श्रीमती सुमालता अंबरीश, राज्यसभा सांसद श्री कामाख्या प्रसाद ताशा एवं सुश्री ममता मोहन्ता को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया हैं। सांसद श्री राम उक्त अधिवेशन में भाग लेने के लिए 22 अक्टूबर 2023 को लुआंडा (अंगोला) के लिए दिल्ली से हुए रवाना। अंगोला में विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल उक्त अधिवेशन में भाग ले रहे है। विदित है कि इसके पूर्व में भी माननीय अध्यक्ष लोकसभा के द्वारा भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सांसद पलामू को 142वीं, 143वीं, 144वीं 145वीं एवं



146वीं अधिवेशन के लिए नामित किया गया था। वर्ष 2021 अप्रैल माह में 142वीं अधिवेशन कोविड-19 के कारण वर्चुली मीटिंग हुयी थी जिसमें भाग लिया था, नवंबर 2021 स्पेन में 143वीं, मार्च 2022 बाली इंडोनेशिया में 144वीं, अक्टूबर 2022 रवांडा अफ्रीका में 145वीं एवं मार्च 2023 बहरीन में 146वीं अधिवेशन में भाग ले चुके हैं। लुआंडा (अंगोला) में आयोजित 147वीं अधिवेशन में सतत् विकास पर अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) स्थायी समिति जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

**संप्रभु देशों की सांसदों का अंतरराष्ट्रीय संगठन है आईपीयू** : अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) संप्रभु देशों की सांसदों का अंतरराष्ट्रीय संगठन है। आईपीयू की स्थापना वर्ष 1889 में की गयी थी जिसका उद्देश्य विश्वव्यापी संसदीय परिचर्चा के लिए तथा लोगों के बीच शांति सहयोग और प्रतिनिधिक लोकतंत्र की ठोस स्थापना के लिए कार्य करना। आईपीयू के लगभग 160 देशों के संसद सदस्य हैं जो भिन्न-भिन्न विचारधाराओं, आर्थिक और सामाजिक पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करते है। आईपीयू उन क्षेत्रीय अंतर संसदीय संगठनों तथा अंतरराष्ट्रीय अंतर सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से भी कार्य करता है, जो सामान विचारधाराओं द्वारा अभी प्रेरित है। आईपीयू का अधिवेशन वर्ष में दो बार मार्च-अप्रैल एवं अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित किया जाता है जिनमें वर्तमान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाती है।उक्त अधिवेशन में भाग लेने हेतु यह अवसर प्रदान करने के लिए सांसद राम ने देश के यशस्वी पीएम नरेन्द्र मोदी एवं अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला जी के प्रति आभार प्रकट किया है।

# एसएसपी परिवार संग पहुंचे भवानीपुर दुर्गा पूजा पंडाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा भवानीपुर मैदान मे श्रद्धालुओं के लिए भवानीपुर दुर्गा पूजा समिति ने इस बार डर हाउस(भूतिया घर) का निर्माण किया है जिसके अंदर गुफा पार करते हुए भक्त मां दुर्गा का दर्शन कर रहे है। इसी क्रम मे रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा अपने परिवार के साथ डोरंडा के भवानीपुर पंडाल का उद्घाटन और मां दुर्गा का दर्शन करने पहुंचे। मौके पर कमिटी ने रांची एसएसपी और उनके परिवार के सभी सदस्यों को बुके, चुनरी,माला और शॉल उड़ा कर सम्मानित किया। उसके बाद उन्होंने पंडाल का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया और मां दुर्गा का दर्शन किया और सुख समृद्धि एवम राज्य की तरक्की और शांति का मां दुर्गा से आर्शीवाद मांगा।

मौके पर कमिटी के मुख्य संरक्षक रांची के पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शहदेव, वरिष्ठ कांग्रेसी संजय पांडे, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत,कमिटी के अध्यक्ष निक्की वर्मा, विक्की वर्मा,गौतम उपाध्याय, नवीन मल्होत्रा, गौतम मिश्रा, रणधीर सिंह, ज्वाला सिंह, राहुल झा, पूनम देवी बिमला देवी आदि मौजूद थे।

# ऐतिहासिक होगा रावण वध : झूलन राम

*** मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरुणा शंकर होंगी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : 28 वर्षो से चल रहा रावण वध कार्यक्रम के अध्यक्ष झूलन राम ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री चंद्रशेखर आजाद क्लब द्वारा रावण वध का कार्यक्रम दिनांक 24 तारीख संध्या 6⁼ 30 बजे शिवाजी मैदान में आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि नगर निगम की प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, विवेक भवानी सिंह ,प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह एवं वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में चेंबर के सभी पदाधिकारी तथा प्रथम पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। आप सभी महानुभावों से अनुरोध है कि इस समय पर आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष सोमनाथ प्रसाद, दीपक वर्मा,लड्डू पासवान,शंभू पासवान, विकास मालाकार ,रंजन सोनी एवं साथी गण लगे हुए हैं। कार्यक्रम से पूर्व शहर के चर्चित भजन गायक राम और श्याम के भजन का भी आयोजन किया गया है।

# पर्यावरणविद कौशल ने हजारों श्रद्धालुओं को दिया पौधा व कलश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** जिले के छतरपुर पूर्वी के विभिन्न पूजा पंडालों से निकले करीब दर्जनभर कलश यात्रा में जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने 500 पौधा कलश यात्रियों के बीच वितरित किया।वहीं कलश यात्रा में शामिल कन्याओं का पांव पूजन कर जल यात्रा की शुरुआत की।श्रद्धालु भक्तों के बीच पौधा कलश प्रदान करते हुए पर्यावरणविद ने

कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है इसलिए वे लोगों के बीच फलदार पौधों का निःशुल्क वितरित किया। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा है कि धर्म से आया हुआ धन टिकाऊ होता है



और अवैध तरीके अपनाकर कमाया हुआ धन से क्षणिक सुख की प्राप्ति तो होती है लेकिन आने वाली पीढ़ी को उसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है।उन्होंने कहा कि लोगों को अपने धर्मों के साथ दूसरे धर्मों का भी सम्मान करना चाहिए। इससे सामाजिक संतुलन बना रहता है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष नवरात्र में लोग घर परिवार की सुख समृद्धि व आत्मा की शांति के लिए कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी देना चाहिए है।तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा करने की सार्थकता बनी रहेगी।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि पहले की तरह इस वर्ष भी पूरे नवरात्र में प्रकृति कलश यात्रा के तहत करीब 6 जिलों में लगभग पांच हजार कन्याओं को पौधा पानी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।कलश स्थापना के दिन से पलामू, गढ़वा लातेहार जिले के अलावे उत्तर प्रदेश,छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश राज्य के कई विद्यालयों में जाकर न सिर्फ पौधरोपण किया बल्कि शनिवार को अपने जन्मभूमि छतरपुर के रुदवा,चीरू, सुंगरी, चराई,केरकीकुटीया, विषयपुर,करमा बाजार और सहरसवा के कलश यात्रियों को पौधा पानी उपलब्ध कराया। प्रकृति कलश यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में चिरू पंचायत के मुखिया पति प्रमोद यादव,सचिन कुमार पांडेय, मूनकेरी के पूर्व मुखिया दशरथ प्रसाद, रंजीत जायसवाल,बसंत विश्वकर्मा, नंदू विश्वकर्मा,मुरली प्रसाद, सुभाष गुप्ता, नरेश यादव,पंकज सिंह, पंकज विश्वकर्मा, मनोज गुप्ता, जितेंद्र यादव, बलराम सिंह, रामजतन यादव, महेंद्र सिंह, संजय यादव,के साथ सैकड़ों लोग शामिल थे।

# भारत ने 20 साल बाद न्यूजीलैंड को विश्व कप में हराया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : भारत ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 5वीं जीत हासिल की। टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में कीवियों पर 20 साल बाद जीत हासिल की है। इससे पहले, 2003 में सेंचुरियन के मैदान पर कीवियों को 7 विकेट से हराया था।

इस जीत से भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई। अब टीम इंडिया के खाते में 5 मैचों के बाद 10 अंक हो गए हैं। ऐसे में भारत के टॉप-4 में पहुंचने की संभावनाएं मजबूत हो गई हैं। टीम को अब 4 में से 2 ही मैच जीतने होंगे। धर्मशाला के मैदान पर रविवार को भारत ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 273 रन पर ऑलआउट



हो गई। 274 का टारगेट भारतीय टीम ने 48 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 104 बॉल पर 95 रन की पारी खेली, जबकि मोहम्मद शमी ने 5 विकेट चटकाए। शमी प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

**चेज मास्टर कोहली ने बनाए 95 रन, 3 फिफ्टी पार्टनरशिप कर जीत तक पहुंचाया**

दिग्गज विराट कोहली ने एक बार फिर टीम इंडिया को रन चेज में जीत दिलाई। वह 95 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन उनके आउट होने के बाद टीम को 14 बॉल पर महज 5 रन चाहिए थे। टीम ने 2 गेंद पर ही 5 रन बना लिए और टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। कोहली ने अपनी पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाने के साथ 43 सिंगल और 4 डबल भी दौड़े। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 52, केएल राहुल के साथ 54 और रवींद्र जडेजा के साथ 78 रन की बेहद अहम साझेदारियां कीं। इन साझेदारियों के सहारे टीम इंडिया चेज में कहीं पीछे नहीं छूटी।

**कोहली ने अय्यर-राहुल और जडेजा के साथ अहम साझेदारियां की**

70 से 80 के टीम स्कोर के बीच में रोहित और गिल के विकेट गंवाने के बाद टीम इंडिया थोड़े दबाव में थी। ऐसे में विराट कोहली ने 3 अर्धशतकीय साझेदारियां कर भारत को मुकाबले में बनाए रखा।

# हुसैनाबाद : पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद** : महाअष्टमी को लेकर सुबह से ही हुसैनाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे हैं।शहर के महाबीर जी भवन, स्टेशन रोड,दुर्गा बाड़ी, चार धाम,पटेल नगर,जपला चौबे समेत कई स्थानों पर पूजा कमिटी द्वारा भव्य पंडाल बनाए गए हैं। वही ग्रामीण क्षेत्र पथरा,चनकार कस्तूरी, अलीनगर,झारहा,कुड़वा कला,दंगवार,देवरी,झरगड़ा,ऊपरी,लंगरकोट,महुदण्ड समेत कई स्थानों पर पूजा पंडालों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। महा अष्टमी के दिन लोग व्रत रखते हैं। जो 9 दिन तक उपवास नहीं करते। वे एकम यानी पहले और अष्टमी के दिन उपवास करते हैं।

इस दौरान हुसैनाबाद बिधायक कमलेश कुमार सिंह,पूर्व बिधायक संजय कुमार सिंह यादव,भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह,कर्नल संजय सिंह,कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी ,निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार,समाजसेवी पवन चौधरी आदि ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। दुर्गा पूजा पंडालों के आस-पास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालु पंडालों में देवी के दर्शन के लिए उमड़ पड़े हैं।इस बीच स्टेशन रोड युवा बाल संघ के अध्यक्ष रामलाल साव,सचिव रवि यादव,संरक्षक राजेश्वर सिंह,महाबीर भवन पूजा समिति के अध्यक्ष मिंटू अग्रवाल,सचिव संतोष गुप्ता,चार धाम पूजा कमिटी के अध्यक्ष राजकुमार,सचिव संजीत कुमार,दुर्गा बाड़ी समिति के अध्यक्ष अजय सिंह,सचिव पंकज विश्वकर्मा,पटेल नगर पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार राज समेत सभी पूजा कमिटी के लोग सक्रिय रहें।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आएंगे प्रधानमंत्री समेत सभी प्रदेशों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**अयोध्या** : श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर निर्माणाधीन राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा चारों शंकराचार्य शामिल होंगे। देशभर के विभिन्न मत पंथों के करीब चार हजार साधु संत, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े करीब 10 हजार अति विशिष्ट अतिथि इस पल के साक्षी बनेंगे।मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का देश-दुनिया में लाइव प्रसारण किया जायेगा। इसकी व्यवस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रहेगी। इस दौरान अयोध्या आने वाले अतिथियों के ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की जा रही है।

**सभी प्रदेशों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा आमंत्रण**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से भारत के सभी प्रदेशों के राज्यपाल व मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण भेजा जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी खेलों के बड़े खिलाड़ी, प्रख्यात साहित्यकार, वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकारों को आमंत्रित किया जाएगा। 1990 की कारसेवा में बलिदानी हुतात्माओं के परिजनों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में विदेशों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे।

**अयोध्या के तीन स्थानों पर बन रही टेंट सिटी**

श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से शामिल होने आ रहे विशिष्ट अतिथियों के ठहरने के लिए अयोध्या के तीन स्थानों पर टेंट सिटी बनाई जा रही है। इसमें कारसेवक पुरम में निर्मित टेंट सिटी में 200, बाग विदेशी में बनने वाली टेंट सिटी में दो हजार व छोटी छावनी के प्राकृतिक



चिकित्सालय में बनने वाली टेंट सिटी में 200 कमरे बनेंगे। वहीं वीवीआईपी के लिए 200 कमरे और अन्य अतिथियों के ठहरने के लिए 800 कमरे होटलों में बुक कर दिये गये हैं। इन अतिथियों को लाने ले जाने व अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए विश्व हिन्दू परिषद के करीब 500 कार्यकर्ताओं को लगाया जाएगा।

**हर हिन्दू घर में आमंत्रण के साथ भेजा जाएगा राम मंदिर का चित्र**

विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री राजेश ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण प्रत्येक हिन्दू घर में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता श्रीराम जन्मभूमि से पूजित हल्दी व अक्षत, राम मंदिर का चित्र व निवेदन पत्र लेकर हर घर में जाएंगे और अयोध्या आने का आमंत्रण देंगे। यह अभियान 01 जनवरी से 15 जनवरी तक सारे देश में चलेगा। प्रान्त संगठन मंत्री ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को देशभर के सभी मंदिरों में सुन्दर काण्ड व हनुमान चालीसा का पाठ होगा। वहीं मंदिर पर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण भी श्रद्धालुओं को दिखाया जाएगा।

**पूरे फरवरी माह चलेगा दर्शन का क्रम**

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामलला के दर्शन का क्रम 26 जनवरी 2024 से लेकर पूरे फरवरी माह चलेगा। दर्शन की अवधि में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रान्त के अनुसार तय तिथि को दर्शन होंगे। सभी प्रान्तों के रामभक्तों को दर्शन के लिए एक-एक दिन मिलेंगे। इस दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के भोजन के लिए 13 स्थानों पर रसोई चलेगी।